संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, शनिवार, 02 सितंबर 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 | वर्ष: 17 अंक: 233 पृष्ठ: 12 | RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ कार्यक्रम में शामिल हुए।

GOVT. OF PUNJAB

Punjab Land of Unlimited Opportunities

# 76 और नये आम आदमी क्लीनिक

## 1 साल में

659 क्लीनिक

38 डायग्नोस्टिक टेस्ट

80 प्रकार की दवाइयाँ

44 लाख से अधिक लाभार्थी







"पंजाब की जनता के स्वास्थ्य के लिए किये गए मुफ्त और बेहतर इलाज के वादे को हमने पूरा करके दिखाया है। हम चाहते हैं कि पंजाब का हर व्यक्ति पूरी तरह स्वस्थ रहे और पंजाब और देश की तरक्की में योगदान देता रहे।"

भगवंत सिंह मान
मुख्यमंत्री, पंजाब



स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, पंजाब

संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, शनिवार, 02 सितंबर 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



सूर्य मिशन आदित्य एल-1 के लिए काउंटडाउन शुरू हो चुका है। इसरो भ्सौर मिशन आदित्य एल-1 2 सितंबर को सुबह 11 बजकर 50 मिनट पर लॉन्च करेगा।


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 17 अंक: 233 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group


## फास्ट न्यूज

### चंद्रयान-3 ने चंद्रमा की सतह पर भूकंप रिकॉर्ड किया

**टीम एक्शन इंडिया/बेंगलुरु**
**चंद्रयान-3** का लैंडर और रोवर चंद्रमा के साउथ पोल पर अब तक सल्फर, एल्युमीनियम, कैल्शियम, आयरन, क्रोमियम, टाइटेनियम, मैगनीज, सिलिकॉन और ऑक्सीजन की मौजूदगी का पता लग चुका है। हाइड्रोजन की खोज जारी है। 23 सितंबर को चंद्रमा पर लैंडिंग के बाद विक्रम लैंडर और प्रज्ञान रोवर धरती पर रोज नई-नई जानकारी भेज रहे हैं। 31 अगस्त को इसरो ने बताया कि चंद्रयान-3 के विक्रम लैंडर पर लगे इंस्ट्रूमेंट ऑफ लूनर सीस्मिक एक्टिविटी पेलोड ने चंद्रमा की सतह पर भूकंप की प्राकृतिक घटना को रिकॉर्ड किया है। ये भूकंप 26 अगस्त को आया था। इसरो ने बताया कि भूकंप के सोर्स की जांच जारी है। इसरो ने सोशल मीडिया पर बताया- चंद्रयान-3 के लैंडर पर लगा पेलोड माइक्रो इलेक्ट्रो मैकेनिकल सिस्टम्स टेक्नोलॉजी पर आधारित है। ये पहली बार है जब चांद की सतह पर ऐसा इंस्ट्रूमेंट भेजा गया है। रोवर और अन्य पेलोड के चलने से चांद पर होने वाने कंपन को इस इंस्ट्रूमेंट ने रिकॉर्ड किया है। छह हाई-सेंसिटिविटी एक्सेलोमीटर्स का एक क्लस्टर है। इन एक्सेलोमीटर्स को सिलिकॉन माइक्रोमशीनिंग प्रोसेस की मदद से भारत में ही बनाया गया है। इसके कोर सेंसिंग एलिमेंट में स्प्रिंग मास सिस्टम है जिसमें कोम्ब-स्ट्रक्चर वाले इलेक्ट्रोड लगे हैं। बाहरी कंपन की वजह से स्प्रिंग में हलचल होती है, जिससे उसके इलेक्ट्रिकल चार्ज को स्टोर करने की कैपेसिटी में बदलाव होता है। ये चार्ज वोल्टेज में परिवर्तित होता है।

### मुंबई में लॉन्च हुआ वॉरशिप आईएनएस महेंद्रगिरि

**टीम एक्शन इंडिया/मुंबई/नई दिल्ली**
**आईएनएस** महेंद्रगिरि 'प्रोजेक्ट 17 अल्फा' के तहत बनने वाले 7 जहाजों में से आखिरी जहाज है। इसे मुंबई में मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड में आज लॉन्च किया जाएगा। भारतीय नौसेना का जंगी जहाज आईएनएस महेंद्रगिरि यानी 1 सितंबर को मुंबई में लॉन्च किया गया। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की पत्नी सुदेश धनखड़ ने मुंबई में मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड में इसे लॉन्च किया। लॉन्च समारोह में उपराष्ट्रपति धनखड़ मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए।

# एक देश एक चुनाव: कमेटी गठित

● पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद अध्यक्ष होंगे, कांग्रेस का सवाल- सरकार को अचानक इसकी जरूरत क्यों पड़ी

**रायशुमारी होगी**

**केंद्र की बनाई कमेटी एक देश एक चुनाव के कानूनी पहलुओं पर गौर करेगी**



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**'एक** देश-एक चुनाव' पर केंद्र सरकार ने कमेटी बना दी है। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को इसका अध्यक्ष बनाया गया है। केंद्र सरकार ने 18 सितंबर से 22 सितंबर तक संसद का विशेष सत्र बुलाया है। संभव है कि एक देश एक चुनाव पर सरकार बिल भी ला सकती है। केंद्र की बनाई कमेटी एक देश एक चुनाव के कानूनी पहलुओं पर गौर करेगी। साथ ही इसके लिए आम लोगों से भी राय लेगी। इस बीच, भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा कोविंद से मिलने उनके आवास पर पहुंचे। हालांकि, इस मुलाकात की वजह सामने नहीं आई है। सरकार की इस पहल पर लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि आखिर एक देश एक चुनाव की सरकार को अचानक जरूरत क्यों पड़ गई। वहीं कांग्रेस नेता और छत्तीसगढ़ के डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने कहा- व्यक्तिगत तौर पर मैं एक देश एक चुनाव का स्वागत करता हूं। यह नया नहीं, पुराना ही आइडिया है। इस बीच, संसदीय कार्य मंत्री, प्रह्लाद जोशी ने कहा, 'अभी तो समिति बनी है, इतना घबराने की बात क्या है? समिति की रिपोर्ट आएगी, फिर पब्लिक डोमेन में चर्चा होगी। संसद में चर्चा होगी। बस समिति बनाई गई है, इसका अर्थ यह नहीं है कि यह कल से ही हो जाएगा।'

**विपक्ष बोला- सरकार को पहले भरोसे में लेना चाहिए था:** शिवसेना (उद्धव गुट) के सांसद संजय राउत ने कहा कि बीजेपी इंडिया से डरी हुई है। वन नेशन, वन इलेक्शन को मुद्दों से ध्यान हटाने के लिए लाया जा रहा है। वहीं सपा नेता राम गोपाल यादव ने कहा कि संसदीय व्यवस्था की सारी मान्यताओं को यह सरकार तोड़ रही है। अगर विशेष सत्र बुलाना था तो सरकार को सभी विपक्षी पार्टियों से कम से कम अनौपचारिक तौर पर बात करनी चाहिए थी।

### वन नेशन-वन इलेक्शन के समर्थन में मोदी

**मई** 2014 में जब केंद्र में मोदी सरकार आई, तो कुछ समय बाद ही एक देश और एक चुनाव को लेकर बहस शुरू हो गई। मोदी कई बार वन नेशन-वन इलेक्शन की वकालत कर चुके हैं। संविधान दिवस के मौके पर एक बार प्रधानमंत्री मोदी ने कहा- आज एक देश-एक चुनाव सिर्फ बहस का मुद्दा नहीं रहा। ये भारत की जरूरत है। इसलिए इस मसले पर गहन विचार-विमर्श और अध्ययन किया जाना चाहिए।

### एक दिन पहले विशेष सत्र बुलाने की घोषणा

**एक** देश एक चुनाव की चर्चा के बीच एक दिन पहले केंद्र सरकार ने संसद का विशेष सत्र बुलाने की घोषणा की। संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए बताया- 18 से 22 सितंबर तक दोनों सदनों का विशेष सत्र रहेगा। यह 17वीं लोकसभा का 13वां और राज्यसभा का 261वां सत्र होगा। इसमें 5 बैठकें होंगी। जोशी ने यह भी कहा कि सत्र बुलाने के पीछे कोई एजेंडा नहीं है। उन्होंने जानकारी के साथ पुराने संसद भवन की फोटो शेयर की है।

## इंडिया की कोऑर्डिनेशन कमेटी में 14 मेंबर होंगे

**टीम एक्शन इंडिया/मुंबई**
**विपक्षी** दलों के इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल अलायंस (इंडिया) की तीसरी बैठक मुंबई में हुई। मीटिंग के दूसरे दिन 1 सितंबर को गठबंधन ने 13 मेंबर की कोऑर्डिनेशन कमेटी का ऐलान किया। बाद में कहा गया कि कमेटी में CPI(M) के मेंबर का नाम भी जोड़ा जाएगा। इसके बाद इस कमेटी में 14 मेंबर हो जाएंगे। अगली मीटिंग (चौथी) दिल्ली में होगी। विपक्ष की मीटिंग खत्म होने के बाद दोपहर साढ़े तीन बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस हुई। इसमें लालू प्रसाद यादव ने कहा- हमने संकल्प लिया है कि मोदी जी को हराकर ही दम लेंगे।

**बैठक में 3 प्रस्ताव पास किए गए:** हम अगले लोकसभा चुनाव जहां तक संभव हो मिलकर लड़ने का संकल्प लेते हैं। राज्यों में सीट बंटवारे की व्यवस्था तुरंत शुरू की जाएगी।




सार्वजनिक चिंता और महत्व के मुद्दों पर देशभर में जल्द से जल्द सार्वजनिक रैलियां करेंगे।
प्रेस कॉन्फ्रेंस में उद्धव ठाकरे ने कहा कि देशभर में हम गठबंधन की रैलियां करेंगे। जुड़ेगा भारत, जीतेगा इंडिया थीम तय हुई है। कोऑर्डिनेशन कमेटी बनाई गई है। हम सबने तय किया है कि आने वाले चुनाव में तानाशाही, जुमलेबाजों और भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ेंगे।हमने सुना था- सबका साथ, सबका विकास। चुनाव जीतने के बाद मित्रों को लात और अपना विकास हुआ। हमारी एकता से विरोधियों में घबराहट है। हम मित्र परिवारवाद के खिलाफ लड़ेंगे।

## मणिपुर में थम नहीं रही हिंसा, जवान मुस्तैद



**टीम एक्शन इंडिया/इंफाल**
**मणिपुर** एक बार फिर सुलग उठा है। चूराचांदपुर और बिष्णुपुर जिलों के बॉर्डर बफर जोन में 29 अगस्त से शुरू हुई हिंसा अब भी जारी है। तीन दिनों में आठ लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 18 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। खोइरनटक, चिंगपेई, खोशुबंग और नारायनसेना में मैतेई और कुकी हमलावरों के बीच मोर्टार हमलों और फायरिंग से पांच लोगों की मौत हो गई। मृतकों में मणिपुर के चर्चित कुकी गायक मंगबोई लुंगडिम भी हैं, जिन्होंने मई में हिंसा भड़कने के बाद आई गम हिलौ हैम (क्या यह हमारी भूमि नहीं) गीत लिखा और गाया था। वहीं, आदिवासी संगठन आईटीएलएफ ने चूराचांदपुर में बंद का ऐलान किया है। हिंसाग्रस्त चूराचांदपुर और बिष्णुपुर में आर्मी को तैनात किया गया है। अभी यहां के बफर जोन में सीआरपीएफ और असम राइफल्स तैनात थी। आर्मी का कहना है कि हिंसाग्रस्त इलाकों में महिला संगठन उन्हें आगे जाने नहीं दे रही हैं।

**सुलग रहा**

**मणिपुर में तीन दिनों से हिंसा जारी, 8 की मौतस 18 गंभीर रूप से घायल, चूराचांदपुर में बंद का ऐलान, आर्मी तैनात**

## अवैध शादी में जन्मी संतान वैध: सुप्रीम कोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**सुप्रीम** कोर्ट ने शुक्रवार 1 सितबंर को कहा कि किसी भी अवैध शादी से जन्मी संतान का उनके माता-पिता की अर्जित और पैतृक प्रॉपर्टी में अधिकार होगा। सुप्रीम कोर्ट ने अवैध शादी से जन्मे बच्चों को वैध बताया और कहा कि अवैध शादी से जन्मी संतान का माता-पिता की संपत्ति पर उनका उतना ही अधिकार है, जितना की वैध शादी में दंपती के बच्चे का होता है। हिंदू सक्सेशन लॉ के आधार पर ऐसे बच्चे माता-पिता की संपत्ति पर अपना दावा कर सकते हैं। ऐसे मामलों में बेटियां भी प्रॉपर्टी पर दावा कर सकती है। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि हमने दो निष्कर्ष तैयार किए हैं। कानूनी रूप से अमान्य शून्य विवाह में जन्मे बच्चे को वैध माना जाएगा। वहीं, कानूनी रूप से वैध मानी जाने वाली शून्यकरणीय विवाह में डिक्री मिलने से पहले जन्मी संतान को वैध माना जाएगा। अवैध शादी से पैदा हुई एक महिला ने साल 2011 में सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर हिंदू विवाह अधिनियम, धारा 16(3) को चुनौती दी थी।



**फैसला**

**किसी भी अवैध शादी से जन्मी संतान का उनके माता-पिता की अर्जित और पैतृक प्रॉपर्टी में अधिकार होगा**

### रेलवे बोर्ड की पहली महिला चेयरपर्सन बनीं जया सिन्हा, पदभार संभाला

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**रेलवे** बोर्ड की पहली चेयरपर्सन जया वर्मा सिन्हा ने शुक्रवार को पदभार संभाल लिया। उन्होंने अनिल कुमार लाहोटी की जगह ली। रेलवे बोर्ड के 166 साल के इतिहास में यह पहली बार है, जब किसी महिला को बोर्ड का चेयरपर्सन और सीईओ नियुक्त किया गया है। सिन्हा इससे पहले रेलवे बोर्ड में ऑपरेशन और बिजनेस डेवलपमेंट की सदस्य रह चुकी हैं।

### जीएसटी राजस्व में 11 प्रतिशत का इजाफा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**देश** के जीएसटी राजस्व में सालाना आधार पर मजबूत वृद्धि दर्ज की गई है। अगस्त में भारत का जीएसटी संग्रह 1.60 लाख करोड़ रुपये रहा, जो एक साल पहले की तुलना में 11 प्रतिशत अधिक है। राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा ने शुक्रवार को वार्षिक वस्तु व सेवा कर संग्रह की जानकारी दी। सरकार ने पिछले साल अगस्त महीने में वस्तु और सेवा कर के रूप में 1.44 लाख करोड़ रुपये (17.41 अरब डॉलर) जुटाए थे। मल्होत्रा ने कहा कि जून तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत थी और सांकेतिक रूप से इसमें 8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। जून तिमाही के दौरान जीएसटी राजस्व में 11 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई। यह कर-जीडीपी अनुपात 1.33 से अधिक है।
जीएसटी पुरस्कार योजना 'मेरा बिल, मेरा अधिकार' शुक्रवार को छह राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में शुरू की गई। केंद्र और राज्यों ने चालू वित्त वर्ष में पुरस्कार राशि के लिए 30 करोड़ रुपये का कोष तय किया है।
हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यन्त चौटाला ने कहा कि योजना के लिए मोबाइल ऐप को अब तक 50,000 से अधिक लोगों ने डाउनलोड किया है।

## 122 साल बाद अगस्त सबसे सूखा रहा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**देश** भर में अगस्त 2023 करीब 122 साल बाद सबसे सूखा और गर्म महीना रहा। इस महीने सामान्य की तुलना में 36% कम बारिश हुई। मौसम विभाग के मुताबिक, साल 1901 में इससे कम बारिश हुई थी। अगस्त की सामान्य बारिश 254.9 मिमी है, लेकिन इस बार केवल 161.7 मिमी बारिश हुई। भारत में अभी तक सबसे सूखा अगस्त महीना 2005 का रहा था, जब केवल 191.2 मिमि बारिश हुई थी। यह सामान्य से 25% कम थी। इस साल अगस्त में कम बारिश होने का नतीजा यह है कि मानसून सीजन के 3 महीने बीतने पर भी बारिश सामान्य से 10% कम है। जबकि जुलाई खत्म होने पर सीजन की बारिश 5% ज्यादा थी। वहीं, आईएमडी के मुताबिक, सितंबर में बारिश सामान्य रहने के आसार हैं। अगस्त से बेहतर स्थिति देखने को मिल सकती है। आईएमडी के महानिदेशक डॉ. मृत्युंजय महापात्र ने बताया कि बारिश का सामान्य आंकड़ा निचले स्तर पर ही रहने की आशंका है। ऐसा इसलिए क्योंकि सितंबर में मानसून के समाप्त होने तक अल-नीनो हावी रहेगा। उन्होंने बताया कि सितंबर में देशभर में तापमान भी सामान्य से अधिक रहने के आसार हैं।



**समन जारी** सीएम हेमंत सोरेन की ओर से सुप्रीम कोर्ट जाने के बाद अब ईडी भी सुप्रीम कोर्ट पहुंची

## सीएम हेमंत को ईडी ने जारी किया तीसरा नोटिस

**टीम एक्शन इंडिया/रांची**
**झारखंड** में जमीन घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को तीसरी बार नोटिस जारी किया है। ईडी 9 सितंबर को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पूछताछ के लिए बुलाया है। ध्यान रहे कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इस वक्त मुंबई में हैं। हेमंत सोरेन इंडिया की बैठक में शामिल होने के लिए गुरुवार की शाम मुंबई पहुंचे। उनके साथ उनकी पत्नी कल्पना सोरेन भी हैं। इस बैठक में विपक्ष के कई दिग्गज शामिल हैं। मुख्यमंत्री पहले ही ईडी की दो बार की नोटिस के बाद सुप्रीम कोर्ट पहुंचे हैं। ऐसे में तीसरी बार की नोटिस के बाद क्या मुख्यमंत्री ईडी कार्यालय पहुंचेंगे और पूछताछ में सहयोग करेंगे, यह बड़ा सवाल है।

**ईडी भी पहुंची है सुप्रीम कोर्ट:** ईडी ने इससे पहले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को दो बार नोटिस जारी किया है। यह तीसरी बार है जब हेमंत सोरेन को नोटिस जारी हुआ है। पिछले दो बार सीएम हेमंत सोरेन पूछताछ में शामिल होने नहीं पहुंचे। ईडी के पहले नोटिस का जवाब देते हुए सीएम ने समन को पूर्वाग्रह से ग्रसित बताया था। दूसरे नोटिस के जवाब में उन्होंने सुप्रीम कोर्ट जाने की बात कही। सीएम हेमंत सोरेन की ओर से सुप्रीम कोर्ट जाने के बाद अब ईडी भी सुप्रीम कोर्ट पहुंची है। सूचना है कि ईडी की ओर से सुप्रीम कोर्ट में कैवियट फाइल की गयी है। हालांकि अभी सुनवाई की तारीख तय नहीं हुई है। सीएम हेमंत सोरेन ने जो याचिका सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की है, उसमें उन्होंने न्याय एवं कानून मंत्रालय और ईडी निदेशालय को प्रतिवादी बनाया है।






# जीवीएम के रोट्रैक्ट क्लब की प्रेजीडेंट बनी बीकॉम ऑनर्स द्वितीय वर्ष की छात्रा कशिश

## जीवीएम में हुआ रोट्रैक्ट इंस्टालेशन सेरेमनी का आयोजन, पदाधिकारियों व सदस्यों ने ली शपथ

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**जीवीएम** गर्ल्ज कालेज में रोट्रैक्ट इंस्टालेशन सेरेमनी का आयोजन करते हुए रोट्रैक्ट क्लब की टीम का चयन किया गया, जिसमें बीकॉम ऑनर्स द्वितीय वर्ष की छात्रा कशिश को प्रेजीडेंट के रूप में चुना गया। प्राचार्या डा. रेनू भाटिया ने कशिश को बैज पहनाकर कार्यभार सौंपते हुए बधाई दी। इस दौरान संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व राजेश रेलन और रोटरी क्लब के पदाधिकारियों ने भी नव चयनित टीम को बधाई दी। जीवीएम के रोट्रैक्ट क्लब की संयोजक प्राध्यापिका वंदना सचदेवा ने बताया कि सर्वसम्मति से रोट्रैक्ट क्लब की नई टीम का गठन किया गया है। कशिश को प्रेजीडेंट, बीकॉम ऑनर्स तृतीय वर्ष की छात्रा एन्नी को वाइस-प्रेजीडेंट, बीकॉम ऑनर्स तृतीय वर्ष की जान्हवी को कोषाध्यक्ष तथा बीकॉम ऑनर्स प्रथम वर्ष की युक्ति को सचिव और



बीकॉम ऑनर्स प्रथम वर्ष की दीपिका को संयुक्त सचिव के रूप में नियुक्त किया गया। इनके साथ ही रोट्रैक्ट क्लब के डायरेक्टर्स का चयन भी किया गया। निदेशक मंडल में बीकॉम ऑनर्स तृतीय वर्ष की श्रुति, नीरज, शिखा व खुशी और एमकॉम उत्तरार्द्ध की नेहा को शामिल किया गया है। सभी पदाधिकारियों को पद की शपथ भी दिलाई गई। इस दौरान वाइस-प्रेजीडेंट एन्नी ने पावर प्वाईंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से रोट्रैक्ट क्लब की गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने अपनी भविष्य की योजनाओं से भी अवगत करवाया। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में रोटरी क्लब के प्रेजीडेंट रविंद्र भारद्वाज, असिस्टेंट गवर्नर राकेश देवगन, रोट्रैक्ट चेयरमैन आरके सेठ, प्रेजीडेंट इलैक्ट राजीव तनेजा और इंट्रैक्ट चेयरमैन संदीप गिरधर उपस्थित रहे।

सभी ने रोट्रैक्ट क्लब की नई टीम को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि समाजसेवा व नेतृत्व क्षमता को विकसित करने के लिए यह बेहतरीन मंच है।

**जिम्मेदारी**

▶▶ कशिश को प्रेजीडेंट के रूप में चुना गया। प्राचार्या डा. रेनू भाटिया ने कशिश को बैज पहनाकर कार्यभार सौंपते हुए बधाई दी

## नामचर्चा कर राम रहीम का जन्मदिन मनाया

**पानीपत/कमाल हुसैन**
ब्लॉक पानीपत की किला कॉलोनी की साध संगत ने नामचर्चा कर डॉक्टर संत गुरमीत राम रहीम सिंह का अवतार दिवस नामचर्चा कर बड़ी ही धूमधाम से मनाया।नामचर्चा को लेकर साध-संगत में भारी उत्साह देखने को मिला। नामचर्चा में कॉलोनी की साध-संगत ने शिरकत की। नामचर्चा की शुरूआत ब्लॉक प्रेमी सेवक शुशील इन्सां ने धन-धन सतगुरू तेरा ही आसरा के इलाही नारे और पावन एमएसजी भंडारा माह की बधाई के साथ की। तत्पश्चात गौरव गाबा इन्सां ने विनती का भजन बोला। इसके पश्चात कविराज भाइयों ने खुशी प्रथाएं भजन गाकर साध-संगत को मंत्रमुग्ध कर दिया। नामचर्चा में जिम्मेवारों ने पूज्य गुरु संत डॉ. गुरमीत राम रहीम सिंह जी इन्सां द्वारा लोगों का नशा छुड़वाने के लिए शुरू की गई थी।

## समाजसेवी ऋतु मुंजाल ने भाईयों के साथ मिलकर बनाई राखी



**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)** रक्षाबंधन के त्योहार पर बहन ऋतु मुंजाल ने अपने भाई को राखी बांधकर उससे अपनी रक्षा का वचन लिया हैं और बदले में भाई चेतन ने वचन को साक्षी मानते हुए तोहफा दिया। हमेशा अपनी बहन का हर दुःख सुख में साथ दूँगा बहन एक मासी व माँ के समान होती है उनका समान करना मेरा धर्म हैं । इस मौके पर बहन ने अपने भाई की दीर्घायु की कामना करते हुए हमेशा साथ रहने का प्रण लिया। ऋतु मुंजाल अपने भाई बहन व माँ के साथ राखी पर्व मानते हुए लोगों को संदेश देते हुए कहा की आप सभी इस राखी के पावन पर्व को हमेशा मनाते रहें।

# दिल्ली-पंजाब के सीएम कल सर्कल इंचार्जों को शपथ दिलाने पहुंचेंगे भिवानी: जगबीर

## जिला कुरुक्षेत्र के 400 नए पदाधिकारी लेंगे शपथ और आम आदमी पार्टी

**उत्साह**

▶▶ आम आदमी पार्टी बहुत जल्द गांव और बूथ स्तर पर भी कमेटियों का गठन करेगी

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
आम आदमी पार्टी के कुरुक्षेत्र जिला अध्यक्ष जगबीर जोगनाखेड़ा ने अपने कार्यालय में शुक्रवार को पत्रकारवार्ता करते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी हरियाणा में सबसे बड़ा संगठन तैयार करने की रूपरेखा को आगे बढ़ते हुए काम कर रही है। आगामी 3 सितंबर को आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री सरदार भगवंत मान हरियाणा के भिवानी जिले में आ रहे हैं और पार्टी के साथ में जुड़े पदाधिकारी को शपथ दिलाएंगे। इससे प्रदेश भर के आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं और समर्थकों में खुशी की लहर है। इस कार्यक्रम के बाद हर गांव में 11 से 21 सदस्य ग्राम समिति बनाने का अभियान भी चलाया जाएगा। जगबीर ने बताया कि भिवानी की नई अनाज मंडी में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के स्वागत के लिए



प्रदेश अध्यक्ष सुशील गुप्ता और प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा सहित पार्टी के तमाम नेता मौजूद रहेंगे। जिला अध्यक्ष ने बताया कि बुधवार को 1400 पदाधिकारी की घोषणा की गई। जिनमें 1338 सर्किल इंचार्ज नियुक्त किए गए हैं। आम आदमी पार्टी ने 5 वार्ड और पांच गांव पर एक सर्किल इंचार्ज बनाने का काम किया है। उन्होंने बताया कि यह शपथ ग्रहण समारोह अपने आप में ऐतिहासिक होगा।

आम आदमी पार्टी प्रदेश में तेजी के साथ मजबूत संगठन का निर्माण कर रही है। जगबीर ने कहा कि अब तक हरियाणा में 4000 पदाधिकारी की घोषणा हो चुकी है। जिनकी नियुक्तियां तीन चरणों में की गई है। आम आदमी पार्टी में जमीन से जुड़े लोगों को जिम्मेदारी दी जा रही है। वहीं पार्टी हरियाणा में सबसे बड़ा संगठन तैयार कर रही है। जिला अध्यक्ष ने कहा कि आम आदमी पार्टी के संगठन की धीरे-धीरे गांव तक पैंठ बन गई है। जब गांव या सर्कल तक संगठन पहुंचेगा तो उनको अरविंद केजरीवाल शपथ दिलाएंगे। वहीं उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी बहुत जल्द गांव और बूथ स्तर पर भी कमेटियों का गठन करेगी।इस मौके पर कुरुक्षेत्र लोकसभा अध्यक्ष सुमित हिंदुस्तानी,ईश्वर सिंह, पुष्प चौधरी,सरिता पलवल, अमित, अमरीक सिंह,राकेश, सुभाष कसीथल, रामप्रसाद, धर्मेंद्र गोस्वामी, पुष्पराज अग्रवाल सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## 'मानव रक्त नालियों में नहीं, नाड़ियों में बहना चाहिए'

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)** अम्बाला शहर के निरंकारी भवन से मीडिया सहायक नरेंद्र नागी ने बताया की हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी विशाल रक्त दान शिवर कल रामबाग रोड़ स्थित संत निरंकारी भवन में लगाया जाएगा । अधिकतर लोग बढ़चढ़ कर लेगे भाग । 24 अप्रैल 1986 को निरंकारी बाबा हरदेव सिहं जी महाराज ने शहीदों की याद में रक्त दान शिविरों का आयोजन शुरू किया। सन्त निरंकारी मिशन तभी से शहीदों की याद में हर साल पूरे विश्व में रक्त दान शिविरों की श्रृंखला शुरू की जिसमें हर साल सन्त निरंकारी मिशन के लाखों लाखों भाई बहन इसमें अपना भरपूर योगदान देते आ रहें हैं।

# कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर दिया धरना

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**हरियाणा** गर्वनमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन रजिस्टर नंबर 41 कैम्प कार्यालय करनाल मुख्यालय चरखी दादरी संबंधित मंच की शाखा बी एण्ड आर के कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर कार्यकारी अभियंता मण्डल नंबर एक भवन एवं मार्ग शाखा पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस सोनीपत में अनिश्चितकालीन धरना सुबह 11 बजे से दोपहर 02 बजे के बीच शुरू हुआ। धरने की अध्यक्षता ब्रांच प्रधान सतीश कुमार रंगा ने की तथा धरने का संचालन ब्रांच सचिव मोहन सिंह ने किया धरने पर विशेष रूप से प्रदेश प्रेस प्रवक्ता विनोद शर्मा जिला प्रधान विष्णु दत भारद्वाज पहुंचे ब्रांच प्रधान सतीश कुमार ने बताया कि लगभग एक महीना पहले कर्मचारियों की मांगों को लेकर कार्यकारी अभियंता को मांग पत्र दिया



गया था परंतु आज तक कार्यकारी अभियंता द्वारा कर्मचारियों की एक भी मांग पूरी नहीं की और संगठन को लिखित में दोपहर 01 बजे कार्यालय में बातचीत के लिए बुलाया।

परंतु अधिकारी हठधर्मिता तानाशाही दिखाते हुए कार्यालय से नदारद रहा जिससे कर्मचारियों में रोष काफी बढ़ गया। इसलिए संगठन द्वारा फैसला लिया गया कि जब तक कर्मचारियों की मांगों को पूरा नहीं किया जाएगा जब तक धरना जारी रहेगा।

कर्मचारियों की मुख्यतः मांगे कच्चे कर्मचारियों को छः महीने से वेतन नहीं मिलना एलटीसी बिलों का भुगतान नहीं होने बकाया जूते डांगरी रेन कोट साबुन तेल का भुगतान करने सभी कर्मचारियों के पहचान पत्र जारी करने यूनियन कार्यालय रिपेयर करवाना आदि मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरना शुरू हुआ। आज के धरने पर विष्णु दत भारद्वाज सतबीर शर्मा देवेंद्र कुमार राजबीर टांक रणबीर सिंह रामप्रसाद मुकेश दहिया विनोद शर्मा धूप सिंह लाकड़ा सुरेंद्र सिंह अमित कुमार शंभू कुमार दलीप सिंह तेज प्रकाश गौड़ धर्मेन्द्र संजय बेदपाल नरेश कुमार महेंद्र कमला सुनिता जोगिंद्र सुनील भीष्म जगदीश इंद्रजीत आदि मौजूद रहे।

**अनिश्चितकालीन**

▶▶ लगभग एक महीना पहले कर्मचारियों की मांगों को लेकर कार्यकारी अभियंता को मांग पत्र दिया गया था

# जिला स्तरीय निबंध लेखन, पेंटिग प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
2023 को राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद हरियाणा के जनसंख्या शिक्षा विभाग द्वारा जारी किए गए दिशा निर्देशों के तहत जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान बीसवांमील सोनीपत में जिला स्तरीय निबंध लेखन प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता और स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी महावीर सिंह की अध्यक्षता में कार्यक्रम की शुरूआत की गई।जिला संसाधन यूनिट इंचार्ज जगबीर सिंह एवं डाइट प्राध्यापक सुरेंद्र सिंह के नेतृत्व में इस जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। जिसमें जिला सोनीपत के अंतर्गत आने वाले सभी



सात खंडों के कक्षा 6 से 8 प्रथम वर्ग एवं कक्षा 9 से 12 द्वितीय वर्ग के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया, जिन्होंने खंड स्तर पर प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया था ।प्रतियोगिता में लड़का लड़की एक समान,पर्यावरण संरक्षण, मादक पदार्थों के सेवन की रोकथाम,किशोरावस्था के दौरान स्वस्थ, इंटरनेट गैजेट का सुरक्षित उपयोग मीडिया साक्षरता, पौष्टिक भोजन और कल्याण संबंधी विषयों पर विद्यार्थियों ने निबंध लेखन, पोस्टर मेकिंग और स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता में भाग लिया।

प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका में पोस्टर मेकिंग में एबीआरसी मोनिका दहिया, निबंध लेखन में बीआरपी कांता ,पोस्टर मेकिंग में फाइन आर्ट प्राध्यापक सरोज देवी, और रीना ने भूमिका निभाई। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी अब एनसीईआरटी गुरुग्राम में होने वाली प्रतियोगिता में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

## सुरजेवाला के मार्गदर्शन में कर्नाटक में मिला महिलाओं को सम्मान: स्वीटी रंगा



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र /शाहाबाद (दलबीर मलिक)**कांग्रेस नेत्री स्वीटी रंगा नलवी ने गांव मछरोली में हाथ से हाथ जोड़ो प्रोग्राम में महिलाओं से विशेष चर्चा की। स्वीटी रंगा ने महिलाओं से कांग्रेस की नीतियों के बारे में अवगत कराया। उन्होंने कहा कि कर्नाटक में चौधरी रणदीप सिंह सुरजेवाला को प्रभारी बनाया हुआ है। वहां पर कांग्रेस की सरकार बनी है । 100 दिन के अंदर ही कर्नाटक में महिलाओं को मान सम्मान मिला है। प्रत्येक परिवार की महिला मुखिया को ?2000 हर महीने देने की गृह लक्ष्मी योजना लागू की है।

# छात्रों ने गांव में निकाली स्वच्छता जागरूकता जन चेतना रैली

**अभियान**

▶▶ विद्यार्थियों व अध्यापकों ने लोगों को अपने आसपास के एरिया को स्वच्छ रखने के बारे में जागरूक किया

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
**राजकीय** वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हरिपुर के छात्रों ने स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत प्रधानाचार्य बलजीत सिंह जास्ट की अध्यक्षता में गांव में स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली व प्रिंसिपल ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया



जिसमें विद्यार्थियों व अध्यापकों ने गांव में जाकर लोगों को अपने आसपास के एरिया को स्वच्छ रखने के बारे में जागरूक किया ताकि चल रही बीमारियों से बचा जा सके ।बच्चों ने गांव की गलियां बच्चों के नारों से गूंजयमान हो उठी ।उन्होंने यह भी बताया है कि स्वछता हमारे लिए कितनी उपयोगी है ।गांव में जाकर ग्रामवासियों को सूखा कचरा और गीले कचरे के बारे में भी जागरूक किया गया। उनको बताया गया कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है इसलिए हम सब का स्वस्थ रहना अति आवश्यक है। यदि हमारा मन और तन स्वस्थ रहेगा तभी हम एक जिम्मेदार नागरिक बन पाएंगे और इस देश की खुशहाली में अपना योगदान दे पाएंगे क्योंकि स्वस्थ व्यक्ति ही स्वस्थ समाज का निर्माण कर सकता है। सभी ग्राम वासियों ने इस रैली की भूरि भूरि प्रशंसा की व प्रति पुष्टि की है की इस प्रकार की रैलियां से गांव में जागरूकता आती है।

## समाजसेवी संदीप गर्ग ने किसान को भेंट की व्हील चेयर

### किसान सतीश कुमार व उसके परिजनों से समाजसेवी संदीप गर्ग का किया आभार व्यक्त



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र/ बाबैन, (दलबीर मलिक)**
बाबैन में लगभग दो महीने पहले एक किसान सतीश कुमार को बिजली का करंट लग गया था। जिसके कारण उसको कई जगह चोटें, जो दो महीने से उटइ नहीं सकता, उसको शुक्रवार को स्टालवार्ट फांउडेशन के चेयरमैन एवं समाजसेवी संदीप गर्ग ने व्हील चेयर भेंट की ताकि वह घर से बाहर आ-जा सकें और अपने परिवार जनों के साथ बैठकर बात आदि कर सकें।बाबैन वासी विशाल गर्ग ने बताया कि किसान सतीश कुमार के पास जमीन आदि तो नहीं है। परंतु उसने पहली बार मंदिर की जमीन ठकेंके पर ली थी। वह उस जमीन पर कार्य कर रहा था अचानक उसे बिजली का करंट लगा और उस नीचे जमीन पर गिर गया, जिससे कि उसकी पीठ व टांगो आदि पर गहरी चोटें आई और उसके ऑप्रेशन आदि भी हुए। सतीश के पास एक लड़का व एक लड़की है और उसके पास रोजगार करने का कोई और साधन नहीं हैं। शुक्रवार को समाजसेवी संदीप गर्ग ने व्हील चेयर भेंट की। मौके पर पहुंचे समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि सतीश एक मेहनती व्यक्ति है, उसने मेहनत करकर अपने बच्चों को पढ़ाया है। जो उसे यह बिजली का करंट लगा है वह दुख की बात है। वह सतीश व उसके पूरे परिवार के साथ हर समय खड़े है उन्हें कोई भी किसी भी समय जरूरत पड़ी तो वह उस जरूरत को पूरा करने की पूरा प्रयास करेंगे।

# बिमला रानी 30 वर्ष 11 महीने की बेदाग सरकारी सेवा पूरी करके हुई सेवानिवृत

## स्कूल का समस्त स्टाफ बिमला रानी मुख्य अध्यापिका को अपना आदर्श मानता था

**जिम्मेवारी निभाई**

▶▶ बिमला रानी ने मुख्याध्यापिका के पद पर उच्च विद्यालय में केवल मात्र 16 महीने अपनी ड्यूटी पूरे समर्पण भाव के साथ निभाई

**टीम एक्शन इंडिया/ कुरुक्षेत्र ( दलवीर मलिक)** बेदाग सरकारी सेवा पूरी करना एक कर्मचारी के लिए बड़े गौरव की बात होती है। इसी संदर्भ में आज राजकीय उच्च विद्यालय पिंडारसी की मुख्याध्यापिका विमला रानी 30 वर्ष 11 महीने की सेवा पूरी करके सेवानिवृत हुई हैं जोकी उनके स्वंय के लिए और परिवार के लिए बड़े सौभाग्य



की बात है। शनद् रहे की बिमला रानी ने मुख्याध्यापिका के पद पर राजकीय उच्च विद्यालय पिंडारसी में केवल मात्र 16 महीने अपनी ड्यूटी पूरे समर्पण भाव के साथ निभाई जिसका अनुसरण समस्त स्टाफ सदस्यों ने किया। श्रीमती विमला देवी की देखरेख में विद्यालय ने विद्यालय स्टाफ के सहयोग से बहुत तरक्की की जो कि काबिले तारीफ है। श्रीमती विमला रानी की कार्यशाली शैली ऐसी है की आप समस्त स्टाफ सदस्यों को साथ लेकर चलती हैं। स्टाफ सदस्य भी आपका बहुत आदर करते हुए आपको पूरा सहयोग करते हैं ,यह कोई छोटी बात नहीं ।श्रीमती बिमला रानी ने सेवानिवृत्ति के अवसर स्टाफ सदस्यों के सहयोग से विद्यालय में पौधारोपण भी किया। अंत में उन्होंने सभी स्टाफ सदस्यों की मुक्त कंठ से भूरी भूरी प्रशंसा की करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की मंगल कामना की। विद्यालय स्टाफ सदस्यों ने भी मुख्य अध्यापिका श्रीमती बिमला रानी की लंबी आयु और बेहतर स्वास्थ्य की शुभ मंगल कामना की। इस अवसर पर देवेंद्र, विजेंद्र, सुखबीर सहारण, बबीता देवी,गीता, पम्मी देवी, मोनिका मोर उपस्थित रहे।

## जिला स्तरीय विज्ञान संगोष्ठी में विजडम वर्ल्ड स्कूल के अर्पित शर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुरुक्षेत्र के परिसर में जिला स्तरीय विज्ञान संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें खंड स्तर पर प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों ने सहभागिता की। जिला विज्ञान विशेषज्ञ डॉ तरसेम कौशिक ने बताया कि राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् हरियाणा ने शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए विज्ञान संगोष्ठी का विषय श्री अन्न -एक मूल्यवर्धित पौष्टिक अथवा भ्रांति आहार निर्धारित किया था। सर्वप्रथम सभी विद्यार्थियों की लिखित परीक्षा ली गई। तत्पश्चात सभी खंडों से प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों ने सेमिनार प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों ने विजुअल एड्स के माध्यम से श्री अन्न के महत्व को बताया। प्रतियोगिता में विजडम वर्ल्ड स्कूल के अर्पित शर्मा ने प्रथम स्थान तथा शिवम सिंह राठौर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

# जी-20 शिखर सम्मेलन की तैयारी जोरों पर

## 500 सीसीटीवी कैमरों से पूरे लुटियंस जोन पर एनडीएमसी की रहेगी नजर

**मुस्तैद**

**आयोजन स्थल प्रगति मैदान से लुटियंस जोन और आसपास सुरक्षाकर्मियों के कड़े पहरे में**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/दीपचंद्र काण्डपाल**

जी-20 शिखर सम्मेलन में महज अब एक सप्ताह बचे हैं। इससे पहले ही पूरी राजधानी को सजाने और संवारने की जोर-शोर से तैयारी की जा रही है। आयोजन स्थल प्रगति मैदान से लुटियंस जोन और आसपास सुरक्षाकर्मियों के कड़े पहरे में हर लोकेशन पर भी सीसीटीवी कैमरों द्वारा निगहबानी की जा रही है। दिल्ली के होटल में विदेशी डेलिगेट्स और मेहमान ठहरने वाले हैं। आसपास के इलाकों, सड़कों और बाजारों में एनडीएमसी द्वारा लगाए गए 500 सीसीटीवी सर्विलांस कैमरों से निगरानी रखी जा रही है। एनडीएमसी के अधिकारियों के अनुसार नई दिल्ली में एनडीएमसी का एरिया करीब 42.7 वर्ग किलोमीटर का है। इस एरिया में अलग-अलग जगह पर 500 सीसीटीवी सर्विलांस कैमरे लगाए गए हैं। इन कैमरों में कुछ खास कैमरे भी हैं, जो 75 से 360 डिग्री तक घूम सकते हैं। इसके अलावा 225 फिक्स्ड इंफ्रारेड कैमरे लगाए गए हैं, जिनमें रात के समय भी क्लियर तस्वीर कैद हो सकती है। इसके अलावा 125 फिक्स्ड बॉक्स कैमरे और 75 हाई डेफिनेशन कैमरे भी लगाए गए हैं। इनमें 75 कैमरे तो ऐसे हैं जो अलग-अलग ट्रैफिक जंक्शन पर लगाए गए हैं। एनडीएमसी के अधिकारियों का कहना है कि सिर्फ सुरक्षा व्यवस्था को ही मॉनिटर नहीं किया जा रहा बल्कि सिविक फैसिलिटी पर भी कैमरा के माध्यम से नजर रखी जा रही है। कहां-कहां साफ-सफाई हो रही है और किन इलाके में साफ-सफाई नहीं हुई है। ऐसी तमाम सेवाओं और सुविधाओं पर भी नजर रखी जाएगी। इसके अलावा जिन सड़कों की स्ट्रीट लाइट्स नहीं जल रही है, कहां पर फव्वारा नहीं चल रहा है, कहां पेड़-पौधे नहीं लगे हैं। इस पर भी इन कैमरों की नजर रहेगी। रिस्पांस टाइमिंग और भी कम कर दी गई है ताकि जी-20 मीटिंग के दौरान किसी भी काम में कोताही ना बरती जाए।






### सम्मेलन के दौरान खतरा, दिल्ली-पंजाब में घूम रहे हैं पांच खालिस्तानी समर्थक

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान खालिस्तानी आतंकियों का खतरा बना हुआ है। दिल्ली व पंजाब में पांच खालिस्तानी आतंकी घूम रहे हैं। दिल्ली के मेट्रो स्टेशनों पर खालिस्तान समर्थित स्लोगन लिखने वाले खालिस्तान के सात समर्थक थे। इनमें से अभी दो पकड़े गए हैं। ऐसे में सुरक्षा एजेंसियों ने बाकी खालिस्तानी आतंकियों को पकडने के लिए अभियान तेज कर दिया है। इसके चलते दिल्ली पुलिस के सीनियर पुलिस अधिकारियों को मेट्रो स्टेशनों को रात में भी चेकिंग करने के आदेश दिए गए हैं। सीनियर अधिकारी रात में तीन-तीन बार मेट्रो स्टेशनों को चैक करने जाते हैं। दिल्ली पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि दिल्ली के चार मेट्रो व एक स्कूल की दीवार खालिस्तानी समर्थित स्लोगन लिखने वाले आरोपी कुल सात हैं। इन खालिस्तानी समर्थकों ने पांच-छह दिन रैकी थी। इन्होंने देखा था कि मेट्रो स्टेशनों पर सीसीटीवी कैमरे कहां-कहां लगे हैं। एक अन्य पुलिस अधिकारी ने बताया कि मेट्रो स्टेशनों पर लगे सीसीटीवी कैमरों से बचने के लिए इन्होंने मेट्रो स्टेशनों की पिछली साइड में स्लोगन लिखे थे। इसके बावजूद आरोपी सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गए। गिरफ्तार आरोपी प्रीतपाल सिंह ने पूछताछ में बताया है कि उसे गुरपंत सिंह पन्नू ने आदेश दिया था कि जी-20 शिखर सम्मेलन तक कुछ न कुछ गड़बड़ करते रहना हैं। पुलिस ने गिरफ्तार प्रीतपाल सिंह व राजविंदर को देर शाम कोर्ट में पेश किया और पांच दिन का पुलिस रिमांड मांगा है।

# शर्मनाकः 85 वर्षीय बुजुर्ग महिला से दुष्कर्म

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने 85 वर्षीय महिला के साथ दुष्कर्म के मामले में दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया है। आयोग को बताया गया कि 85 साल की महिला दिल्ली के शकुरपुर इलाके की झुग्गी बस्ती में रहती है। वृद्धा ने बताया कि पति की मौत के बाद वह अपनी झुग्गी में अकेली रहती है। उन्होंने बताया कि सुबह करीब 04.00 बजे एक व्यक्ति जबरन उनकी झुग्गी में घुस आया और उनके साथ बलात्कार किया। उन्होंने यह भी कहा कि आरोपी ने उनके चेहरे पर मुक्का मारा, उनके होंठ को ब्लेड से काट दिए और उनका गला घोंटने की कोशिश की। दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने सदस्य वंदना सिंह के साथ वृद्धा से मुलाकात की। महिला गंभीर रूप से घायल है और उनके पूरे चेहरे और प्राइवेट पार्ट्स पर भी चोट के निशान हैं। दिल्ली महिला आयोग अध्यक्ष ने दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी कर मामले में कार्रवाई रिपोर्ट मांगी है। उन्होंने मामले में दर्ज एफआईआर की कॉपी के साथ



**नोटिस जारी**

**आरोपी ने चेहरे पर मुक्का मारा, उनके होंठ को ब्लेड से काट दिए और उनका गला घोंटने की कोशिश की**

मामले में की गई गिरफ्तारियों की जानकारी मांगी है। आयोग ने महिला को सुरक्षा प्रदान करने के लिए दिल्ली पुलिस द्वारा उठाए गए कदमों का विवरण भी मांगा है। आयोग ने दिल्ली पुलिस से आगे पूछा है कि क्या उनके अधिकार क्षेत्र में अकेले रहने वाले बुजुर्गों की एक सूची पुलिस द्वारा रखी गई है और साथ ही उनसे बुजुर्गों की सुरक्षा के लिए उठाए गए कदमों की जानकारी देने को कहा है।

# कुख्यात लुटेरे को पुलिस ने किया गिरफ्तार

## दिल्ली के विवेक विहार का हिस्ट्रीशीटर भी है, यह पहले से 70 से अधिक आपराधिक मामलों में शामिल रहा

**सफलता**

**आरोपित कस्तूरबा नगर, दिल्ली का रहने वाला है और थाना अशोक विहार के मामले सहित 13 मामलों में वांछित है**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

दिल्ली पुलिस अपराध शाखा की टीम ने एक कुख्यात लुटेरे नितिन उर्फ जुगनी को गिरफ्तार किया है। आरोपित कस्तूरबा नगर, शाहदरा, दिल्ली का रहने वाला है और थाना अशोक विहार के मामले सहित 13 मामलों में वांछित है। वह दिल्ली के विवेक विहार का हिस्ट्रीशीटर भी है। यह पहले से 70 से अधिक आपराधिक मामलों में शामिल रहा है। उप्र पुलिस भी इसे ढूंढ़ रही थी। उसके कब्जे से अपराध में इस्तेमाल स्कूटी भी बरामद की गई है। पूछताछ में पुलिस को पता चला कि लगभग 9 साल पहले सुबह की सैर के दौरान एक युवती से दो लड़के उसकी गोल्ड की चेन लूटकर फरार हो गए थे। इस संबंध में थाना अशोक विहार में केस दर्ज किया गया। जांच के दौरान नितिन उर्फ जुगनी को गिरफ्तार कर लिया गया। बाद में जमानत मिलने के बाद जेल में सरेंडर नहीं करने पर पुलिस ने उसे वांछित की लिस्ट में डाल दिया। पूछताछ में नितिन ने खुलासा किया कि वह नशे का आदी है और नशे की लत को पूरा करने के लिए वह अपने साथियों के साथ मिलकर स्नैचिंग और लूट करता था।



# बृजभूषण के सामने महिला पहलवानों ने लगाए संगीन आरोप

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

यौन उत्पीड़न मामले में महिला पहलवानों ने शुक्रवार को राउज एवेन्यू कोर्ट में अपनी दलीलें पेश की। पहलवानों की तरफ से पेश हुई वरिष्ठ अधिवक्ता रेबेका जान ने कहा कि मामले में एक ही प्राथमिकी हुई है, जिसमें सभी शिकायतकर्ताओं ने एक ही प्रकार के आरोप लगाए हैं। महिला पहलवानों का आरोप है कि उनकी अनुमति के बिना भारतीय कुश्ती संघ के निवर्तमान अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह गलत तरीके से छूकर सांस की जांच करता था। ऐसे में आरोपित सांसद के खिलाफ आरोप तय करने के लिए पर्याप्त सुबूत हैं।

# ईवीएम की प्रथम स्तरीय जांच को चुनौती वाली याचिका खारिज

## याचिका में कहा गया था कि दिल्ली में 15 जुलाई से 30 जुलाई तक ईवीएम और वीवीपैट के पहले चरण की जांच तय की गई थी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

दिल्ली हाई कोर्ट ने दिल्ली राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से 2024 लोकसभा चुनाव के लिए दिल्ली के 11 जिलों में ईवीएम और वीवीपैट के प्रथम चरण की जांच को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी है। चीफ जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि प्रथम चरण की जांच के लिए दिए गए दिशा-निर्देश और सुरक्षा पर्याप्त हैं। कोर्ट ने कहा कि प्रथम चरण की जांच में न केवल भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड और इलेक्ट्रॉनिक्स कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के इंजीनियर शामिल होते हैं बल्कि मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी शामिल होते हैं लेकिन दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी इस जांच प्रक्रिया में शामिल नहीं हुई और अब उसे चुनौती दे रही है। इसके पहले हाई कोर्ट ने 25 अगस्त को दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी की याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया था। याचिका में मांग की गई थी कि दिल्ली राज्य निर्वाचन आयोग ईवीएम और वीवीपैट के पहले चरण की जांच दोबारा करे। याचिका में कहा गया था कि राज्य निर्वाचन आयोग ईवीएम और वीवीपैट की जांच से पहले राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को पर्याप्त नोटिस जारी करे ताकि दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी भी इस प्रक्रिया में शामिल हो सके। याचिका में कहा गया था कि दिल्ली में 15 जुलाई से 30 जुलाई तक ईवीएम और वीवीपैट के पहले चरण की जांच तय की गई थी।



**बेंच का फैसला**

**बेंच ने कहा कि प्रथम चरण की जांच के लिए दिए गए दिशा-निर्देश और सुरक्षा पर्याप्त हैं**

इसके लिए 12 और 13 जुलाई को नोटिस जारी किया गया था। उसके बाद 15 जुलाई को दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अधिकृत प्रतिनिधि ने दिल्ली के सभी एसडीएम को पत्र लिखकर पहले चरण की जांच के लिए सभी ईवीएम के सीरियल नंबर और मैन्यूफैक्चरिंग कंपनी की जानकारी मांगी। किसी भी एसडीएम ने ये जानकारी नहीं दी।

# सोने की तस्करी की जांच तेज



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

नेपाल को ट्रांजिट प्वाइंट बनाकर हांगकांग से काठमांडू के रास्ते भारत में सोने की तस्करी किए जाने के मामले की जांच कर रही केन्द्रीय अनुसंधान ब्यूरो (सीआईबी) ने अपनी एक टीम को हांगकांग और एक टीम को नई दिल्ली भेजा है। हांगकांग से सोना भेजने वालों से लेकर दिल्ली में तस्करी का सोना खरीदने तक का कनेक्शन पता लगाने के लिए दो टीमें भेजी गई है। सीआईबी के अतिरिक्त पुलिस महानिरीक्षक (एआईजी) किरण बज्राचार्य ने बताया कि इंटरपोल के जरिए पहले ही हांगकांग और नई दिल्ली में पत्र भेजा जा चुका था। अब वहां की जांच एजेंसियों की मदद से जांच के लिए टीमें भेजी गई हैं। नेपाल पुलिस के प्रवक्ता डीआईजी कुबेर कडायत ने बताया कि सीआईबी के एसएसपी दिनेश राज आचार्य के नेतृत्व में एक टीम को हांगकांग भेजा गया। डीएसपी धर्म भण्डारी को दिल्ली भेजा गया है। हांगकांग में जांच के लिए इंटरपोल की बीजिंग शाखा से मदद ली जा रही है। इस बीच इस मामले में काठमांडू में गिरफ्तार किए गए चीन मूल के नागरिक दावा छिरिंग के एक सहयोगी को भारत से गिरफ्तार कर नेपाल लाया गया है।

**जांच की आंच**

**सोना भेजने वालों से लेकर दिल्ली में तस्करी का सोना खरीदने तक का कनेक्शन पता लगाने के लिए दो टीमें भेजी गई**

# अमेजन मैनेजर हत्याकांड में अब तक चार आरोपी गिरफ्तार, एक अभी भी फरार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

दिल्ली के भजनपुरा इलाके में अमेजन कंपनी के मैनेजर हरप्रीत गिल की हत्या के मामले में पुलिस ने दो और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में पुलिस ने अब तक चार आरोपियों को पकड़ा है, एक आरोपी अभी भी फरार है। जिसकी पुलिस तलाश कर रही है। पुलिस ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों की पहचान सोहेल और जुबैर के रूप में हुई है। पुलिस ने इन आरोपियों को तब पकड़ा जब ये पंजाब भागने की फिराक में थे। इन्हें बुराड़ी से गिरफ्तार किया गया है। वहीं इससे पहले गुरुवार को पुलिस ने बिलाल गनी और मोहम्मद समीर उर्फ माया को गिरफ्तार किया था। मंगलवार रात उत्तर-पूर्वी दिल्ली के भजनपुरा इलाके में थाने से चंद कदमों की दूरी पर बाइक व स्कूटी सवार बदमाशों ने अमेजन के सीनियर मैनेजर और उसके मामा को गोली मार दी थी। गंभीर हालत में मैनेजर हरप्रीत गिल (36) और इनके मामा गोविंद (32) को नजदीकी जग प्रवेश चंद अस्पताल ले जाया गया, जहां हरप्रीत को मृत घोषित कर दिया गया। मामा का इलाज जारी है। पुलिस ने बुधवार को जीटीबी अस्पताल की मोर्चरी में पोस्टमार्टम करवा कर हरप्रीत का शव परिवार को सौंप दिया। हरप्रीत गिल परिवार के साथ गली नंबर-1, सुभाष विहार, भजनपुरा में रहते थे। इनके परिवार में पिता करनैल सिंह, मां स्वर्णदीप कौर और एक छोटा भाई सन्नी गिल है। हरप्रीत पिछले करीब 14 सालों से अमेजन में सीनियर मैनेजर के पद पर तैनात थे। फिलहाल उनकी तैनाती जखीरा स्थित दफ्तर में थी। रिश्ते में हरप्रीत के मामा लगने वाले गोविंद सिंह गली में ही परिवार के साथ रहते हैं। वह भजनपुरा मार्केट में हंग्रीबर्ड के नाम से मोमोज की दुकान चलाते हैं। मंगलवार रात को हरप्रीत अपने दफ्तर से घर आ गए। देर रात करीब 11 बजे दोनों बाइक से किसी काम से निकले। रात करीब 11.45 बजे वापस लौटते समय गली नंबर-8/4 में उनका वहां से स्कूटी व बाइक पर गुजर रहे पांच लड़कों से कुछ विवाद हो गया। बदमाशों ने पिस्टल निकालकर दोनों की कनपटी पर सटाकर गोली मार दी और फरार हो गए। जिला पुलिस उपायुक्त डॉ. जॉय टिर्की का कहना है कि इनसे लूटपाट का प्रयास नहीं किया गया। परिजनों ने लेनदेन और रंजिश की बात से साफ इनकार किया।

**हरप्रीत का हो गया था प्रमोशन, जाना था बेंगलुरुः** हरप्रीत की मौत के बाद से उसके परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मंगलवार को जब परिवार को उसकी हत्या की सूचना मिली तो घर में कोहराम मच गया। मृतक का भाई सन्नी घटना स्थल की ओर भागा तो हादसे का शिकार हो गया। उसे गंभीर चोटें लगीं।



**एक की तलाश**

**पुलिस ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों की पहचान सोहेल और जुबैर के रूप में हुई है**

# बदमाशों ने एक युवक की चाकू घोंपकर हत्या कर दी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

हर्ष विहार थाना इलाके के मंडोली श्मशान घाट के पास बदमाशों ने एक युवक की चाकू घोंपकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान लखावटी बुलंदशहर निवासी सलमान के रूप में हुई है। सलमान मीतनगर फाटक ज्योति नगर के पास पानी की रेहड़ी चलता था। उत्तर पूर्वी दिल्ली के डीसीपी डॉक्टर जॉय ट्रिर्की ने शुक्रवार को बताया कि पुलिस को सुबह 7 बजे के करीब जानकारी मिली कि श्मशान घाट के पास मंडोली में एक युवक लहूलुहान हालत में पड़ा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने पाया कि युवक की मौत हो चुकी है। मृतक के परिजनों ने बताया कि बीते गुरुवार रात 10:30 बजे उसकी मां से बात हुई थी। इसके बाद उससे संपर्क नहीं हो सका। जांच करने पर उसका फोन और वॉलेट भी गायब मिला। उसके शरीर पर चाकू से वार के कई निशान मिले हैं। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सलमान की पत्नी और बेटा गांव में ही रहते हैं और वह मीतनगर फाटक के पास पानी की रेहड़ी चलता था। हत्या की खबर मिलने के बाद परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।

**पुलिस को सुबह 7 बजे के करीब जानकारी मिली कि श्मशान घाट के पास मंडोली में एक युवक लहूलुहान हालत में पड़ा है**

# मनी लॉन्ड्रिंगः जैन को सुप्रीम कोर्ट से मिली अंतरिम राहत



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सत्येन्द्र जैन को सुप्रीम कोर्ट से मिली अंतरिम राहत बरकरार रहेगी। सुप्रीम कोर्ट ने सत्येंद्र जैन की अंतरिम जमानत की अवधि 12 सितंबर के लिए बढ़ा दी है। मामले की सुनवाई करने वाली बेंच के सदस्य जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा ने सुनवाई से अपने आपको अलग कर लिया है। जस्टिस प्रशांत मिश्रा के बेटे ईडी के वकील के रूप में पेश हो चुके हैं। अब दूसरी बेंच सुनवाई करेगी। मामले की अगली सुनवाई 12 सितंबर को होगी। सुनवाई के दौरान 25 अगस्त को सत्येंद्र जैन की ओर से पेश वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा था कि जैन की स्पाइनल सर्जरी हुई है और उन्हें आराम की जरूरत है। सिंघवी ने जैन की अंतरिम जमानत बढ़ाने की मांग की। सिंघवी की दलील का ईडी ने विरोध करते हुए कहा था कि जैन को सरेंडर करने का आदेश दिया जाना चाहिए। उनकी अंतरिम जमानत एक दिन भी नहीं बढ़ाई जानी चाहिए। जैन को आम कैदी की तरह समझा जाना चाहिए। कोर्ट ने 24 जुलाई को जैन को मिली अंतरिम जमानत एक महीने के लिए बढ़ा दी थी।

**सुनवाई**

**बेंच के सदस्य जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा ने सुनवाई से अपने आपको अलग किया**

# कम कीमत पर गुब्बारे सप्लाई करने का झांसा देकर ठगी करने वाला आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**उत्तरी जिला साइबर सेल** ने कम कीमत पर गुब्बारे सप्लाई करने का झांसा देकर ठगी करने वाले एक जालसाज को गिरफ्तार किया है। आरोपित तिमारपुर के थोक गुब्बारा विक्रेता से 1.62 लाख रुपये की ऑनलाइन ठगी कर ली थी। आरोपित गुब्बारे के बड़े थोक विक्रेताओं की एक नकली फेसबुक प्रोफाइल बनाई और पूरे भारत के गुब्बारा कारोबारियों के कई ऑनलाइन समूहों में शामिल हो गया। वह समूह में सबसे कम बोली लगाकर सौदा पक्का करता था और कारोबारियों से अग्रिम भुगतान करवाकर उसे ब्लॉक कर देता था। आरोपित पर पहले से तीन मामले दर्ज हैं। गिरफ्तार आरोपित की पहचान जवाहर नगर इंदौर मध्य प्रदेश निवासी शेखर मखीजा (29) के रूप में हुई है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि नेशनल साइबर क्राइम पोर्टल के जरिए उत्तरी जिला साइबर सेल को एक शिकायत मिली। जिसमें शिकायतकर्ता तिमारपुर निवासी फूल चंद ने बताया कि वह गुब्बारा व्यापारी हैं। उसने हरीश नाम से एक फेसबुक प्रोफाइल देखी। उसने खुद को एक गुब्बारा डीलर होने का दावा किया था। उसने बड़े थोक विक्रेता की तुलना में काम कीमत पर गुब्बारे और स्नो स्प्रे बेचने की बात कही। हरीश गुब्बारे और स्नो स्प्रे का कारोबार करने वाले एक व्यवसायी समूह का सदस्य था इसलिए शिकायतकर्ता को कोई शक नहीं हुआ। उसके बाद दोनों के बीच सौदा हो गया। आरोपित गूगल पे नंबर के माध्यम से कारोबारी से 1.62 लाख रुपये अग्रिम भुगतान ले लिया। उसके बाद वह गुब्बारा सप्लाई करने में टाल मटोल करने लगा और पीड़ित कारोबारी का नंबर ब्लॉक कर दिया। मामले की जांच के दौरान साइबर सेल ने आरोपित के फेसबुक प्रोफाइल और व्हाट्सएप नंबर की तकनीकी जांच की। साथ ही बैंक खाते और उससे जुड़े मोबाइल नंबर की जांच की। उसके बाद पुलिस को आईपी विवरण से आरोपी के इंदौर मध्य प्रदेश में होने की जानकारी मिली। पुलिस की एक टीम इंदौर पहुंची, लेकिन आरोपित दिल्ली के लिए रवाना हो चुका था। आरोपित को 30 अगस्त को पहाड़गंज से गिरफ्तार कर लिया गया।

पूछताछ में आरोपित शेखर मखीजा ने बताया कि उसने कई फर्जी नाम से फेसबुक प्रोफाइल बनाए थे। कारोबारियों की विश्वसनीयता हासिल करने के लिए वह विभिन्न व्यवसायियों के ऑनलाइन समूहों में शामिल होने में कामयाब हुआ था। जब कोई गुब्बारे और स्नो स्प्रे के लिए उससे संपर्क करता था तो वह शिकायतकर्ता को आकर्षित करने के लिए सबसे कम कीमत पर सौदे तय करता था। सौदा तय होने के बाद वह कारोबारी को अग्रिम भुगतान ले लेता था। आरोपित इसी तरह से बाहरी दिल्ली, इंदौर के भंवरपुर और जूनी में ठगी को अंजाम दे चुका है। उसके खिलाफ इन जगहों पर मामला दर्ज है। आरोपित इंदौर में गुब्बारे और स्नो स्प्रे की एक छोटी दुकान चलाता था। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से आधार कार्ड और बैंक खाते जब्त कर लिए।



**शिकंजा**

**फेसबुक प्रोफाइल बनाई और पूरे गुब्बारा कारोबारियों के कई ऑनलाइन समूहों में शामिल हो गया**

# चुनाव कब तक विसंगतियों पर सवार होते रहेंगे?

## संपादकीय

### अनेक रूप बदलता राष्ट्रवाद

**राष्ट्रवाद** सार्वभौमिक सत्य है। राष्ट्र के निर्माण में राष्ट्रवाद की भूमिका हमेशा अति महत्वपूर्ण रही है। देश के हर नागरिक की जिम्मेदारी भी है कि उसकी राष्ट्र के प्रति गहरी निष्ठा,समर्पण हो, पर इसका कतई आशय नहीं है की सत्ता लोलुप राजनीतिक पार्टियां राष्ट्रवाद को धर्म संप्रदाय से जोड़कर सत्ता हथियाने का अवसर या अस्त्र बनाने का प्रयास करें, निसंदेह इस बात से राष्ट्रीय भावना विखंडित,आहत होती है। ऐतिहासिक तौर पर लगातार सत्ता पर बने रहने के लालच से कोई भी राजा सम्राट अथवा बादशाह चिंता नहीं रहा है' वर्तमान परिदृश्य में राजनीतिक पार्टी के नेता भी सत्ता लोलुपता से परे नहीं है, इस संदर्भ में कई बार राष्ट्रवाद को धर्म से जोड़कर भावनात्मक तरीके से इसे सत्ता प्राप्ति का अस्त्र तथा अवसर बनाकर उपयोग किया जाता रहा है। सत्ता सदैव परिवर्तनशील होती रहनी चाहिए, यह एक स्वस्थ लोकतंत्र की परंपरा को और मजबूत बनाती है' लगातार सत्ता किसी भी सत्ताधीश को निरंकुश बनाकर अधिनायकवाद के बीज को रोपित करती है देश में अवसरवादी राजनीतिक दलों की उपस्थिति जातिवादी समीकरण के अतिवादी दृष्टिकोण, अब परिपक्व लोकतांत्रिक संस्थाओं का परिचालन एवं आमजन की सीमित तर्क बुद्धि एवं और दूरदर्शिता के कारण कई बार जनता के दूरगामी लाभ के स्थान पर तात्कालिक लाभ की प्रक्रिया से अवसरवादी अभिमत तथा तुष्टीकरण की नीति से जनता के लाभ के अवसर को दूर ले जाते हैं' राजनीतिक पार्टियों की अवसरवादी तथा पद लोलुपता की अभिवृत्ति जनता को तुरंत लाभ देने की सर दूरदर्शन नीति लोकतंत्र को बहुत बड़े खतरे की ओर ले जाती है एवं इससे राष्ट्रीय विकास की क्षमता में बहुत ज्यादा स्खलन होने की संभावना होती है' जनता के हितों उनकी भावनाओं से खिलवाड़ कर शोषण करना अंततः राष्ट्रीय चरित्र तथा अनुशासन के स्थान पर आर्थिक तथा सामाजिक सुरक्षा चरित्र को जन्म देती है' अवतारवाद राजनीति का एक अंग हो सकता है किंतु सदैव आशीर्वाद तथा पद लोलुपता राजनीति को गर्त में ले जाने सदस्य है यह अलग मुद्दा है कि जन भावना बहुमत की भावना तथा सामाजिक प्रथाएं एवं तात्कालिक हित किसी भी लोकतंत्र के लिए आवश्यक अंग हो सकते हैं लोकतंत्र में विशेष परिस्थितियों में जनता का समर्थन प्राप्त करना एवं उनके हितों की रक्षा के लिए नए उपायों की अवधारणा उचित हो सकते और आवश्यक भी, किंतु राजनीति में पद लोलुपता अवसरवादी ता एवं जातिवाद को विखंडित करने की नियत किसी भी दृष्टि से लोकतंत्र के हित में नहीं दिखाई देती हैं' भारतीय परंपरा में भी शाम दाम दंड भेद सुशासन का प्रमुख उपकरण मान लिया गया है पर इसके दूरगामी परिणाम तुष्टीकरण के साथ-साथ अनुशासन की महत्ता को कमतर करने का कार्य करते हैं' यह सुनिश्चित है कि बिना विकसित लोकतांत्रिक उपकरणों के लोकप्रियता को मापना एक दुष्कर कार्य हो जाता है कई बार कम संख्या परंतु मजबूत संगठन वाले समूह के हित के लिए अनुचित साधन बनकर रह जाते हैं, और यही कारक बहुमत के शासन के लोकतांत्रिक आदर्श के विपरीत चले जाते हैं' लोकतांत्रिक मूल्यों सिद्धांतों को अवसरवादी का पत्ता एवं दलबदल क्षति पहुंचाने के बहुत बड़े कारण हैं' अवसरवाद तथा सत्ता की चाहत लोकतांत्रिक मूल्यों के दूरगामी दुष्परिणामों का बड़ा संकेत हो चुका है। भारतीय संविधान में भी लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं के छोटे-छोटे छिद्रों से राजनीतिक दल अवसर के जो ताने बाने बुनते हैं उससे राजनैतिक एवं ऐतिहासिक प्रति मानव को हमेशा नुकसान ही हुआ है।

---

ललित गर्ग

> "धनाढ्य अपनी तिजोरियां तो खोलते ही है, कई कम्पनियां हैं जो इन सभी चुनावी दलों एवं उम्मीदवारों को पैसे देती हैं, चंदे के रूप में। चन्दा के नाम पर यदि किसी बड़ी कम्पनी ने धन दिया है तो वह सरकार की नीतियों में हेरफेर करवा कर लगाये गये धन से कई गुणा वसूल लेती है। इसीलिये वर्तमान की भारतीय राजनीति में धनबल का प्रयोग चुनाव में बड़ी चुनौती है। यथार्थ में देखा जाए तो जनतंत्र अर्थतंत्र बनकर रह जाता है, जिसके पास जितना अधिक पैसा होगा, वह उतने ही अधिक वोट खरीद सकेगा। सभी दल पैसे के दम पर चुनाव जीतना चाहते हैं, जनता से जुड़े मुद्दों एवं समस्याओं के समाधान के नाम पर नहीं। कोई भी ईमानदारी और सेवाभाव के साथ चुनाव नहीं लड़ना चाहते हैं"

**लोकसभा** एवं पांच प्रांतों में विधानसभा चुनाव सन्निकट है, जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आते जा रहे हैं, हैसियत से आगे निकलकर राजनीतिक दल जनता को मुफ्त की रेवड़िया एवं सुविधाएं देने के लिए वादों का पिटारा खोलते जा रहे हैं, चुनाव सुधार की दिशा में सार्थक कदम इन चुनावों में भी उठते हुए दिखाई नहीं दे रहे हैं, जिताऊ उम्मीदवार अब भी राजनीतिक दलों की चुनाव प्रक्रिया पर हावी है, धनबल एवं बाहुबल का ही वर्चस्व एक बार फिर देखने को मिले, तो कोई आश्चर्य नहीं है। योग्यता और उपलब्धियां एक बार फिर हवा होगी। प्रश्न है कि चुनाव सुधार की प्रक्रिया कब मजबूती से आगे बढ़ेगी, चुनाव जनतंत्र की जीवनी शक्ति है। यह राष्ट्रीय चरित्र का प्रतिबिम्ब होता है। जनतंत्र के स्वस्थ मूल्यों को बनाए रखने के लिए चुनाव की स्वस्थता, पारदर्शिता और उसकी शुद्धि अनिवार्य है। चुनाव की प्रक्रिया गलत होने पर लोकतंत्र की जड़े खोखली होती चली जाती हैं। चुनाव प्रक्रिया महंगी एवं धन के वर्चस्व वाली होने से विसंगतिपूर्ण एवं लोकतंत्र की आत्मा का हनन करने वाली हो जाती है। करोड़ों रुपए का खचीर्ला चुनाव, अच्छे लोगों के लिये जनप्रतिनिधि बनने का रास्ता बन्द करता है और धनबल एवं धंधेबाजों के लिये रास्ता खोलता है। हाल के वर्षों में चुनाव सुधार की दिशा में जितने भी कदम उठे हैं, उनमें राजनीतिक दलों की बजाय सर्वोच्च न्यायालय की सर्वाधिक महत्वपूर्ण भूमिका रही है या फिर चुनाव आयोग की।
लोकप्रतिनिधित्व कानून 1951 के तहत चुनाव आयोग भारत में चुनाव कराता है। साल 1990 में जब टीएन शेषन देश के मुख्य निर्वाचन आयुक्त बनाए गए तो उन्होंने चुनाव सुधारों की दिशा में वे कदम उठाए जो असंभव समझे जाते थे। शेषन चुनाव-सुधार के प्रेरक बने एवं उन्होंने क्रांतिकारी कदम उठाते हुए पहली बार देश को अहसास कराया कि चुनाव आयोग नामक कोई दमदार संस्था भी होती है, जो चाहे तो बंदूकों के दम पर बूथ लूटने वाले आपराधिक तत्वों पर लगाम लगा सकती है। तभी पता चला कि चुनावी प्रशासन कितना कठोर और अनुशासनबद्ध हो सकता है।
शेषन के बाद चुनाव आयोग सक्रिय हुआ है, लेकिन शेषन जैसे प्रभावी कदम उठाने की कमी अब भी दिखाई दे रही है। दिल्ली में आम आदमी पार्टी के अरविन्द




केजरीवाल, मध्यप्रदेश में शिवराजसिंह चौहान एवं राजस्थान में अशोक गहलोत सरकारों ने मुफ्त की रेवड़िया बांटने की झड़ी लगा रखी है। धनबल एवं बाहुबल के बाद इन वर्षों में सर्वाधिक मुक्त सुविधाएं देने की घोषणाएं समूची लोकतांत्रिक प्रणाली को दूषित करने का सबब बन रही है। इस तरह की बुराई एवं विकृति को देखकर आंख मूंदना या कानों में अंगुलियां डालना जनता की राष्ट्र के प्रति उदासीनता का द्योतक है, जरूरत इसके विरोध में व्यापक जनचेतना को जगाने की है। यह समस्या या विकृति किसी एक प्रांत की नहीं, बल्कि समूचे राष्ट्र की लोकतांत्रिक समस्या है। साल 2015 में चुनाव आयोग ने अपनी चुनावी गाइड लाइन में कहा था कि राजनीतिक दल चुनावी मैदान में उतरते वक्त मतदाताओं से जो वादे करते हैं, उन्हें यह भी बताना होगा कि किस स्रोत से सत्ता में आने के बाद उन्हें पूरा करेंगे। ऐसी गाइन लाइन का पालन कहां होता है? आम चुनाव एवं पांच राज्यों में होने जा रहे विधानसभा चुनावों के मद्देनजर चुनाव आयोग को चाहिए कि कम से कम इस बार अपने दिशा-निदेर्शों को सख्ती से लागू करे। चूंकि राजनीति में सेवा अब ज्यादातर दिखावटी हो गई है, मकसद व्यक्तिगत और दलगत दोनों स्तरों पर सिर्फ सत्ता प्राप्ति ही रह गया है। मुफ्त की रेवडियां बांटने या अतिश्योक्तिपूर्ण सुविधाओं की घोषणाएं करने के पीछे भी मकसद यही है। इस पूरी प्रक्रिया में अंततः नुकसान जनता को ही होता है। तरह-तरह के नये टैक्स और महंगाई के बोझ से आखिर जनता ही दबती है। अब जरूरी हो गया है कि साल 2015 के अपने ही दिशा-निर्देश को कड़ाई से लागू करने की दिशा में चुनाव आयोग आगे बढ़े। राजनीतिक दल जनता को बताएं कि जो वादे वे कर रहे हैं उन्हें किस स्रोत से पूरा करेंगे। तब मतदाता भी फायदा या नुकसान समझ पाएगा। तब शायद वोट देते वक्त वह अपने विवेक पर भरोसा करने की दिशा में भी आगे बढ़ना शुरू कर सकेगा। चुनावों में धनबल का बढ़ता प्रयोग एवं मुफ्त रेवड़िया बांटने का दूषित एवं पूर्वाग्रहपूर्ण प्रचलन चिन्ता का सबब होना चाहिए। बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, चौपट काम-धंधें एवं जीवन संकट के समाधान में क्या पांच राज्यों के विधानसभा एवं अगले वर्ष होने वाले आम चुनाव कोई आदर्श प्रस्तुत कर पायेंगे? इस बात का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है, जो लोग चुनाव जीतने के लिए इतना अधिक खर्च कर सकते हैं तो वे जीतने के बाद क्या करेंगे, पहले अपनी जेब को भरेंगे, आम जनता पर आर्थिक दबाव बनायेंगे। और मुख्य बात तो यह है कि यह सब पैसा आता कहां से है? कौन देता है इतने रुपये? धनाढ्य अपनी तिजोरियां तो खोलते ही है, कई कम्पनियां हैं जो इन सभी चुनावी दलों एवं उम्मीदवारों को पैसे देती हैं, चंदे के रूप में। चन्दा के नाम पर यदि किसी बड़ी कम्पनी ने धन दिया है तो वह सरकार की नीतियों में हेरफेर करवा कर लगाये गये धन से कई गुणा वसूल लेती है। इसीलिये वर्तमान की भारतीय राजनीति में धनबल का प्रयोग चुनाव में बड़ी चुनौती है। यथार्थ में देखा जाए तो जनतंत्र अर्थतंत्र बनकर रह जाता है, जिसके पास जितना अधिक पैसा होगा, वह उतने ही अधिक वोट खरीद सकेगा। सभी दल पैसे के दम पर चुनाव जीतना चाहते हैं, जनता से जुड़े मुद्दों एवं समस्याओं के समाधान के नाम पर नहीं। कोई भी ईमानदारी और सेवाभाव के साथ चुनाव नहीं लड़ना चाहते हैं। राजनीति के खिलाड़ी सत्ता की दौड़ में इतने व्यस्त है कि उनके लिए विकास, जनसेवा, सुरक्षा, महामारियां, आतंकवाद, बेरोजगारी, महंगाई की बात करना व्यर्थ हो गया है। सभी पार्टियां जनता को गुमराह करती नजर आती है। सभी पार्टियां नोट के बदले वोट चाहती है। राजनीति अब एक व्यवसाय बन गई है। सभी जीवन मूल्य बिखर गए है, धन तथा व्यक्तिगत स्वार्थ के लिए सत्ता का अर्जन सर्वोच्च लक्ष्य बन गया है, बात चाहें विधानसभा चुनावों की हो या लोकसभा चुनाव की। लेकिन इस तरह लोकतंत्र की आत्मा का ही हनन होता है, इस सबसे उन्नत एवं आदर्श शासन प्रणाली पर अनेक प्रश्नचिन्ह खड़े होते हैं।
आगामी चुनावों की सबसे बड़ी विडम्बना एवं विसंगति भी जो सामने आने वाली है वह यह है कि चुनाव आर्थिक विषमता की खाई को पाटने की बजाय बढ़ाने वाले साबित होंगे। क्योंकि ये चुनाव अब तक के सर्वाधिक खचीर्ले होने जा रहे हैं, इन चुनावों से पहले जिस तरह की सुविधाएं दी जा रही है या देने की घोषणाएं की जा रही हैं, वे नयी बनने वाली सरकारों के लिये बड़ी चुनौती होगी। संभव है ऐसी अतिश्योक्तिपूर्ण घोषणाएं एवं मुफ्त रेवड़िया बांटने वाले दलों की सरकारें बन भी जाये। लेकिन प्रश्न है कि वे इन आश्वासनों एवं घोषणाओं को पूरा करने के लिये धन कहां से लायेंगे? जैसाकि मुफ्त के वादे के साथ पंजाब में आम आदमी पार्टी सत्तारूढ़ तो हो गई, पर अब उसके बोर्डों और निगमों को पैसे की कमी से जूझना पड़ रहा है। यही हाल दिल्ली का भी है। दिल्ली परिवहन निगम में सालों से नई बसें नहीं आईं, सड़कों का बदहाल है और निगम करीब पैंतालीस हजार करोड़ के घाटे में है। दिल्ली जल बोर्ड भी सत्तर हजार करोड़ के घाटे में है।
पंजाब में पुरानी पेंशन योजना लागू करना भी कठिन हो गया है। जबकि सत्ताधारी दल ने चुनाव लड़ते वक्त इसका वादा किया था। हिमाचल में भी पुरानी पेंशन और महिलाओं को मासिक भत्ता देने का वादा करके कांग्रेस सत्ता में आई। पर बढ़ते आर्थिक बोझ के चलते वादे लागू करना मुश्किल पड़ता जा रहा है।

---

## कविता

बेरुखी का तेरी सबब मैं परिंदा हूँ,
बताऊं क्या तुझे मै कैसे जिंदा हूं।।

हस्तियां मिट जाती हैं वक्त के साथ,
इंसानियत रखता हूं वह घरौंदा हूं।

जीते-जागते लोगों पर फेंकते हैं पत्थर ।
जमाने की हरकत पर बेहद शर्मिंदा हूं।

बढ़ते नहीं हाथ लोगों के मदद के लिए ।
दूर से देखता तमाशा, कहता नेक बंदा हूं ।।

मुड़कर उसने एक बार नहीं देखा मुझे।
कहते हैं, मैं उसका खास और चुनिंदा हूं ।

जख्मों में नमक तो छिड़केगे लोग संजीव ।
फरेब से उसके जख्मों का पुलिंदा हूँ।।

संजीव ठाकुर

---

## व्यावसायिकता की वेदी पर भविष्य

**विवेक मित्तल**

**भारत** वर्ष के महान दार्शनिक, प्रखर शिक्षाविद्, ओजस्वी विचारक, कुशल प्रशासक और शिक्षा, शिक्षक और शिक्षार्थियों के उन्नयन के प्रबल पक्षधर ह्यभारत रत्नह्ल एवं भूतपूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस पर प्रतिवर्ष 5 सितम्बर को आयोजित होने वाले ह्यशिक्षक दिवसह्ल पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ। लेकिन यह बधाई अधूरे मन से प्रेषित की है। क्योंकि मन में हलचल है, अनेक प्रश्न उठ रहे हैं। बड़ा प्रश्न यह है कि क्या हम डॉ. राधाकृष्णन द्वारा बताये गये मार्ग पर चल रहे हैं? क्या शैक्षणिक जगत में उनकी बातों का, उनके विचारों का अनुसरण हो रहा है? क्या हम भारत वर्ष में वह शिक्षा प्रणाली विकसित करने में समर्थ हो जाये हैं जिसकी परिकल्पना डा. राधाकृष्णन ने की थी, शायद नहीं....।
इसीलिए अधूरी शुभकामनाएँ...। औपचारिकता मात्र बन कर रह गया है शिक्षक दिवस। शिक्षा-शिक्षक-शिक्षण और शिक्षार्थी में से उन्नति किसकी हो रही है? किसका स्तर बढ़ रहा है? और कौन गर्त में समाता जा रहा है इसका चिन्तन-मनन कर-के हमको ठोस परिणाम तक न केवल पहुँचने की आवश्यकता है अपितू उन परिणामों को लागू करने की भी आवश्कता है तभी हम डॉ. राधाकृष्ण के विचारों तक पहुँच पायेंगे। क्योंकि वर्तमान समय में शिक्षा में घोर व्यावसायिकता ने प्रवेश कर लिया है। गहरी जड़ें जमा चुका है अर्थतन्त्र। माया के चक्रव्यूह में फंस चुकी है शिक्षा व्यवस्था। जिसके दुष्परिणाम सामने आ रहे हैं विद्यार्थियों द्वारा की जाने वाली ह्वआत्महत्याह्ल के रूप में। यह आंकड़ा दिन-प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है, इसके लिए दोषी कौन? शायद सम्पूर्ण समाज, सम्पूर्ण व्यवस्था। क्योंकि बेरोजगार चाहता है रोजगार, अभिभावक अपने नौनिहालों को हर कीमत पर डॉक्टर, इन्जिनीयर ही बनाना चाहते हैं बिना बच्चों की क्षमता को पहचाने। व्यवसायी धन कमाना चाहता है शिक्षा के माध्यम से। इन सब पर अंकुश कैसे लगेगा? विचार करो। परिवर्तन के लिए आवाज उठाओ पर राजनीति से बाज आओ।

**शिक्षा जीवन देती है लेती नहीं**

आदर्श शिक्षा वही कहलाती है जो बालकों को विषम परिस्थितियों में भी धैर्य और बुद्धिमता पूर्वक सामना करते हुए आगे बढ़ना सीखाये, न की भय और अवसाद में डूबो दे। निराश और हताश युवा गलत निर्णय लेकर अपना तो अहित करता ही है परिजनों को भी संकट में डाल देता है। उस शिक्षा को कोई मोल नहीं जो विद्यार्थियों में आकांक्षाओं पर खरा न उतरने का डर, प्रतिस्पर्धा में पीछे रहने का डर, मानसिक दबाव के साथ-साथ नाकाम होने पर अस्वीकार्यता, समाज और दोस्तों में असहज महसूस करना जैसे कारण ही विद्यार्थियों को आत्महत्या करने पर विवश कर रहे हैं। शिक्षा में बढ़ती इस कुरीति को रोकना होगा। शिक्षा वही श्रेष्ठ है जो कि जीवन को सरल, सरस और सुगम बनाये न की जीवन छीन ले।

---

## विचार

### एक देश एक चुनाव कराना समय की मांग

**किशन भावनानी गोंदिया**

**वैश्विक** स्तरपर भारत दुनियां का सबसे बड़ा लोकतंत्र और सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश है। भारत में चुनावों का दौर लगातार प्रतिवर्ष छाया रहता है, जिसमें सरकारी संसाधनों का उपयोग होता है, जिसमें शासकीय प्रशासकीय तंत्र इस तरह व्यस्त हो जाता है, जिसके कारण जनता जनार्दन को उस अवधिमें भारी समस्याओं विपत्तियों का सामना करना पड़ता है, जिसके समाधान के लिए एक देश एक चुनाव की चर्चा को बल मिला था और इस दिशा में एक नई बहस शुरू हो गई थी कि पूरे देश में राज्यों में लोकसभा विधानसभा का चुनाव एक ही बार में करायाजाए इसपर कई महीनो से डिबेट होते रहे हैं देश हमेशा इलेक्शन मोड में रहता है, लोकसभा विधानसभा पंचायत लोकल बॉडीज नगर परिषद नगर पालिका महानगरपालिका चुनाव, इस तरह हमेशा चुनाव से घिरा रहता है जिस कारण अब एक देश एक चुनाव समय की मांग है। अभी हाल ही में 20 जुलाई से 11 अगस्त 2023 तक मानसून सत्र हंगामें की भेंट चढ़ा था परंतु आज दिनांक 31 अगस्त 2023 को देर शाम एक खबर ने भारत की जनता को अचंभित कर दिया जिसमें 18 से 22 सितंबर 2023 तक एक विशेष संसद सत्र की घोषणा की गई है। उधर मुंबई में विपक्षी गठबंधन आई.एन.डी.आई.ए की सभा शुरू है, अभी पांच राज्यों के चुनाव 2023 के अंत में होने हैं, वही कर्नाटक और एक राज्य में अभी हाल ही में चुनाव हुए हैं। परंतु दबी जुबान से चर्चा चल रही है कि इस विशेष सत्र में एक देश एक चुनाव व महिलाओं के आरक्षण संबंधी बिल, या फिर यूनिफॉर्म सिविल कोड लाकर नए देश की नई कहानी लिखने की तैयारी चल रही है, इसको को बल मिल सकता है इससे इनकार नहीं किया जा सकता। पिछली बार माननीय पीएम ने संसद में संबोधन में एक देश एक चुनाव पर चर्चा कर इसकी वकालत की थी। यह बिल अगर पास हो गया तो चुनावी सुधारो में बहुत बड़ा परिवर्तन होगा जहां विपक्षी गठबंधन इंडिया इसे अपनी सफलता मानकर वर्तमान सरकार की घबराहट करार दे रही है, तो वहीं सरकार विशेष सत्र के बारे में चुप है। मेरा मानना है कि इस विशेष सत्र में एक देश एक चुनाव बिल लाने की खबर से इनकार नहीं किया जा सकता, क्योंकि जिस तरह विपक्ष एक हो रहा है, राजनीतिक घटनाक्रम अति तेजी से बदल रहे हैं, राज्यों के चुनाव सर पर हैं, इस बीच एक देश एक चुनाव की चर्चा से देश हैरान है। किंतु चूंकि आज 1 सितंबर 2023 कोदिनभर इस विषय पर डिबेट और चचाएं हो रही है इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, एक देश एक चुनाव महिला आरक्षण बिल समय की मांग है। परंतु विपक्ष व राज्यों के सुझावों को रेखांकित करना जरूरी है।
साथिया बात अगर हम संसद के विशेष सत्र की करें तो केंद्रीय संसदीय मंत्री ने ट्वीट करते हुए लिखा कि संसद का विशेष सत्र (17वीं लोकसभा का 13वां सत्र और राज्यसभा का 261वां सत्र) आगामी 18 से 22 सितंबर के दौरान होगा, जिसमें 5 बैठकें होंगी। अमृत काल के समय में होने वाले इस सत्र में संसद में सार्थक चर्चा और बहस होने को लेकर आशान्वित हूं। संसद का पिछला मानसून सत्र, 20 जुलाई से 11 अगस्त के बीच आयोजित किया गया था। इस दौरानमणिपुर के मुद्दे पर भाजपा के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) और विपक्षी आई. एन. डी. आई. ए (भारतीय राष्ट्रीय विकास समावेशी गठबंधन) ब्लॉक के बीच तीखी नोकझोंक देखी गई थी।वहीं सियासी जगत में सरकार के इस कदम से कई अटकलें लगाई जाने लगी हैं।
कुछ विपक्षी नेताओं का मानना है कि सरकार इस तरह के फैसले लेकर समय से पहले लोकसभा चुनाव करा सकती है। वहीं कुछ और नेताओं का मानना है कि केंद्र सरकार इंडिया गठबंधन की लगातार बैठक से डर गई है जिसके चलते जल्द से जल्द चुनाव कराना चाहती है

---

## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक राकेश भारद्वाज, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।
दूरभाष नं. - (011) 47502546
फैक्स - (011) 27677673
प्रधान संपादकः रवि भारद्वाज
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindianews@gmail.com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

---

## चिंतन

### एक देश एक चुनाव की सुगबुगाहट ! राजनीतिक

**अशोक**

**केंद्र की** नरेंद्र मोदी सरकार ने एक बड़ा फैसला लेते हुए संसद का विशेष सत्र बुलाया है। केंद्र के संसदीय मामलों के मंत्री प्रह्लाद जोशी ने बताया है कि संसद का विशेष सत्र 18 से 22 सितंबर तक चलेगा। इसमें 5 बैठकें होंगी। यह 17वीं लोकसभा का 13वां सत्र और राज्यसभा का 261 वां सत्र होगा। उन्होंने कहा है कि अमृत काल के बीच संसद के विशेष सत्र में सार्थक चर्चा और बहस की उम्मीद है। यह दिलचस्प है कि इस सत्र का ऐलान ऐसे समय में हुआ है जब विपक्षी गठबंधन की तीसरी बैठक मुंबई में होने जा रही है। इसी बीच यह सुगबुगाहट जरूर है कि इस दौरान सरकार 'एक देश-एक चुनाव' बिल ला सकती है, अगर ऐसा होता है तो यह बड़ा कदम होगा। इस समय पक्ष हो या विपक्ष दोनों में सुगबुगाहट है कि विशेष सत्र का मुख्य विषय यही है । इसी बीच केंद्र सरकार ने ह्यवेक देश एक चुनाव ने एक कमिटी का भी गठन कर दिया है।यह कमिटी पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद कि अध्यक्षता में गठित की गई है जिसके सदस्यों का भी जल्द ऐलान हो सकता है । इससे भी इस सुगबुगाहट को बल मिलता दिखाई दे रहा है। सबसे ज्यादा चर्चा हो रही है इस बिल की टाइमिंग को लेकर। दरअसल, इस साल के आखिर में ही राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना में विधानसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में कयास लगाए जाने लगे कि क्या केंद्र सरकार पहले आम चुनाव करा सकती है। इस बात की चर्चा सियासी गलियारों में जोरों पर उठी कि मोदी सरकार इस बार दिसंबर में ही आम चुनाव करा सकती है। इसे बल तब मिला, जब पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने भी इस पर बात की। दरअसल यह नया मुद्दा नहीं है । इसकी चर्चा सन 2019 से हो रही है जब 19 जून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक देश-एक चुनाव के मुद्दे पर सर्वदलीय बैठक बुलाई थी । इसके बाद एक बार फिर यह मुद्दा सतह पर आ गया, जो प्रधानमंत्री के एजेंडे में अहम माना जाता है। यह भी पहला अवसर नहीं था जब ह्यएक देश-एक चुनावह्ल के मुद्दे पर चर्चा हुई थी । विगत में विभिन्न अवसरों पर विभिन्न मंचों में यह मुद्दा चर्चा का विषय बनता रहा है।

---

## वाह क्या बात है

**डॉ. सुरेश कुमार**

इतने सारे स्वर्ण पदक!
हाँ यह सब तुम्हारी मेहनत के हैं। बताओ इन्हें पाकर तुम्हें कैसा लग रहा है? इन्हीं पदकों की तलाश में जीवन खपा दिया और एक वो हैं जो बिना कुछ किए मलाई उड़ा रहे थे। पहली बार लगा कि यह खेल हम खेल रहे थे। मतलब...? मैं कुछ समझा नहीं। साफ-साफ कहो। तुमसे क्या छिपा है। तुम तो सब जानते ही हो। एक समय था जब यह खेल भ्रष्टाचारियों के लिए हुआ करता था। कोई आयोजन करके स्वर्ण पदक झटकने के चक्कर में था तो कोई खेल सामग्री में धांधली करके। कोई खिलाड़ियों के ठहरने के खर्चों में तो कोई उनके भोजन के ठेके ले-लेके पदकों की झड़ी लगाने के चक्कर में रहता था। वो क्या है न कि जब-जब भ्रष्टाचारी ऊँचे पद हथिया लेते हैं और खिलाड़ी सड़ते रहते हैं तब-तब पदक नहीं घोटाले के पटल खुलते रहते हैं। आज पहली बार लगा कि यह खेल भ्रष्टाचारियों के लिए नहीं खिलाड़ियों के लिए था। सो तो है। लेकिन तुम जिस घटना के बारे में बता रहे हो वह तो कॉमनवेल्थ का महाखेल था। भ्रष्टाचारी कहाँ नहीं होते। जैसे हवा है, वैसे वे हैं। तुम्हें तो अपने खेल धर्म का पालन करना चाहिए। इन सबसे तुम्हारा क्या लेना-देना?
अरे! यह भी खूब कही। लेना-देना कैसे न होगा। हम लोग खेल जमीन पर खेलते हैं। आसमान पर नहीं। मछली तो जीती पानी में ही है न! पानी के बिना उसका कैसा अस्तित्व? खिलाड़ियों का काम खेलना होता है। इन सब धांधलियों के बारे में सोचना नहीं। ऐसा भी तो हो सकता है कि नाच न जाने आंगन टेढ़ा की बिसात पर अपने खराब खेल का ठीकरा धांधली के मत्थे फोड़कर खुद को पाक साबित करना चाहते हो। क्या तुम्हें ऐसा नहीं लगता? खिलाड़ियों के लिए खेल ही उसका धर्म होता है। वह तो हर बार देश का नाम ऊँचा करने के लिए अपना सौ फीसदी देने का प्रयास करता है। लेकिन कुछ धांधलीबाज होते हैं जो बिना स्टेडियम बनाए, बिना खेल सामग्री दिए, बिना सुविधाओं के हमें हवा में तीर मारने की बात करते हैं। कागज पर सबका हिसाब होता है, जमीन पर आते-आते सब कुछ शून्य।

## न्यूज फ्लैश

### इलाज के दौरान युवक की मौत दुकानदारों के झगड़े में किया था बीच-बचाव

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**रघुनाथ मंदिर** के पास तीन दिन पहले दो दुकानदारों के झगड़े में बीच-बचाव करने के दौरान घायल हुए युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। उसका इलाज कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में चल रहा था। पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। मृतक के चचेरे भाई हुकुम चंद ने बताया कि उसका भाई वेद प्रकाश लाइट की दुकान पर काम करता था, जबकि उसका 10 साल का बेटा घर के पास स्थित एक मोबाइल की दुकान पर काम करता था। तीन दिन पहले बेटे की मोबाइल की दुकान के मालिक और पडोसी दुकानदार के साथ झगडा हो गया था। झगड़े के बाद वेद प्रकाश का बेटा घर पर गया और अपने पिता को दुकान पर बुलाकर ले आया।
वेद प्रकाश दुकान पर पहुंचा तो दोनों दुकानदारों में झगडा हो रहा था। बेटे के दुकान मालिक के साथ 5-6 लडके मारपीट कर रहे थे। वेद प्रकाश उनके झगड़े को शांत करने की कोशिश की। दूसरे दुकानदार और उसके अन्य साथियों ने वेद प्रकाश के सिर पर लाठी से हमला कर दिया था, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। घायल अवस्था में वेद प्रकाश को इलाज के लिए कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया गया, जहां पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पानीपत (कमाल हुसैन)**
(मो. नं. : 9813507693)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**अंबाला (मनीष)**
(मो. नं. : 9896772006)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पानीपत (बिजेंद्र सिंह)**
(मो. नं. : 9466035040)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**करनाल राजकुमार शर्मा (प्रिंस)**
(मो. नं. : 98962 76156)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**चंडीगढ़/पंचकुला हरज्ञान चौधरी**
(मो. नं. : 94668 87896)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**सोनीपत (संजीव कौशिक)**
(मो. नं. : 9991270143)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**फरीदाबाद हरपाल सिंह यादव**
(मो. नं. : 98117 14343)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पंचकूला (मैनपाल)**
(मो. नं. : 9671232478)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**कुरुक्षेत्र दलबीर मलिक**
(मो. नं. : 94162 71181)

# '15 सितंबर से धान खरीद शुरू करे सरकार'

**मांग**

⏩ अनाज मंडियों में खरीद के सभी व्यापक प्रबंध समय रहते किए जाएं, ताकि किसानों को अपनी उपज बेचने में किसी प्रकार की समस्याएं न आए




**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**भारतीय किसान यूनियन** के प्रदेश अध्यक्ष रतनमान ने प्रदेश सरकार से मांग करते हुए कहा कि धान के चालू खरीद सीजन की आने वाली 15 सितंबर से खरीद शुरू करे और अनाज मंडियों में खरीद के सभी व्यापक प्रबंध समय रहते किए जाएं, ताकि किसानों को अपनी उपज बेचने में किसी प्रकार की समस्याएं न आए।
स्थानीय अर्जुन नगर स्थित दीनबंधू सर छोटूराम भवन में आयोजित मासिक किसान पंचायत में जिलाभर से आए भाकियू पदाधिकारियों व किसानों ने कई मुद्दे उठाते हुए सरकार से तुरंत हल किए जाने की मांग की गई। मासिक किसान पंचायत की अध्यक्षता प्रदेश उपाध्यक्ष नफे सिंह दादुपुर ने की। इस बीच उपस्थित किसानों ने जोरदार नारेबाजी करके अपनी आवाज को बुलंद किया। किसान पंचायत को प्रदेश सरंक्षक प्रेमचंद शाहपुर, प्रदेश संगठन सचिव शाम सिंह मान, चेयरमैन यशपाल राणा, युवा नेता विजय मान सहित कई किसान नेताओं ने संबोधित किया।
रतनमान ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों को 15 जून के बाद धान की फसल लगाने की इजाजत देती है। तीन महीने के बाद धान की फसल तैयार हो जाती है। लेकिन सरकार अक्तूबर के महिने से धान खरीद करती है। ऐसे में किसान इतने समय तक धान की फसल को कैसे संभालेगें। इसलिए सरकार 15 सितंबर से खरीद शुरू करे। उन्होंने आढ़तियों से भी अनुरोध करते हुए कहा कि अगर आढ़तियों की कोई मांग सरकार की ओर लंबित हो तो अभी से अपनी आवाज उठा सकते हैं।
लेकिन खरीद सीजन के वक्त हड़ताल जैसा कोई कदम न उठाए, जिससे किसानों को किसी प्रकार की दिक्कत न उठानी पड़े। किसानों की मांगों को लेकर जल्द भाकियू का प्रतिनिधि मंडल जिला उपायुक्त को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपेगा।
किसान पंचायत में कार्यालय सचिव सुरेश लाठर, किसान नेता देवेंद्र सागवान, रणबीर कतलाहेडी, बीर सिंह जाणी, मराठा ओम प्रकाश, जोगिंद्र सागवान, प्रेम सिंह बल्ला, वेदपाल, सतबीर मढ़ाण, नरेंद्र मान, साहब सिंह, राजबीर नैन, बलविंद्र जाणी, रामेश्वर, राजपाल सहित काफी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## करनाल के युवक का शव अमेरिका से भारत पहुंचा



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। जिले के** गांव राहड़ा के युवक की अमेरिका में 10 दिन पहले हुई मौत के बाद उसका शव फ्लाइट के जरिए भारत पहुंचा। यहां उसके पैतृक गांव राहड़ा में उसका अंतिम संस्कार किया गया। पंकज की अमेरिका की एक दुकान में पिस्तौल की जांच करते समय गोली लगने से मौत हो गई थी। 10 महीने पहले पंकज राणा परिवार के सपने पूरे करने लिए डोंकी (अवैध तरीके) के जरिए अमेरिका के लिए रवाना हुआ था। परिवार ने उस पर कर्ज लेकर 40 लाख रुपए लगाए थे। रास्ते में तमाम परेशानियां झेलते हुए वह अमेरिका पहुंचा।
मृतक के बड़े भाई प्रवीन राणा ने बताया कि पंकज ने चार महीने जंगलों के रास्ते उसने अमेरिका में एंट्री की थी और पिछले 6 माह से वह स्टोर पर नौकरी कर रहा था। 11 दिन पहले पंकज दुकान के अंदर बैठकर बंदूक को चेक कर रहा था। इसी दौरान ट्रिगर दबने से गोली चल गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पिछले 10 दिन से पंकज राणा के परिजन उसके शव को इंडिया लाने के लिए प्रशासनिक अधिकारी और सरकार से भी गुहार लगा रहे थे।

## सिलेंडर से भरे कैंटर व ट्रक की हुई टक्कर कैंटर चालक की मौके पर हुई मौत



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**कस्बा घरौंडा** में नेशनल हाईवे पर सिलेंडर से भरे एक कैंटर की ट्रक से टक्कर हो गई। इस हादसे में कैंटर चालक की मौत हो गई। उसे केंटर का शीशा तोडकर बाहर निकाला गया।
घटना की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।
प्राप्त जानकारी के अनुसार आज सुबह जींद जिले के धतौली गांव का रहने वाला 21 वर्षीय सूरज गैस सिलेंडरों से भरा कैंटर लेकर रोहतक से करनाल की तरफ जा रहा था। जैसे ही कैंटर घरौंडा में सेंचुरी स्कूल के पास पहुंचा तो उसके आगे चल रहे ट्रक का टायर फटा गया, जिससे कैंटर ट्रक से जा टकराया। कैंटर चालक के साथ उसका क्लीनर भी था।
हादसा इतना जबरदस्त था कि कैंटर चालक केबिन में ही फंस गया। घटना की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद केंटर का शीशा तोडकर ड्राइवर को बाहर निकाला गया और अस्पताल भेजा। अस्पताल में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया।
थाना प्रभारी नसीब सिंह ने बताया कि सूरज का शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। मृतक के परिजनों को सूचित कर दिया गया है। परिजनों की शिकायत के आधार पर आगामी कार्रवाई की जाएगी।

## जीवन के हर शुभ अवसर पर जरूर लगाएं एक-एक पौधा: अनीश यादव

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**उपायुक्त** अनीश यादव ने कहा कि लोग अपने घर परिवार के किसी भी शुभ अवसर जैसे जन्मदिवसए दीवाली या सालगिरह आदि पर एक पौधा अवश्य लगाएं। साथ ही पौधों को लगाने के साथ.साथ उनका ध्यान भी अवश्य रखें। सुनिश्चित करें कि आपके द्वारा लगाया हुआ पौधा पेड़ का रूप ले सके। जब तक धरती पर पेड़ रहेंगे तक तब मनुष्य के लिए धरती पर जीवन सम्भव रहेगाए पेड़ों के ना रहने से हमें जीवनदायिनी आक्सीजन नहीं मिलेगी और ना ही धरती पर बरसात होंगीए क्योंकि पेड़ ही बरसात लाने में सहायक होते है।
उपायुक्त ने कहा कि पर्यावरण मे बढ़ता हुआ प्रदूषण का स्तर हम सभी के लिए चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि हम सभी को पर्यावरण संरक्षण की दिशा में समय रहते आवश्यक कदम उठाने होंगे और आने वाली पीढ़ी को भी अधिक से अधिक पौधारोपण करने के लिए प्रेरित करना होगा। उन्होंने कहा कि हम सभी को यह संकल्प लेना होगा कि हम किसी भी त्यौहार या शुभ अवसर पर पौधारोपण करें और उसका रखरखाव अपने शिशु की भांति करें तभी पर्यावरण में बढ़ते प्रदूषण के स्तर को कम किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि यदि जिला का प्रत्येक नागरिक पौधारोपण का संकल्प लें तो निश्चित तौर पर ही हम अपने जिला को और अधिक हरा.भरा बना सकते हैं।
उन्होंने बताया कि वायु प्रदूषण की वजह से अस्थमा, उच्च रक्तचाप, फेफड़े की बीमारियां, आंखों के रोग, सिरदर्द जैसी बीमारियां अधिक होती है।

## रघुनाथ मंदिर में धूमधाम से मनाया गया नंदोत्सव

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**श्री रघुनाथ** मंदिर सभा (ट्रस्ट) द्वारा श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा उत्सव के आज चौथे दिन दीपमाला जी ने अपनी मधुर वाणी से कथा सुनाते हुए कहा कि ब्रज में आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की। रघुनाथ मंदिर में धूमधाम से नंदोत्सव मनाया गया। इस मौके पर नन्द लाला के जन्म पर होने वाली खुशियों के प्रसंग सुनाए गए। कथावाचक दीपमाला ने कहा कि नंदलाला के जन्म लेते ही चारो और बधाइयां शुरू हो गयी। कन्हैया के प्राकट्य उत्सव पर श्रोतागण झूम उठे, बधाइयां लुटाई गईं।

## चोरी के विभिन्न मामलों में संलिप्त दो आरोपी काबू



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**डिटेक्टिव स्टाफ** की टीम द्वारा चोरी के विभिन्न मामलों में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से चुराई गई कार, मोबाइल फोन, चांदी का छल्ला और अन्य सामान बरामद किया गया है।
चोरी के पहले मामले में डिटेक्टिव स्टाफ की टीम द्वारा विश्वसनीय सूचना पर आरोपी अमनदीप सिंह अरोड़ा पुत्र परविंदर पाल सिंह वासी किराएदार हाउस नंबर 76 चौखंडी एक्सटेंशन तिलक नगर न्यू दिल्ली को जीटी रोड करनाल दादूपुर के पास से गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से चुराई गई कार और कार में से एक कुत्तिया और उसके चार बच्चे, कपड़ों का बैग आदि बरामद किए गए। पुलिस जांच के दौरान पाया गया कि 30 अगस्त को न्यू लक्ष्मी ढाबा नजदीक कोहंड जीटी रोड करनाल से शिकायतकर्ता ओंकार सिंह वासी लुधियाना पंजाब की वैगनार गाड़ी चोरी हो गई थी, जिसमें कपड़ों का बैग और उसकी कुतिया व कुतिया के चार बच्चे थे। इस संबंध में थाना घरौंडा में अज्ञात के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज किया गया था। जांच में पाया गया कि आरोपी अत्यधिक नशा करने का आदी है और नशापूर्ति के लिए आरोपी ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। आज आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।
चोरी के दूसरे मामले में डिटेक्टिव स्टाफ की टीम द्वारा आरोपी विजय पुत्र जगदीश वासी नेवल थाना कुंजपुरा को उसके घर से गिरफ्तार करके मुकदमे में शामिल तफ्तीश किया गया।
आरोपी के कब्जे से एक मोबाइल फोन, 1200 रुपए की नकदी व एक चांदी का छल्ला बरामद किया गया।

## आइओसीएल करनाल में 2.96 लाख घरेलू उपभोक्ताओं को प्रदान कर रहा है सेवा: प्रदीप यादव

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**इंडियन ऑयल** कॉर्पोरेशन लिमिटेड करनाल के सहायक प्रबंधक प्रदीप यादव ने बताया कि इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा जिला में घटिया एवं समाप्त हो चुकी नलिकाओं को बदलना एवं निरीक्षण करने का अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आईओसीएल अपने ब्रांड इंडेन के माध्यम से करनाल जिले में 2.96 लाख घरेलू उपभोक्ताओं को एलपीजी सेवा प्रदान कर रहा है। उन्होंने बताया कि एलपीजी को करनाल बॉटलिंग प्लांट, गुढा में बोतलबंद किया जाता है और फिर विभिन्न सुरक्षा प्रक्रियाओं से गुजरने के बाद ग्राहकों के दरवाजे तक पहुंचाया जाता है।
हालाँकि बॉटलिंग प्लांट और वितरक के स्तर पर सिलेंडर सुरक्षा सुनिश्चित करने के बाद भी, ग्राहक परिसर में एलपीजी के उपयोग में लापरवाही के कारण अतीत में एलपीजी से संबंधित कुछ दुर्घटनाएँ दर्ज की गई हैं। ग्राहक की ओर से एलपीजी का सुरक्षित उपयोग सुनिश्चित करने के लिए, ग्राहक की स्थापना का अनिवार्य निरीक्षण किया जाता है। प्रत्येक पांच वर्ष में एक बार निरीक्षण किया जाना आवश्यक है। इस निरीक्षण का उद्देश्य सुरक्षा सुनिश्चित करना है।
उन्होंने बताया कि इंडेन डिस्ट्रीब्यूटर का अधिकृत मैकेनिक ग्राहक के अनुसार ग्राहक के परिसर तक पहुंचेगा और निम्न सुविधाएं प्रदान करेगा।
इस दौरान मैकेनिक द्वारा हॉटप्लेट की सफाई सहित स्थापना का अनिवार्य निरीक्षण किया जाएगा। वैधता समाप्त होने व क्षतिग्रस्त होने पर वह सुरक्षा नली बदलना, हरे रबड़ ट्यूब या अन्य गैर-मानक ट्यूब, यदि कोई होए को सुरक्षा नली से बदल देगा। इसके अतिरिक्त मैकेनिक सुरक्षा प्रशिक्षण देगा और ग्राहक को सुरक्षा, संरक्षण, आपातकालीन प्रतिक्रिया साहित्य प्रदान करेगा। वह प्रारूप-चेक लिस्ट भरेगा और ग्राहक के हस्ताक्षर प्राप्त करेगा। वह ग्राहक को बिल प्रदान करेगा और ग्राहक के लिए उपयुक्त किसी भी तरीके से भुगतान एकत्र करेगा।

## व्यक्ति के साथ हुई 12 लाख की ठगी

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। आरके पुरम** के एक व्यक्ति के साथ 12 लाख की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पीडित ने इसकी शिकायत पुलिस को दी है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता सुरजीत ने पुलिस को बताया है कि गत दिवस उसके पास एक मोबाइल से फोन आया और जानकार बताते हुए कहा कि दिल्ली में मेरे दोस्त की मां का किडनी का ऑपरेशन होना है, जिस पर 12 लाख रूपए खर्चा आना है। मैं विदेश में हूं, इस कारण कुछ तकनीकी कमियों के चलते उनके अकाउंट में मेरे अकाउंट से पैसे ट्रांसफर नहीं हो पा रहे हैं। मैं आपके खाते में पैसे डाल देता हूं और आप उनको आगे पैसे ट्रांसफर कर देना।
सुरजीत ने बताया है कि मैंने मानवता के नाते उसकी बातों पर विश्वास करते हुए उसको हां कर दी और फोन पर बात करने वाले व्यक्ति ने मेरे पास एक बैंक रसीद की कॉपी वॉट्सऐप की, जिसमें मेरा खाता नंबर व आईएफएससी कोड व अन्य डिटेल दर्ज थी और बताया कि इस खाता में 9 लाख 40 हजार रूपए ट्रांसफर कर दिए हैं और बकाया पैसे भी अभी जल्द ही कर देता हूं। विश्वास पर मैंने 4 लाख अपने आइडीबीपी बैंक के अकाउंट से विष्णु कांत मिश्रा के बैंक खाते में, 4 लाख रुपए कैनरा बैंक के खाते से दोषी विनय सिंह ठाकुर के खाते में और इसी खाते से आरोपी करण मर्सकोले के अकाउंट में 4 लाख रुपए ट्रांसफर कर दिए। 12 लाख रूपए आरोपी के खाते में ट्रांसफर करने के बाद जब मैंने अपने बैंक खातों में राशि चेक की तो पता चला कि दोषी ने मेरे खाते में कोई पैसा जमा नहीं करवाया है। इस पर धोखाधड़ी का पता।

## महापुरुष मानव मात्र के कल्याण हेतु सक्रिय होते हैं: प्रमिला



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**राष्ट्र संत** वाचनाचार्य श्री मनोहर मुनि जी महाराज की 97वीं जन्म जयंती पर श्रद्धालुओं द्वारा अनेक सेवा कार्य किए गए। श्री आत्म मनोहर जैन आराधना मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में गुरु भक्ति गीतों द्वारा उनका गुणगान किया गया। महासाध्वी श्री प्रमिला जी महाराज ने कहा कि महापुरुष समय, स्थान, संप्रदाय की सीमाओं में बंधे न रहकर मानव-मात्र के कल्याण के लिए महान भूमिका निभाते हैं। वाचनाचार्य गुरुदेव वेश से जैन मुनि होते हुए भी मानव मात्र के प्रति आत्मीयता तथा वात्सल्य की भावना से ओतप्रोत थे। उनको निहारते ही हृदय आनंद से झूमने लगता था। उनके नेत्रों से विशेष अपनापन झलकता था। वे जनजीवन में नैतिक मूल्यों की स्थापना करना चाहते थे। उनका हृदय पवित्र,निष्कलुष, वाणी कर्णप्रिय, लेखनी मनोहर, चिंतन मनोहर तथा अनुभूति मनोहर थी। कल्पवृक्ष की तरह भक्तों को वह सभी कुछ देते थे, कामधेनु गौ की भांति सभी मनोरथ पूर्ण करते थे और समाज की आस्था के प्रतीक थे।
महासाध्वी ने कहा कि श्रद्धालु भक्तों के हृदय में दूध की सफेदी तथा रक्त की लाली की तरह वे उतर गए थे। अनेक शिक्षा, चिकित्सा, संस्कार निर्माण, धर्म जागरण हेतु संस्थापित संस्थान उनके दूरगामी समाजहितैषी सोच के सजीव प्रमाण हैं। कुशल प्रवक्ता, अनुपम व्याख्याकार, सिद्धहस्त लेखक, आशु कवि, उत्कृष्ट साहित्यकार, समाज सुधारक, समन्वयवादी महापुरुष के रूप में अपने बहुआयामी व्यक्तित्व के द्वारा उन्होंने समाज पर जो उपकार किया, उसके लिए संपूर्ण मानवता उनकी कृतज्ञ है।
उन्होंने बालक-बालिकाओं को सुसंस्कार देते हुए उनके चरित्र निर्माण पर बल दिया और नैतिक, सदाचार पारायण जीवन जीने का संकल्प कराया। इस सुअवसर पर इंद्री राजमार्ग पर विशाल भंडारा श्री ओपीएस ज्वैलर्स परिवार के सौजन्य से लगाया गया, जिसमें सैंकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

## न्यूज फ्लैश

### आर्केड डेवलपर्स लिमिटेड ने सेबी के समक्ष डीआरएचपी दाखिल किया

**नोएडा।** मुंबई में अग्रणी रियल-एस्टेट डेवलपर आर्केड डेवलपर्स लिमिटेड ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (ह्यसेबीह्व) के साथ अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दायर किया है। कंपनी के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम में फ्र 430 करोड़ रुपए का फ्रेश इश्यू शामिल है। कंपनी इस इश्यू के जरिये हासिल होने वाली शुद्ध आय का उपयोग अपनी चालू परियोजनाओं (जैसे आर्केड नेस्ट) और अपनी आगामी परियोजनाओं के विकास के लिए करने का प्रस्ताव करती है। साथ ही भविष्य की रियल एस्टेट परियोजनाओं और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए भी इस आय का इस्तेमाल किया जाएगा। आर्केड डेवलपर्स मुंबई, महाराष्ट्र में अपनी महत्वपूर्ण मौजूदगी के साथ तेजी से बढ़ती रियल एस्टेट डेवलपमेंट कंपनी है। कंपनी का कामकाज देश की वाणिज्यिक राजधानी मुंबई, महाराष्ट्र में प्रीमियम श्रेणी के ऐसे आवासीय परिसर के विकास पर केंद्रित है, जहां लोग अपनी आरामदेह जीवन शैली के अनुसार रह सकें। 31 जुलाई, 2023 तक कंपनी ने 1.80 मिलियन वर्ग फुट आवासीय संपत्ति विकसित की है (साझेदारी संस्थाओं के माध्यम से जिनमें आर्केड की अधिकांश हिस्सेदारी है)। कंपनी नए प्रोजेक्ट्स के डेवलपमेंट और मौजूदा परिसरों के पुनर्विकास में जुटी हुई है। कंपनी ने 2017 और 2023 की पहली तिमाही के बीच, एमएमआर, महाराष्ट्र में विभिन्न बाजारों में 1,040 आवासीय इकाइयां लॉन्च की हैं और 792 आवासीय इकाइयों का विक्रय किया है। कंपनी ने विशेष रूप से अपनी परियोजनाओं को समय पर पूरा करने का एक सफल ट्रैक रिकॉर्ड स्थापित किया है। साथ ही कंपनी ने उ 2003 से मार्च 2023 तक, मुंबई के पश्चिमी उपनगरों में 9 परियोजनाओं और दक्षिण-मध्य मुंबई में 1 परियोजना का पुनर्विकास सफलतापूर्वक पूरा किया है (साझेदारी फर्म के माध्यम से, जिसमें आर्केड की अधिकांश हिस्सेदारी है)। इन परियोजनाओं का संयुक्त निर्मित क्षेत्र 6,48,000 वर्ग फुट है। इस ट्रैक रिकॉर्ड ने आर्केड को मुंबई पश्चिमी उपनगरों में रिडेवलपमेंट की प्रमुख कंपनी के तौर पर स्थापित किया है (स्रोत- एनारॉक रिपोर्ट)। कंपनी की प्रारंभिक परियोजनाएं स्टैंड-अलोन आवासीय इमारतें थीं। वर्तमान में उनकी चल रही परियोजनाओं के वर्तमान पोर्टफोलियो में आर्केड नेस्ट, आर्केड क्राउन और आर्केड एस्पायर, आर्केड प्राइम और आर्केड ऑरा जैसी गेटेड कम्युनिटी शामिल हैं। वित्तीय वर्ष 2023, वित्तीय वर्ष 2022 और वित्तीय वर्ष 2021 में आर्केड डेवलपर का राजस्व क्रमशः 2,240.13 मिलियन, 2,371.82 मिलियन और 1,131.85 मिलियन है और संचालन से राजस्व वित्तीय वर्ष 2021 और वित्तीय 2023 के बीच 26.69 प्रतिशत की सीएजीआर से बढ़ा है। कंपनी के समस्त प्रोजेक्ट्स एमएमआर, महाराष्ट्र में थे और हैं। यूनिस्टोन कैपिटल इस इश्यू का एकमात्र बुक रनिंग लीड मैनेजर (बीआरएलएम) है। कंपनी के इक्विटी शेयर बीएसई और एनएसई पर सूचीबद्ध होंगे।

### इसुजू मोटर्स ने सीवी सेगमेंट में लॉन्च की इसुजु डी-मैक्स एस-कैब जेड लांच

**लुधियाना:** जालंधर इसुजू मोटर्स ने कमर्शियल विहिकल सेगमेंट में डी-मैक्स एस-कैब जेड लांच की है जो कि स्मार्ट लुक, मजबूती और टिकाऊपन का उत्तम समावेश है और साथ ही सुरक्षा एवं आराम को भी सर्वोपरि रखा गया है। यह टॉप एंड वैरिएंट उभरते हुये बिजनेसमेन और प्रोफेशनल्स की जरुरतों को पूरा करने के लिये स्टाईलिश वाहन प्रदान करता है जो कि आजीवन साथ चलने के लिये बनाया गया है। इसुजू का नया लांच मॉडल पांच रंगों – कॉस्मिक ब्लैक, गैलेना ग्रे, स्प्लैश व्हाइट, नाटिलस ब्लू और टाइटेनियम सिल्वर में उपलब्ध है और इसकी इंट्रोडक्टरी लांच प्राइस 14,99,910 रुपये है। प्रमाणित 2.5 लीटर इसुजु 4जेए1 इंजन पर चलने वाला इसुजु डी-मैक्स एस-कैब जेड मॉडल में बेहतरीन स्टाईलिंग के तत्वों के साथ एक एग्रेसिव स्टांस है। इसमें क्रू कैब कमर्शियल वाहन श्रेणी की कई सर्वोत्तम विशेषताएं हैं विशेषकर एक्सटीरियर में ईगल से प्रेरित क्रोम ग्रिल, एलईडी डीआरएल के साथ बाई-एलईडी प्रोजेक्ट हेडलैंप और फ्रंट फॉग लैंप इसे एक ज्यादा स्मार्ट लुक प्रदान करते हैं। इसुजू यात्रियों की सुरक्षा के लिये काफी सजग है इसलिये सुरक्षा फीचर्स में ड्राईवर और को-ड्राईवर के लिये ऐयरबैग्स, रियर सीटिंग में आईसाफिक्स एंकरेज, स्पीड सेंसिंग डोर लॉक, फ्रेट और रियर में क्रंपल जोन, क्रॉसकार फ्रंट बीम, डोर साईड इंटरुजन प्रोटेक्शन के आदि प्रावधान है। अपने मजबूत डिजाईन, स्मार्ट लुक और सीवी क्रू कैब सेगमेंट में बेजोड़ आराम के साथ उन खरीदारों के लिये भी उत्तम है जो अपनी प्रगति के र्मा में एक महत्वकांक्षी वाहन का साथ चाहते हैं। इसुजू मोटर्स इंडिया के डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर टोरु किशिमोटो ने कहा कि कंपनी बढ़ते ग्राहक वर्ग को सेवा देने के लिये डीलरशिप नेटवर्क को भी बढ़ा रही है ताकि उन्हें सुगमता से सेल्स एंड सर्विस टच प्वाईंट्स मिल सकें। उन्होंनें कहा कि इसुजु डी-मैक्स एस कैब जेड लांच कर के वे बहुत उत्साहित है । उनके अनुसार इसुजू डी मैक्स रेंज भारत में कई ग्राहकों की सफलता की साथी रही है और कंपनी आश्वस्त है कि इसुजू एस-कैब जेड महत्वकांक्षी ग्राहकों को एक बेहतर प्रस्ताव प्रदान करेगी।

# विधायक ने न्यू महावीर कॉलोनी में नए ट्यूबवेल का किया शुभारंभ

## विधायक सुरेंद्र पंवार को कॉलोनीवासियों ने बताई थी पेयजल किल्लत

**टीम एक्शन इंडिया/ सोनीपत।**
**विधायक सुरेंद्र** पंवार ने न्यू महावीर कालोनी में ट्यूबवैल की सौगात कालोनीवासियों को दी है। इसके साथ ही नगर निगम द्वारा पेयजल आपूर्ति को भी सुचारु रूप से भिजवाना सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया। विधायक सुरेंद्र पंवार को न्यू महावीर कालोनी नजदीक राधा-कृष्ण मंदिर के पास रहने वाले शहरवासियों ने पेयजल की किल्लत बताई थी, उन्होंने अवगत करवाया था कि पेयजल किल्लत की वजह से



कालोनीवासियों को इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। जो ट्यूबवैल कालोनी में पेयजल सप्लाई करता था वह खराब हो चुका है। विधायक सुरेंद्र पँवार ने कालोनीवासियों को नया ट्यूबवैल लगवाने का आश्वासन दिया था। विधायक सुरेंद्र पंवार ने तुरंत कार्य को शुरू करवाया और शुक्रवार को ट्यूबवैल की सौगात लोगो को दी है। विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि शहर की प्रत्येक गली तक पेयजल पहुंचे, इसके लिए हमेशा प्रयासरत्त रहते है। शहर में पेयजल किल्लत के समाधान के लिए ककरोई गांव से गुजर रही पश्चिमी यमुना लिंक नहर से पेयजल लाइन बिछाकर सेक्टर-23 तक लाई जा रही है, जिसके बाद शहर में पेयजल की सप्लाई पहले से अधिक होगी। उन्होंने कहा कि देवतुल्य जनता की तरफ से जब भी कोई मांग आती है उसे तुरंत पूर्ण करवाने की कोशिश की जाती है। सोनीपत विधानसभा की किसी भी कालोनी के विकास में कतई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। इस दौरान राजेश दहिया, सतीश तनेजा, मदन लाल, ललित, मीनू, कपिल, बंसीलाल, जयभगवान, रमेश, ऋषि सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

**पेयजल आपूर्ति**

▶▶ निगम द्वारा पेयजल आपूर्ति को भी सुचारु रूप से भिजवाना सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया

## प्रशासन-वकीलों के बीच गतिरोध खत्म, पर आंदोलन रहेगा जारी

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**
**बुधवार** को जिला प्रशासन और वकीलों के बीच बिगड़ी बात बन शुक्रवार को बन गई। शुक्रवार को वकीलों के तेवर सख्त थे। बुधवार के घटनाक्रम के बाद बार एसोसिएशन ने बार के सेंट्रल हॉल में बैठक बुलाई थी। बैठक में बार के समस्त पदाधिकारी और बडी संख्या में वकील मौजूद थे। वकीलों के तेवर सख्त थे। जिस समय वकीलों की बैठक चल रही थी डीएम पुलकित खरे, एसएसपी शैलेश पांडे और सिटी मजिस्ट्रेट सौरभ दुबे बार एसोसिएशन के सभागार में पहुंचे। वकीलों से बातचीत की। नाराज वकीलों से बात करने के बाद अधिकारियों ने ज्ञापन लिया। बैठक के दौरान बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा ने कहा था कि अगर जिलाधिकारी हॉल में आकर ज्ञापन नहीं लेते हैं तो प्रशासन के



खिलाफ आंदोलन होगा। इसके बाद जिलाधिकारी और एसएसपी वकीलों के बीच पहुंचे। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा ने कहा कि इस प्रकरण में जिलाधिकारी का व्यवहार दुर्भाग्यपूर्ण रहा है। सचिव अरविंद सिंह ने बताया कि डीएम ने हापुड़ घटना का ससम्मान ज्ञापन लिया है अब गतिरोध खत्म हो गया है। उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी द्वारा ज्ञापन न लेकर वकीलों का अपमान किया।

## जलभराव की समस्या से मिलेगी निजात, 4 कॉलोनियों को मिलेगा लाभ

**टीम एक्शन इंडिया/ पानीपत कमाल हुसैन**
**कई वर्षों** से बरसात के समय पानीपत शहर के प्रमुख भागों में से एक ओल्ड इंडस्ट्रियल एरिया और आसपास की कॉलोनी वासियों को जलभराव की समस्या का सामना करना पड़ता था, हाली पार्क के पास बने पंपिंग स्टेशन के बावजूद इस क्षेत्र में जलभराव की समस्या रहती थी कबीते दिनों में हुई बरसात के समय विधायक प्रमोद विज ने पानीपत नगर निगम के आयुक्त के साथ क्षेत्र का दौरा करके आदेश दिया था कि क्षेत्र से जलनिकासी करने हेतु उपयुक्त स्थान देख कर एक अतिरिक्त इंटरमीडिएट पंपिंग स्टेशन बनाया जाए। विधायक के आदेशानुसार निगम अधिकारियों ने लगभग 1 करोड़ 44 लाख के पंपिंग स्टेशन बनाने हेतु टेन्डर लगा दिया है कपंपिंग स्टेशन बनने से इंडस्ट्रियल



एरिया, खादी कॉलोनी, आदर्श कॉलोनी और इंदरा नगर एवं आसपास के कॉलोनी वासियों को लाभ मिलेगा एवं बरसात के दिनों में जलनिकासी की समाया का सामना नहीं करना पड़ेगा कटेन्डर की निविदाएं अक्टूबर माह के प्रथम सप्ताह में खोली जायेंगी एवं प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत इस कार्य का क्रियान्वयन प्रारम्भ किया जाएगा। पंपिंग स्टेशन का टेन्डर लगवाने हेतु खादी कॉलोनी एवं अन्य कॉलोनी वासियों ने विधायक प्रमोद विज का आभार व्यक्त किया है क खादी कॉलोनीवासी सागर महिंद्र प्रताप ने विधायक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कई सालों से हम सभी समस्या का सामना कर रहे थे लेकिन विधायक ने हमारे आग्रह पर चंद दिनों में पंपिंग स्टेशन का प्रोजेक्ट पास करा दिया इसके लिए उनका आभार है।

## चचेरे भाई की पीट पीट कर कर दी हत्या

**मथुरा: थाना जैंत** क्षेत्र के गांव मघेरा में ट्रैक्टर ट्रॉली की टक्कर से दीवार गिरने के बाद हुए विवाद में आरोपियों ने चचेरे भाई को पीट पीट कर मौत के घाट उतार दिया। भाई ने बेटों के साथ मिलकर अपने चचेरे भाई की लाठी डंडे व फरसा से प्रहार कर हत्या कर दी। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से भाग निकले। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। थाना जैंत क्षेत्र के गांव मघेरा निवासी अनिल गौतम ने बताया कि उसका भाई तरुण घर से ट्रैक्टर ट्रॉली निकाल रहा था। इसी दौरान ट्रैक्टर ट्रॉली पड़ोसी अशोक गौतम पुत्र गिर्राज के दीवार से लग गई। दीवार से ट्रॉली लगते ही अशोक गुस्से से आग बबूला हो गया। अशोक के साथ उसके बेटे जय और हरेकृष्णा व उसकी पत्नी कैला, पुत्री रूबी, राधा, माधुरी, आशु घर में रखे लाठी डंडे, फरसा से उसके भाई को मारने लगे।

## साइक्लोथॉन रैली में 64 वर्षीय साइक्लीसट बढ़ा रहे हैं युवाओं का हौंसला

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
**नशे की** लत को युवाओं से छुड़ाने और इसके विरूद्ध शुरू की गई इस लड़ाई में रोहतक वासी 64 वर्षीय कमलेश राणा और 64 वर्षीय सहदेव साइक्लोथॉन रैली में युवाओं का बढ़चढ़ कर हौंसला बढ़ा रहे हैं।
इस साइक्लोथॉन रैली में 64 वर्षीय कमलेश राणा इससे पूर्व कश्मीर से कन्याकुमारी तक की यात्रा साइकिल पर सवार होकर कर चुकी हैं। उन्होंने बताया कि 2017 में जब उनके पति का देहांत हुआ तो उन्हें शुगर और कॉलस्ट्रोल की समस्याओं से जुझना पड़ा और उन्हें डिप्रेशन रहने लगा। इसी को देखते हुए उनके मन में साइकिल चलाने



की इच्छा जागृत हुई। इसी इच्छा के बूते पर उन्होंने लुधियाना में खुले आयु वर्ग में साइक्लिंग में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। यही नहीं नासिक में आयोजित साइकिल प्रतियोगिता में 30, 50 व 60 किलो मीटर की साइक्लिंग रेस में गोल्ड मेडल भी जीता। इसी तरह 64 वर्षीय रोहतक वासी सहदेव भी साइक्लिंग का शौक रखते हैं और वे भी कश्मीर से कन्या कुमारी तक यात्रा कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने जिस तरह से नशे के विरूद्ध यह डंका बजाया है, उससे युवाओं में जागरूकता फैलेगी और वे इस लत के विरूद्ध खुद भी लड़ेंगे। सरकार की ओर से यह अच्छी पहल की गई है। जिसे हम सब मिलकर सार्थक परिणाम दे सकते हैं। इस साइकलोथॉन रैली में भाग ले रहे दीपक, राजेन्द्र, कुलदीप, अमित इत्यादि ने भी इस मुहिम में नशे को दूर करने वाली ताकतों को बल देने का प्रयास करते हुए कहा कि हम सब युवाओं की यह जिम्मेदारी बनती है कि हम स्वयं नशे से दूर रहें।

# साइक्लोथॉन रैली ने पानीपत जिला की सीमा में प्रवेश किया

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
**उदय हरियाणा अभियान** के तहत नशे के खिलाफ शुरू की गई मुहिम को लेकर निकली साइक्लोथॉन रैली ने दोपहर करीब 1:30 बजे पानीपत जिला की सीमा में प्रवेश किया। मुनक गांव के पास रेरकला मोड़ पर उपायुक्त डॉ. विरेन्द्र कुमार दहिया व पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने इस साइक्लोथॉन रैली का पानीपत जिला की सीमा में पंहुचने पर स्वागत किया और उनका हौंसला बढ़ाया।
उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया ने साइक्लोथॉन रैली में भाग ले रहे 125 युवाओं से मुलाकात



की और उनका हौंसला बढ़ाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री मनोहरलाल द्वारा नशे के विरूद्ध शुरू की गई इस अपील से ड्रग फ्री हरियाणा का संदेश दूर-दूर तक जाएगा। उन्होंने साइक्लोथॉन रैली में भाग लेने वाले युवाओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आप सब युवा समाज के लिए बहुत बड़ा काम कर रहे हैं। युवाओं को नशे से बचाने के लिए जो संदेश इस साइक्लोथॉन रैली के माध्यम से दिया जाएगा। उसका असर युवाओं पर जरूर पड़ेगा। पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने कहा कि युवा वर्ग ही इस मुहिम को आगे बढ़ा सकता है और नशे के खिलाफ लोगों को जागरूक कर सकता है। उन्होंने बताया कि पुलिस विभाग द्वारा साइक्लोथॉन रैली के सुरक्षा व वाहन व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। कई स्थानों पर इनके लिए जलपान की व्यवस्था की गई है।
साइक्लोथॉन रैली में भाग लेने वाले युवाओं का नन्ही बच्चियों द्वारा जिला की सीमा पर पंहुचने पर तिलक लगाकर व पुष्प वर्षा कर उत्साहवर्धन किया गया। इस मौके पर एडीसी वीना हुड्डा, सीईओ जिला परिषद विवेक चौधरी, डीएसपी सतीश गौतम, डीडीपीओ सुमित चौधरी व रेरकला के सरपंच व ग्रामवासी भी उपस्थित थे।

**उत्साह**

▶▶ उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने साइक्लोथॉन रैली का पानीपत जिला की सीमा में पंहुचने पर स्वागत किया

## मथुरा वृंदावन रेल ट्रैक पर आईडिया देने बड़ी संख्या में पहुंचे लोग



**मथुरा: वृंदावन मथुरा** रेलवे ट्रेक को किस स्वरूप में बनाया जाए इसको लेकर मथुरा वृंदावन के लोगों में एक राय नहीं है। वृंदावन के लोग चाहते हैं कि इस प्रोजेक्ट पर जल्द काम शुरू हो, वहीं मथुरा में लोगों में ट्रेक के स्वरूप को लेकर एक राय नहीं है। ध्वस्तीकरण अभियान के बाद तमाम संगठनों और लोगों ने अपने अपने स्तर से अधिकारी और जनप्रतिनिधियों के पास ट्रैक के स्वरूप को लेकर सुझाव रखे। इसके बाद रेलवे की गति शक्ति यूनिट ने ऐसे सभी सुझावों को एक मंच पर लाकर एक राय बनाने की पहल की है। शुक्रवार को मथुरा वृंदावन रेल ट्रैक के गेज परिवर्तन के चल रहे कार्य को लेकर डीएम, एसएसपी की मौजूदगी में स्थानीय निवासियों के साथ बैठक की और उनके सुझाव जाने। कलेक्ट्रेट सभागार में हुई बैठक में मांट विधायक राजेश चैधरी, डीआरएम आगरा टीपी अग्रवाल, डीएम पुलकित खरे, एसएसपी शैलेश पांडे और नगर आयुक्त अनुनय झा मुख्य रूप से मौजूद रहे। इस बैठक में मथुरा वृंदावन के निवासी उपस्थित रहे और समस्याओं को दूर करने के सुझाव मांगे गए। मथुरा वृन्दावन रेलवे ट्रैक के संबंध में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिलाधिकारी मथुरा प्रशासन और जनता के बीच संवाद के लिए रखी गयी बैठक में नीचे सड़क और बीच मे पिलर पर मेट्रो ट्रेन की मांग मुखरता से उठाई गई।

## मथुरा में तीन दिवसीय अक्रूर मेला महोत्सव का आगाज

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**
**श्री** अक्रूर जी रथयात्रा महोत्सव समिति मथुरा के तत्वावधान में 15, 16, 17 सितंबर को तीन दिवसीय अक्रूर मेला महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। आयोजकों ने मेला की तैयारियां शुरू कर दी हैं। मेला में अक्रूर रथयात्रा, विराट कवि सम्मेलन, अलौकिक छप्पन भोग, डंडियां नाईट, प्रतिभा सम्मान समारोह मुख्य आकर्षण रहेंगें। समिति के संस्थापक सरंक्षक अमित वार्ष्णेय, अध्यक्ष राजू गुप्ता, डॉ पुनीत वार्ष्णेय महामंत्री, ऋषि गुप्ता ने बताया कि 15 सितंबर को दोपहर दो बजे अप्सरा पैलेस होलीगेट से अक्रूर जी महाराज की रथयात्रा प्रमुख मार्गों से होती हुई बैंड बाजों की मधुर धुन के साथ धूमधाम से निकाली जाएगी। 16 सितंबर को सायं सात बजे एसकेएस ग्रांड पैलेस मथुरा वृंदावन रोड पर अलौकिक छप्पन भोग, मेधावी छात्र छात्रा सम्मान समारोह व प्रतिभा सम्मान समारोह के अलावा विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।

## पैक्स सशक्तिकरण से ही किसान की समृद्धि होंगी: हुकम

**पानीपत, कमाल हुसैन**
**हरको बैंक** के चेयरमैन हुकम सिंह भाटी ने शुक्रवार को गोहाना रोड स्थित सहकारी समिति के कार्यालय में प्रैसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि पैक्स का सशक्तिकरण होने से ही किसानों की समृद्धि होगी। इसको लेकर केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने भी आवाहन किया है कि पैक्सओ को और अधिक काम देकर सशक्त किया जाएगा। जिसमें सीएससी सेंटर, जन औषधि केंद्र, पेट्रोल पंप सहित 176 तरह की सेवाएं दी जाएंगी। हरियाणा के मुख्यमंत्री




मनोहर लाल ने सहकारी आंदोलन को बढ़ाने में विशेष भूमिका अदा की है। हुकम सिंह भाटिया ने कहा कि हरियाणा में बहु उद्देशीय सहकारी समिति बनाने की मंजूरी देकर तथा फल सब्जी व महिला सहकारी समिति को पांच-पांच लाख रुपए कर्ज देकर प्रोत्साहित किया गया है। संयुक्त रूप से समूह बनाकर फल, सब्जी के किसान अपने काम को और अधिक बढ़ा सकते हैं।
उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने सहकारी बैंकों से मिलने वाले कर्ज पर ब्याज में माफी देकर किसानों को समृद्ध किया है। पैक्स सशक्तिकरण से किसान की समृद्धि मंत्र को लेकर सरकार ने किसान हित में अनेकों योजना जैसे कि दूध की डेरी, स्वयं सहायता समूह व संयुक्त देता समूह बनाकर महिलाओं को कर्ज देकर सशक्त करने का काम किया है।
आगामी समय में मुख्यमंत्री मनोहरलाल के नेतृत्व में पैक्स के सदस्य, किसानों को लेकर एक बड़ा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

# सचिन जून ने राष्ट्रीय यूथ अध्यक्ष से की मुलाकात

## यूथ जोड़ो बूथ जोड़ो मिशन को लेकर राष्ट्रीय पदाधिकारियों से दिल्ली मे की चर्चा

**टीम एक्शन इंडिया/सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ।**
**भारतीय युवक कांग्रेस** के दिल्ली कार्यालय में यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीबी श्रीनिवासन कृष्णा अल्लावरु व हरियाणा प्रदेश यूथ कांग्रेस अध्यक्ष दीपांशु बुद्धि राजा से मुलाकात कर हल्का बहादुरगढ़ यूथ कांग्रेस प्रेसिडेंट सचिन जून ने बूथ जोड़ो यूथ जोड़ो मिशन को लेकर विस्तृत चर्चा की, हल्का बहादुरगढ़ में यूथ जोड़ो बूथ जोड़ो मिशन का पोस्टर भेंट किया ।
साल 2024 में होने वाले लोकसभा व विधानसभा चुनावो में युवा



कांग्रेस की भूमिका अहम रहेगी, इसी के चलते अब युवा कांग्रेस की टीम भी एक्टिव मोड़ पर नजर आ रही है, जहां युवा कांग्रेस की टीम झज्जर जिले के हल्का बहादुरगढ के अध्यक्ष सचिन जून के नेतृत्व में यूथ जोड़ो बूथ जोड़ो अभियान चला रही है। वही बहादुरगढ़ विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक बूथ पर जाकर युवाओं के साथ-साथ आम नागरिकों को भी कांग्रेस पार्टी से जोड़ने का काम कर रही है जिसकी शुरूआत हल्का बहादुरगढ़ यूथ कांग्रेस अध्यक्ष सचिन जून ने लोहार हेडी गांव से की है। भारतीय युवा कांग्रेस के दिल्ली कार्यालय में राष्ट्रीय पदाधिकारियो से मुलाकात उपरांत सचिन जून ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि हरियाणा प्रदेश का युवा वर्तमान भाजपा सरकार से नाराज है, आज युवा महंगाई के साथ-साथ बेरोजगारी की मार झेल रहा है, जिससे युवाओं में भारतीय जनता पार्टी के प्रति निराशा का भाव है जिसके चलते यूथ जोड़ो बूथ जोड़ो कार्यक्रम में युवा बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा व राज्यसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा युवाओं की एकमात्र आस है। हरियाणा प्रदेश के युवाओं ने इस बार भारतीय जनता पार्टी की सरकार को प्रदेश से उखाड़ने का मन बना लिया है।

## पानीपत-हरिद्वार रोड पर नवादा मोड़ पर जमा गंदा पानी दे रहा हादसों को न्योता

**टीम एक्शन इंडिया /पानीपत/कमाल हुसैन**
**सनौली खुर्द** गांव में मैन पानीपत-हरिद्वार रोड नवादा चौक पर सडक पर गंदा पानी जमा होने से राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन प्रशासन का इस और कोई ध्यान नही है। सडक के दोनों और गंदे पानी की निकासी के लिए बनाए गए गंदे नाले ओवर फलों होने के कारण नाले का गंदा पानी सडक पर जमा होने से सडक में गढ्ढे हो गए है। जिससें वाहन चालकों को भी भारी परेशानी हो रही है। इसकी शिकायत कई बार राहगीर व दुकानदार



प्रशासन को कर चुके है, लेकिन इस मैन रास्ते की समस्या का समाधान करने वाला कोई नही है। आक्रोसित दुकानदारों ने बताया कि सडक पर गंदा पानी जमा होने के साथ-साथ गढ्ढे होने से वाहन चालक अपने वाहनों को बाईपास से लेकर जाने लगें है,जिससें वाहनों का आवागमन कम होने से उनका कार्य बंद होने की कगार पर पहुंच गया है, लेकिन उनकी कोई सुनने वाला नही है। उन्होने कहा कि अगर जल्द ही समस्या का समाधान नही हुआ तो वों रोड जाम करने के लिए मजबूर हो जाएगें और इसका जिम्मेदार प्रशासन होगा।

# जैन ने समस्या का समाधान करने का आग्रह किया

**परेशानी**

**राजीव कॉलोनी वासी के सामने गंदा पानी की निकासी, कॉलोनी में बने मकानों को अवैध बताने की परेशानी खड़ी हो गई**

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

शुभम गार्डन के सामने हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा मार्केट कॉम्प्लेक्स बनाने का काम शुरू करने से राजीव कॉलोनी वासी के सामने गंदा पानी की निकासी, कॉलोनी में बने मकानों को अवैध बताने की परेशानी खड़ी हो गई। जिसका समाधान करवाने के लिए कॉलोनी के सैकड़ों नागरिकों ने मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं भाजपा नेता राजीव जैन से गुहार लगाई है। सैकड़ों महिला एवं पुरुष शुक्रवार को





सुबह इकट्ठे होकर राजीव जैन के कैंप कार्यालय में पहुँचे और अपनी समस्या रखी। राजीव जैन ने मौके पर पहुंचकर प्राधिकरण के कार्यकारी अभियंता पवन कुमार, नगर निगम के उप मंडल अभियंता नरेंद्र कुमार को बुलाकर कॉलोनी वासियों की समस्या का समाधान करने का आग्रह किया। शहरी विकास प्राधिकरण के अधिकारियों ने डेयरी संचालकों को एक सप्ताह की मोहलत प्रदान कर दी ताकि वह अपनी डेयरियों को शिफ़्ट कर ले। इसी तरह निगम के अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि सीवरो की सफाई अच्छी तरह करवा दी जाएगी ताकि गंदे पानी की निकासी भी सुचारु हो जाए। हुड्डा विभाग के अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि मकानों के केस टू केस रिकॉर्ड चैक करके ही अवैध कब्जा हटवाने की कार्रवाई अमल में लाएंगे। राजीव जैन ने कहा कि लगभग तीन वर्ष की मेहनत के बाद मार्किट कॉम्प्लेक्स बनने का रास्ता साफ हुआ है और काम शुरू हो चुका है। उन्होंने बताया कि मार्किट बनने से इलाके की गंदगी की समस्या भी दूर हो जाएगी।

## वेद प्रकाश बायल बने सर्वसम्मति से सैन सभा के प्रधान



**टीम एक्शन इंडिया/लालचंद नांगल चौधरी**

**स्थानीय** वैद्यनाथ कंपलेक्स नांगल चौधरी में सैन समाज द्वारा एक समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बिहारी लाल वांयल की। समाज में सर्व सम्मति से वेद प्रकाश बांयल को सभा का प्रधान घोषित किया व पूर्व में रहे कोऑपरेटिव बैंक के प्रबंधक शंभू दयाल नांगल चौधरी को समाज का संरक्षक बनाया गया। इस अवसर पर रोशन लाल अमरपुरा, हितेंद्र कुमार, रामनिवास बूढवाल, लालचंद सेन, सुभाष कुमार, शेर सिंह बिहारीपुर, पूर्व कैशियर उदमीराम, पूरन सिंह गांवड़ी जाट, गुलजारीलाल व नाथूराम सहित अनेक कार्यकर्ताओं को कमेटी में शामिल किया गया।

## नीलम कौशिक को गवर्नर हरियाणा स्टेट अवार्ड से करेंगे सम्मानित

### नीलम कौशिक शिक्षा में ही नहीं बल्कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए जानी जाती है

**गोहाना,**

**राजकीय वरिष्ठ** माध्यमिक विद्यालय भैंसवान खुर्द की अध्यापिका नीलम कौशिक हरियाणा के राज्यपाल बंडारु दत्तात्रेय 2022-23 के लिए स्टेट अवार्ड से शिक्षक दिवस पर राजभवन चंडीगढ़ में सम्मानित करेंगे। नीलम कौशिक शिक्षा में ही नहीं बल्कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए जानी जाती है। शिक्षिका होने के कारण शिक्षा से लगाव होना एक स्वभाविक बात है किंतु नीलम कौशिक बच्चों को स्वच्छता के प्रति प्रेरित भी करती है। नीलम कौशिक गोहाना शहर के प्रख्यात कार्डियोलॉजिस्ट डॉ



गजराज कौशिक की धर्मपत्नी है। नीलम कौशिक का शिक्षा विभाग में चयन लगभग 21वर्ष पहले हुआ था, जिसमें उनकी पहली नियुक्ति राजकीय माध्यमिक विद्यालय गुढा में हुई थी उसके बाद राजकीय कन्या वरिष्ठ

**सम्मान**

**पिता की याद में पैतृक गांव बामला में लाइब्रेरी का संचालन युवा पीढ़ी को सही दिशा देने के लिए कर रही है**

माध्यमिक विद्यालय गोहाना शहर में और फिर 2019 में इसराना खंड के गांव बांध तबादला हुआ। उन्होंने अपना सरकारी विभागीय रिकार्ड दुरस्त एवं सही रखा तथा बांध स्कूल में पोस्टिंग के दौरान स्कूल को जिला स्तरीय स्वच्छता पुरस्कार से अपने स्कूल को सम्मानित करवाया। यह नीलम कौशिक का बच्चों के अंदर स्वच्छता अभियान के प्रति जागरूकता का ही परिणाम था। 2022 में नीलम कौशिक पुनः राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भैंसवान खुर्द तहसील गोहाना लौट आई ओर अपने आप में रक्त दान करने की ठान ली तथा अबतक छःबार रक्तदान कर चुकी है। शिक्षा के क्षेत्र की बात की जाए तो उन्होंने सर्वप्रथम अपने पिता कृष्ण कुमार शर्मा की याद में अपने पैतृक गांव बामला जिला भिवानी में एक भव्य लाइब्रेरी का संचालन युवा पीढ़ी को सही दिशा देने के लिए कर रही है।

## न्यूज फ्लैश

### अब गरीबों को 10 रुपए में मिलेगी थाली

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**

**नारनौल । हरियाणा** सरकार की अंत्योदय आहार योजना के तहत अब गरीब मजदूरों को पुरानी अनाज मंडी मार्केट कमेटी कार्यालय में सस्ता भोजन उपलब्ध होगा।



हरियाणा भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड की ओर से चलाई जा रही इस योजना का उपायुक्त मोनिका गुप्ता आईएएस ने आज रिबन काटकर कैंटीन का शुभारंभ किया। इस मौके पर डीसी मोनिका गुप्ता ने बताया कि इस कैंटीन में मात्र 10 रुपए में खाने की थाली दी जाएगी। उन्होंने बताया कि यह सरकार की ओर से खोली जाने वाली 16वीं कैंटीन है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल के निर्देश अनुसार हरियाणा में इस प्रकार की कुल 100 कैंटीन खोली जाएंगी। उन्होंने कहा कि सरकार की यह एक अच्छी पहल है। अब गरीब आदमी को खाने के लिए 100 -200 रुपए नहीं बल्कि इस कैंटीन में 10 रुपए में भरपेट खाना मिल सकेगा। उन्होंने बताया कि इस कैंटीन में एक बार में 70 लोग खाना खा सकते हैं। स्वयं सहायता समूह की महिलाएं इस कैंटीन में खाना बनाएंगी। इस योजना के तहत एक तरफ जहां गरीबों को सस्ती दर पर खाना मिलेगा वहीं स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को काम मिलेगा। उन्होंने बताया कि सरकार की सोच है कि गरीब आदमी को सस्ती दर में अच्छा खाना मिले। इसी उद्देश्य को लेकर मुख्यमंत्री के निर्देश पर पूरे हरियाणा में इस तरह की कैंटीन खोली जा रही है। इससे पहले डीसी मोनिका गुप्ता ने मार्केट कमेटी कार्यालय परिसर में स्थित क्रैच का भी अवलोकन किया। इस अवसर पर श्रम विभाग से उपनिदेशक रमेश सिंह, सहायक निदेशक दिनेश यादव के अलावा मार्केट कमेटी के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

### मांगों को लेकर आशा वर्करों ने डीसी ऑफिस में दिया धरना

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**



**मांगो को लेकर** धरने पर बैठी आशा वर्कर्स का प्रदर्शन लगातार जारी है पिछले काफी लंबे समय से आशा वर्कर्स अपनी मांगों को लेकर धरने पर बैठी हुई है। आलम यह है कि सरकार आशा वर्कर्स की एक सुनने को तैयार नहीं अब आशा वर्कर्स में सरकार को लेकर नाराजगी साफ देखी जा सकती है आशा वर्कर्स मौजूदा सरकार से खफा है। आज फिर से अंबाला डीसी कार्यालय पहुंची और अपनी नाराजगी जताई और जमकर नारेबाजी कि । आशा वर्कर से बात करने पर उन्होंने बताया कि वह काफी लंबे समय से प्रदर्शन कर रही है लेकिन सरकार उनकी मांगे मानने को बिल्कुल भी तैयार नहीं है। उल्टा उनके साथ प्रशासन द्वारा तानाशाही रवैया अपनाया जा रहा है आशा वर्कर्स ने यह तक कह दिया कि सरकार का नारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ बिल्कुल फेल है क्योंकि यह सरकार आशा वर्कर्स बहन बेटियों के बारे में रत्ती भर भी सोचने को तैयार नहीं है। बेटियों का सम्मान केवल रक्षाबंधन पर ही नहीं हर रोज होना चाहिए। प्रदर्शन के दौरान दो आशा वर्कर्स की जान भी जा चुकी है जिसका हाल तक सरकार द्वारा नहीं पूछा गया अपनी बात हाई कमान तक पहुंचाने के लिए वह पंचकूला कूच कर रही थी तो उन्हें रास्ता भी नहीं दिया गया और प्रशासन की बर्बरता उन्हें झेलनी पड़ी उनका साफ तौर पर कहना है कि उन्हें हड़ताल करने का कोई शौक नहीं है। सरकार उनकी बात व उनकी मांगे मान ले और प्रदर्शन समाप्त कर दे। उन्होनें कहा कि वे समाज में अपनी भूमिका निभाते हुए जच्चा बच्चा की शुरू से लेकर अंत तक देखभाल करती है। इतना ही नहीं गर्भवती महिलाओं की डिलवरी करवाने से लेकर बच्चों के टीकाकरण तक का कार्य संभालती है। लेकिन इसके बाद भी सरकार उनकी तरफ ध्यान नहीं दे रही है। उन्होनें कहा कि 4 हजार रूपए वेतन में उनका गुजारा नहीं चलता। जिसके कारण परेशानी का सामना करना पड़ता हैं। सरकार को चाहिए कि उनके कार्यों व भूमिका को देखते हुए उनका वेतन बढाना चाहिए जिससे वह भी अपना जीवन यापन अच्छे से कर सके।

## 'अनुसूचित जाति के उत्थान के लिए दुष्यंत चौटाला सदैव प्रयासरत'

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत , कमाल हुसैन**

**जननायक जनता** पार्टी के प्रेस प्रवक्ता जयदेव नौल्था ने हरियाणा सरकार द्वारा सरकारी नौकरियों में ग्रुप ए और ग्रुप बी के पदों पर अनुसूचित जाति के कर्मचारियों, अधिकारियों को प्रमोशन में 20 प्रतिशत आरक्षण देने के फैसले का स्वागत किया है और राज्य सरकार का आभार व्यक्त किया है। जेजेपी एससी सेल के जिला अध्यक्ष ने इस फैसले की सराहना की और कहा कि इससे प्रदेश में अनुसूचित जाति के कर्मचारियों को बेहद लाभ मिलेगा। जयदेव नौल्था ने



कहा कि जिस तरह से जननायक चौ. देवीलाल लाल ने हरिजन चौपालों का निर्माण करवाकर सबको बराबरी का सम्मान देने का कार्य किया था, उसी तरह आज प्रदेश के डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला अनुसूचित वर्ग के उत्थान के लिए निरंतर प्रयासरत रहते है। उन्होंने कहा कि एससी समाज से जुड़े कर्मचारियों के उत्थान के लिए उठाए गए इस कदम के लिए वे दुष्यंत चौटाला का आभार व्यक्त करते है। उन्होंने कहा कि 20 प्रतिशत आरक्षण मिलने से एससी परिवारों से जुड़े सरकारी कर्मचारी महत्वपूर्ण पदों पर पहुंचकर प्रदेश के विकास में अपना अहम रोल अदा करेंगे। जजपा र.उ सेल जिला अध्यक्ष सुनील कचरोली ने कहा कि जेजेपी सभी वर्गों को साथ लेकर आगे बढ़ रही है।

## निजामपुर खंड में लगे मेले में 81 लोगों ने कराया पंजीकरण

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**

**नारनौल। उपायुक्त** मोनिका गुप्ता के दिशा निदेर्शानुसार कल्याण विभाग की ओर से लगाए जा रहे मेलों की कड़ी में आज खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय निजामपुर के प्रांगण में मेले का आयोजन किया गया। इस दौरान सभी श्रेणी के लाभार्थियों ने सरकार की योजनाओं का लाभ लेने के लिए 81 लोगों ने आवेदन किया। सामाजिक न्याय अधिकारिता अनुसूचित जाति एवं पिछड़े वर्ग कल्याण और अंत्योदय विभाग हरियाणा की ओर से आयोजित इस मेले में सभी जाति



के लोगों को उनकी पात्रता के अनुसार सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के साथ जोड़ने के लिए फार्म भरवाए गए। मौके पर ही अधिकारियों ने कागजात पूरे करवाने में उनकी मदद की तथा पंजीकरण करते हुए संबंधित योजना के लिए आवेदन करवाया।

इस मौके पर लोगों ने कहा कि सरकार की ओर से समय-समय पर आयोजित किए जा रहे इस प्रकार के मेलों के माध्यम से बिना किसी परेशानी के सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है।

## गठबंधन सरकार के विधायकों ने भी माना कि 2024 भूपेंद्र सिंह हुड्डा ही बनेगें मुख्यमंत्री: मलौर

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार) पूर्व विधायक** जसबीर मलौर ने कहा कि हरियाणा में गठबंधन सरकार ने चुनाव से पहले ही अपनी हार स्वीकार कर ली है। विधानसभा में गठबंधन सरकार के विधायकों ने मुख्यमंत्री और सभी विधायकों की मौजूदगी में कहा की 2024 में भूपेंद्र सिंह हुड्डा ही मुख्यमंत्री बनेंगे। इन विधायकों ने यह भी स्वीकार किया कि सरकार द्वारा प्रदेश की जनता को सुविधाएं देने की बजाय अलग अलग पोर्टल चलाकर परेशान किया जा रहा है। मलौर ने कहा कि प्रदेश के बच्चे बच्चे की जुबान पर यह सच्चाई आ चुकी है कि आने वाले आम चुनाव में कांग्रेस की सरकार बनेगी औ? जनता को मँहगाई, बेरोजगारी, , जंगल राज से निजात मिलेगी।

## मुलाना पहुंची इनेलो की परिवर्तन यात्रा

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार) जिला अंबाला में** 5 दिन बाद फिर इंडियन नेशनल लोकदल की परिवर्तन पदयात्रा शुरू हुई। यात्रा नारायणगढ़ के कड़ासन से शुरू हुई, जोकि नारायणगढ़ और मुलाना के 10 गांवों को कवर करती हुई मुलाना में रात्रि विश्राम करेगी। यात्रा की अगुवाई इनेलो नेता अभय सिंह चौटाला और उनकी पत्नी सुनैना चौटाला कर रहे हैं। अभय सिंह चौटाला गांव गोली पहुंचे।

ग्रामीणों को संबोधित करते हुए अभय सिंह चौटाला ने सरकार पर जमकर भड़ास निकाली। कहा कि बाढ़ के कारण अंबाला जिले की सारी फसल तबाह हो गई। कोई

**पदयात्रा**

**नारायणगढ़ और मुलाना के 10 गांवों को कवर करती हुई मुलाना में रात्रि विश्राम करेगी**

अधिकारी फील्ड में किसानों की समस्या जानने और फसल की गिरदावरी करने नहीं पहुंचा। किसानों को मुआवजे के लिए आवेदन करने में दिक्कते झेली। खुद मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने विधानसभा सत्र के दौरान एक बार भी अपने मुंह से किसानों की बर्बाद हुई फसल के बारे में एक शब्द तक नहीं बोला।

26 अगस्त को इनेलो की पदयात्रा ने यमुनानगर जिले से होते हुए अंबाला में एंट्री की थी। अभय सिंह चौटाला के विधानसभा सत्र में होने के कारण उनके बेटे अर्जुन चौटाला ने यात्रा की अगुवाई की थी। इनेलो 9 सितंबर तक अंबाला के साथ-साथ पंचकूला जिले को भी कवर करेगी।

पदयात्रा के दौरान इनेलो मतदाताओं को लुभा रही है। इनेलो नेता बड़े-बड़े वादे कर रहे हैं। इनेलो बेरोजगार युवाओं को नौकरी देने, नौकरी न मिलने तक 21 हजार रुपए बेरोजगारी भत्ता देने, पोर्टल खत्म करने, बिजली के मीटर को उतार नए मीटर लगवाने समेत कई वादे किए हैं।

## 'विज्ञान के कारण ही चंद्रमा तथा अन्य ग्रहों में पहुंचने तथा अंतरिक्ष में भ्रमण करने में सफलता प्राप्त हुई'

**टीम एक्शन इंडिया/शर्मा**

**नारनौल। राजकीय महाविद्यालय** नारनौल में बॉटनी विभाग में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन साइंस सोसायटी के तत्वाधान में और प्राचार्य डॉ पूर्ण प्रभा की अध्यक्षता में किया गया। इस मौके पर प्राचार्य डॉ पूर्ण प्रभा ने विधार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विज्ञान शब्द का प्रयोग ज्ञान की ऐसी शाखा के लिए भी करते हैं, जो तथ्य, सिद्धान्त और तरीकों को प्रयोग और परिकल्पना से स्थापित और व्यवस्थित करती है। इस प्रकार हम कह सकते हैं



कि प्रकृति के क्रमबद्ध एवं सुव्यवस्थित ज्ञान को विज्ञान कहते है।आज मनुष्य विज्ञान के कारण ही चंद्रमा तथा अन्य ग्रहों में पहुंचने तथा अंतरिक्ष में भ्रमण करने में सफलता प्राप्त की है। बिना विज्ञान के इसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती थी।

महाविद्यालय कुलसचिव डॉ सत्य पाल सुलोदिया ने बताया कि पढ़ाई के साथ साथ विधार्थियों को महाविद्यालय की अन्य गतिविधियों में हिस्सा लेना चाहिए जिससे उनका सर्वांगीण विकास और विकास होता है। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में करीब 60 विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिसमे हरीश, तमन्ना, गाथा व अंजनी ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में डॉ चंद्रमोहन, भूगोल विभाग और डॉ सतीश सैनी व डॉ पलक ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई।

## अंबाला पुलिस के हत्थे चढ़ा अंतरराज्यीय चोर गिरोह

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार) अंबाला शहर**

पुलिस ने अंतर राज्यीय चोर गिरोह का पदार्फाश करते हुए 30 मोटरसाईकिलों को बरामद किया है। एसपी जशनदीप सिंह रंधावा ने अंबाला शहर के सैक्टर 10 स्थित सीआईए -1 में आयोजित पत्रकारवार्ता में बताया कि आरोपी बड़े ही शातिर ढंग से वारदातों को अंजाम देते थे। अंबाला के बलदेव नगर, सैक्टर-9, महेश नगर सहित अनेक स्थानों पर चोरी की वारदातों की शिकायत मिल रही थी जिस पर पुलिस ने सर्तकता दिखाते हुए शिकंजा कसा और इस मामले में आरोपी सोमपाल निवासी घसीटपुर व अरूण निवासी सैक्टर -34 को




गिरफतार किया। आरोपियों को खरड़ से गिरफतार किया गया। एसपी ने यह भी बताया कि उक्त आरोपियों ने चोरी की 9 कारों की वारदात को भी कबूला है। उन्होंने बताया कि सोमपाल पर पहले भी कई मुकदमे दर्ज है। वह अनेक स्थानों पर चोरी की वारदातों को अंजाम दे चुका है।

उन्होनें बताया कि पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। इसके साथ ही आस पास सके जिलों से भी पता लगाया जा रहा है कि उक्त आरोपियों ने उनके क्षेत्रों में कितनी वारदातों को अंजाम दिया है।

पुलिस यह भी पता लगाने की कोशिश कर रही है कि आरोपी चोरी की मोटर साइकिलें किन्हे बेच रहे थे।

**केजरीवाल और मान नए पदाधिकारियों को शपथ दिलाएंगे**

## सीएम केजरीवाल व सीएम मान आयेंगे भिवानी: सुखबीर मलिक

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**

**आम आदमी** पार्टी के जिला अध्यक्ष राकेश चुघ ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान तीन सितंबर को सर्कल इंचार्जों के शपथ ग्रहण के लिए भिवानी में आएंगे। वे शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे और नए पदाधिकारियों को शपथ दिलाएंगे। इससे प्रदेश भर के आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताअं और समर्थकों में भारी जोश व उत्साह बना हुआ है। शपथ ग्रहण समारोह में प्रदेश के सभी वरिष्ठ नेता भी मौजूद रहेंगे। राकेश चुघ शुक्रवार को सनौली

**शपथ की तैयारी**

**1400 पदाधिकारियों की घोषणा की गई है, जिनमें 1338 सर्कल इंचार्ज नियुक्त किए गए**

रोड स्थित आप कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। राकेश चुघ ने कहा कि इसी 30 अगस्त को 1400 पदाधिकारियों की घोषणा की गई है, जिनमें 1338 सर्कल इंचार्ज नियुक्त किए गए हैं। आम आदमी पार्टी ने पांच वार्डों और पांच गांवों पर एक



सर्कल इंचार्ज बनाने का काम किया है। तीन सितंबर को दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल सर्कल इंचार्जों को शपथ दिलाने के लिए भिवानी पहुंच रहे हैं। यह शपथ ग्रहण अपने आप में ऐतिहासिक होगा। आम आदमी पार्टी प्रदेश में तेजी से एक मजबूत संगठन का निर्माण कर रही है। उन्होंने कहा कि अब तक हरियाणा में 4000 पदाधिकारियों की घोषणा हो चुकी है। जिनकी नियुक्ति तीन चरणों में की गई है। आम आदमी पार्टी में जमीन से जुड़े लोगों को जिम्मेदारी दी जा रही है। आम आदमी पार्टी हरियाणा का सबसे बड़ा संगठन तैयार करेगी। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के संगठन की धीरे धीरे गांव तक पैंठ बन गई है। आम आदमी पार्टी बहुत जल्द गांव और बूथ स्तर पर भी कमेटियों का गठन करेगी। उन्होंने कहा कि लोगों की लडाई वहीं लड सकता है, जिसके पास मजबूत संगठन होता है। आम का बिजली आंदोलन प्रदेशभर में करीब एक माह तक चला और बिजली आंदोलन के दौरान आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता प्रदेश के सभी गांवों व शहरों के सभी वार्डो में घर-घर गये और आप की दिल्ली व पंजाब राज्यों की सरकारों द्वारा लोगों को दी जा रही फ्री बिजली को लेकर अवगत करवाया गया।

# यमुना विहार: हमेशा ही देशहित में कार्य करें: चौहान





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**'मेरी** माटी मेरा देश' कार्यक्रम उत्तर-पूर्वी जिला द्वारा हर मंडल में आयोजित किया गया। गोंडा विधानसभा के यमुना विहार मंडल में जिला अध्यक्ष पूनम चौहान और विधायक अजय महावर द्वारा घर-घर जाकर अमृत वाटिका के लिए मिट्टी चावल कलश में एकत्र करने का कार्य किया। पूनम चौहान ने कहा यह शहीदों के लिए एक सच्ची श्रद्धांजलि है और प्रधानमंत्री द्वारा इस अभियान को पूरे देश में चलाया जा रहा है। इसका पहला पखवाड़ा 1 सितंबर से 15 सितंबर तक चलेगा। अजय महावर ने कहा हम हिंदू संस्कृति सनातन धर्म सर्व धर्म सुखाए सर्वधर्म हिताय और सर्वव्यापी सर्वस्पर्शी नीति को लेकर हर घर भारतीय तिरंगा व कलश लेकर जा रहे हैं, जिसमें सभी का सहयोग मिल रहा है। वही करावल नगर विधानसभा में मोहन सिंह बिष्ट ने घर-घर जाकर देशहित में लोगों को एकजुट होकर साथ आने को कहा सभी जाति धर्म संप्रदाय को एक कड़ी में जोड़कर देश हित में जुड़ने के लिए कलश यात्रा। इसी तरह विभिन्न मंडलों में मंडल अध्यक्षों और निगम पार्षदों जिला पदाधिकारी द्वारा यात्रा निकाली गई। मीडिया प्रभारी दीपक चौहान ने कहा जिस तरह हमने श्री राम मंदिर निर्माण के लिए हर घर से एक ईंट इकट्ठी की और आज फिर देश के सभी वर्गों को एक सूत्र में जोड़ते हुए कलश यात्रा द्वारा घर-घर से माटी चावल सिंदूर एकत्र कर कर्तव्य पथ पर सैनिकों के याद में अमृत वाटिका का निर्माण करने हेतु यह कार्य किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में राजेन्द्र अग्रवाल, दिनेश धामा, सत्यपाल सिंह बैसला, डॉ यू के चौधरी, मुकेश गोयल, दीपक चौहान सुशील, प्रमोद गुप्ता, बी सी वशिष्ठ, योगेंद्र राजोरा, नीता बिष्ट व समस्त मंडल अध्यक्ष, निगम पार्षद व कर्मठ और जुझारू कार्यकर्ता व सम्मानित नागरिक उपस्थित रहे।

# पीरागढ़ी में आयोजित होगी 3 को महापंचायत: सुरेन्द्र सोलंकी




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** देहात के गांवों पर सरकारों द्वारा थोपे जा रहे मनमाने नियम और अत्याचार को अब और नहीं सहेंगे और इसे लेकर पीरागढ़ी गांव में 3 सितंबर को एक बड़ी महापंचायत बुलाई गई है। जिसमें दिल्ली के सभी गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण आएंगे। पालम 360 के प्रधान चौधरी सुरेन्द्र सोलंकी ने शुक्रवार को प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस वार्ता में उक्त बातें कही। इस दौरान चौधरी सोलंकी ने कहा कि हम गांवों को बचाने की मुहिम के तहत व गांव-गांव जाकर लोगों को जागरूक कर रहे हैं कि अपने हक-अधिकार के लिए आवाज बुलंद करने का अब सही समय है। उन्होंने बताया कि वे तकरीबन दिल्ली के 200 गांवों में पिछले 15 दिनों में खुद गए हैं और दिल्ली के गांवों के हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं, उनकी सुध लेने वाला कोई नहीं है। गांवों के इन हालातों के लिए डीडीए और दिल्ली सरकार जिम्मेदार है। प्रेस वार्ता में बवाना 52 के प्रधान चौधरी धारा सिंह, चौधरी नरेश, प्रधान लाड़ो सराय 96, सुरेश शौकीन प्रधान नांगलोई 9 एवं रोहताश शौकीन पीरागढ़ी थे। चौधरी सोलंकी ने कहा कि यह लड़ाई 36 बिरादरी की है और इसको सब मिलकर लड़ेंगे।

# सुल्तानपुरी: आरडी खान हुए विधायक प्रतिनिधि नियुक्त



**टीम एक्शन इंडिया /नई दिल्ली**
**सुल्तानपुरी विधानसभा** क्षेत्र में रहने वाले समाजसेवी व आम आदमी पार्टी के पुराने कार्यकर्ता रियाजूद्दीन खान को क्षेत्रीय विधायक मुकेश कुमार अहलावत ने मंगोलपुरी स्थित एच ब्लॉक के गर्वमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंड्री स्कूल में विधायक प्रतिनिधि के तौर पर नियुक्त किया हैं। इस दौरान पार्टी के अन्य कार्यकर्ता भी मौजूद थे, जिन्होने आरडी खान को बधाई दी। वहीं विधायक मुकेश अहलावत ने नियुक्ति पत्र सौंपते हुए उन्हें कहा कि क्षेत्रवासियों की समस्याएं उन तक पहुंचने और उनका निस्तारण करने की अपील की। जिसके बाद आरडी खान ने विधायक मुकेश अहलावत का आभार व्यक्त करते हुए कहा हैं कि विधायक ने मुझे जो जिम्मेदारी सौंपी हैं, उसको मैं पूरी मेहनत और लगन के साथ पूरा करने का हर संभव प्रयास करूंगा। वहीं उन्होंने कहा कि मैं पहले भी लोगों की सेवा के लिए हर समय तैयार रहता था, लेकिन अब जिम्मेदारी भी बढ़ गई हैं।
आरडी खान ने बताया कि दिल्ली सरकार द्वारा समय-समय पर लोगों के हित में जो भी मुफ्त की योजनाएं गरीब के लिए चलाई जाती हैं, वह सभी योजनाएं निरंतर रूप से लोगों के घर-घर तक पहुंचाने के साथ ही उन योजनाओं का लाभ गरीब तबके के लोगों को दिलवाने का भी भरसक प्रयास करूंगा।
वहीं उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य को लेकर दिल्ली सरकार द्वारा संचालित स्वास्थ योजनाओं का लाभ दिलाते हुए उनके स्वंजनों को कोई परेशानी ना हो इसका विशेष ध्यान रखूंगा व लोगों की जरूरतों को विधायक से अवगत कर पूरा कराया जाएगा।

# बांकनेर: विज्ञान मेले का आयोजन, पहुंची दिल्ली की मेयर



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** नगर निगम की महापौर डॉ. शैली ओबरॉय ने नरेला जोन के निगम प्राथमिक बाल विद्यालय बांकनेर में आयोजित विज्ञान मेले में शिक्षकों को सम्मानित किया।
महापौर डॉ. शैली ओबरॉय ने विज्ञान मेले के आयोजन पर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि नरेला जोन का विज्ञान मेला निगम के सबसे अच्छे विज्ञान मेलों में से एक है। आज का समय महिला सशक्तिकरण का समय है और महिलाओं ने अंतरिक्ष से लेकर माउंट एवरेस्ट तक अपने परचम लहराए हैं। निगम के शिक्षक छात्रों को हमारी संस्कृति एवं सामाजिक मूल्यों की शिक्षा दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि वो स्वयं भी एक शिक्षक रही हैं तथा उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय में पढ़ाया है। शिक्षा सबसे नॉबेल व्यवसाय है। नरेला जोन से सबसे उत्कृष्ट खिलाड़ी एवं शिक्षक निकल कर आते हैं। उन्होंने कहा कि केजरीवाल सरकार के शिक्षा मॉडल को फॉलो करते हुए निगम विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को प्रशिक्षण के लिए आईआईएम भेजा गया। सीएम केजरीवाल द्वारा दी गई 10 गारंटी पूरा करने के लिए निगम की आप सरकार प्रतिबद्ध है। महापौर डॉ. शैली ओबरॉय ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में निगम की आप सरकार दिल्ली सरकार के शिक्षा मॉडल को निगम विद्यालयों में लागू करेगी। इसी कड़ी में कार्य करते हुए निगम विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को प्रशिक्षण के लिए आईआईएम जैसे उत्कृष्ट संस्थान में भेजा गया है, आगे चलकर राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित निगम शिक्षकों एवं विद्यालय प्रभारियों को भी प्रशिक्षण के लिए बाहर भेजा जाएगा। इस अवसर पर पार्षद दिनेश कुमार, नरेला वार्ड पार्षद श्वेता खत्री, होलंबी वार्ड पार्षद नेहा एवं पूठ कलां वार्ड से पार्षद ऋतु, नरेला उपायुक्त वीर सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

# नांगलोई : महंगाई और बेरोजगारी से देश की जनता परेशान: कृष्ण पाल गहलोत



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**नांगलोई विधानसभा** क्षेत्र में रहने वाले कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कृष्णपाल गहलोत ने कहा कि देश में मंहगाई ने आम आदमी से लेकर हर किसी की कमर तोड़ रखी है। चावल, तेल, दाल, सब्जी, फल जैसी खाने-पीने की चीजों से लेकर पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस जैसी जरूरत की वस्तुओं की कीमत आसमान छू रही है, वहीं बेरोजगारी का अधिभार भी लोगों को सताने लगा हैं। वहीं कृष्णपाल ने यह भी कहा कि लोगों ने भाजपा को इसलिए चुनकर सत्ता में लाया था कि भाजपा सरकार महंगाई पर लगाम लगायेगी लेकिन परिस्थिति बिल्कुल विपरित हैं, केंद्र सरकार ने महंगाई से राहत देने के बजाय उन्हें 'लूटने' का कार्य किया हैं।
**महंगाई से त्रस्त हैं जनता:** कृष्णपाल गहलोत ने कहा कि आने वाले 2024 के चुनाव में जनता जर्नादन मोदी सरकार को जवाब देने से पीछे नहीं हटेगी, देश की जनता महंगाई और बेरोजगारी से त्रस्त है, लेकिन बीजेपी सरकार उनकी मेहनत की कमाई को लूटने में लगी हुई है। उन्होने कहा कि कच्चे तेल की कम कीमतों के बावजूद, मोदी सरकार जनता को इसका लाभ देने के बजाय, पेट्रोल और डीजल पर बेरहमी से टैक्स लगाकर मुनाफाखोरी कर रही है, सरकार न सिर्फ मुनाफा कमा रही है, बल्कि अपने पूंजीपति मित्रों को भी लूट की छूट दे दी है।

# बरवाला: वत्स ने लिखा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** आदर्श ग्रामीण समाज के कार्यकारी अध्यक्ष दयानंद वत्स बरवाला ने राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ट्वीट के माध्यम से पत्र लिखकर दिल्ली के 360 गांवों के मूल ग्रामीणों का अस्तित्व बचाने की गुहार लगाई है।
वत्स ने महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बताया कि किस तरह डीडीए ने 360 गांवों को बरबाद किया है, विस्तार से इसकी जानकारी देते हुए कहा हैं कि दिल्ली के गांवों में कृषि भूमि का अधिग्रहण औने-पौने दाम पर किया और उसी जमीन को करोड़ों, अरबों में बेचा। किसानों की उनकी भूमि का उचित मुआवजा तक नहीं दिया। वैकल्पिक प्लाट आज तक नहीं मिले। डीडीए कहता है उसके पास प्लाट देने के लिए जमीन नहीं है। ऐसे में वत्स ने कहा कि यदि वैकल्पिक प्लाटों के लिए डीडीए के पास जमीन नहीं है तो भू-स्वामी को मिलने वाले प्लाट के आकार के हिसाब से 32 मीटर 50 लाख, 60 मीटर एक करोड, 90मीटर 1.5 करोड, 120 मीटर प्लाट के लिए 2 करोड रुपये का तत्काल प्रभाव से नकद भुगतान डीडीए करें। इन दिनों 360 गांवों की ग्राम सभा की हजारों एकड़ जमीन का मालिक डीडीए फ्री में बन गया है। जबकि ग्राम सभा की जमीन गांव वासियों की भलाई के लिए बनाई विकास योजनाओं के लिए थीं। जिस पर डीडीए का कब्जा हो चुका है। स्मार्ट सिटी बनाने की बातें हो रही हैं। लेकिन दिल्ली सरकार और केंद्र की सरकार ने दिल्ली में 70 विधानसभाओं में एक-एक स्मार्ट विलेज बनाने की और कोई ध्यान नहीं दिया है। दिल्ली में स्मार्ट विलेज बनाने की नीति अविलंब बनाई जाए। गांवों की 36 बिरादरी के गरीब कुशल खेतीहर मजदूरों के लिए पुनर्वास योजना आज तक लांच नहीं की गई है? ऐसे हजारों कुशल खेतीहर मजदूर डीडीए की भूमि अधिग्रहण नीति से बेरोजगार हो गये थे। ग्राम सभा की भूमि का अरबों रुपया सरकारी खाते में जमा है पर गांव के विकास के लिए एक रुपया भी खर्च नहीं किया जा रहा है। दयानंद वत्स ने कहा कि हैरानी इस बात की भी है कि डीडीए ने आज तक किसी भी गांव का विलेज डेवलपमेंट प्लान नहीं बनाया। सभी गांवों के 36 बिरादरी के कृषि पर आधारित खेतीहर मजदूरों को काम-धंधे के लिए दुकानें, रिहायशी प्लाट आवंटन नहीं की।

# आजादपुर: रोड़ हो रहा है पार्किंग में तब्दील: खंडेलवाल

**समस्या...**

वैसे तो आप रोड़ पर गाड़ी खड़ी करके चले जाओं तो ट्रैफिक पुलिस वाले गाड़ी उठा ले जाते है, लेकिन यहां पर पूरे दिन गाड़ी खड़ी रहती है, लेकिन संबंधित विभाग ध्यान नहीं देता है: संदीप



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**आजादपुर** मंडी के सामने वाला रोड़ पिछले कई दिनों से पार्किंग में तब्दील होता जा रहा है, रोड़ के दोनों तरफ गाड़ियां लगने की वजह से यहां पर अक्सर जाम की समस्या होती है। इस समस्या पर बोलते हुए भारतीय किसान यूनियन भानू दिल्ली प्रदेश युवा मोर्चा के अध्यक्ष संदीप खंडेलवाल ने कहा कि आजादपुर फल व सब्जी मंडी के सामने वाले रोड़ पर प्रशासन की लापरवाही की वजह से यहां पर गाड़ियां खड़ी हो रही है। वैसे तो आप रोड़ पर गाड़ी खड़ी करके चले जाओं तो ट्रैफिक पुलिस वाले गाड़ी उठा ले जाते है, लेकिन यहां पर पूरे दिन गाड़ी खड़ी रहती है, लेकिन संबंधित विभाग इस रोड़ को खाली करवाने की ओर ध्यान नहीं दे रहा है, जिसके चलते यहां से गुजरने वाले परेशान होते है।

# दिल्ली विश्वविद्यालय में विज्ञान एवं वस्तु प्रदर्शनी का आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**अखिल** भारत में संस्कृत सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी क्रम में संस्कृत विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय और संस्कृत भारती, दिल्ली प्रांत के संयुक्त तत्वावधान में संस्कृतसंस्कृत्योः पारसीकभाषायाश्च अन्तः सम्बन्धः (संस्कृत संस्कृति और फारसी भाषा के बीच अंतसंबंध) विषय पर एक विशेष व्याख्यान, विज्ञान प्रदर्शनी और वस्तु प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।
इस कार्यक्रम के विशिष्ट वक्ता आचार्य चन्द्रशेखर, अध्यक्ष, फारसी भाषा विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय, मुख्य अतिथि, आचार्य रमेश कुमार पाण्डेय, भूतपूर्व कुलपति, श्री लाल बहादुर शास्त्री केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, दिल्ली, अध्यक्ष, दिल्ली प्रांत संस्कृत भारती जी की गौरवपूर्ण उपस्थिति थी। आचार्य अमिताभ चक्रवर्ती, डीन, कला संकाय, दिल्ली विश्वविद्यालय और ओमनाथ बिमली, अध्यक्ष संस्कृत विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय। प्रो. रणजित बेहेरा, प्रो. भारतेन्दु पाण्डेय, प्रो. मीरा द्विवेदी, डॉ. धनंजय कुमार आचार्य इत्यादि दिल्ली विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग के अन्य सभी गणमान्य प्राध्यापक उपस्थित थे। कार्यक्रम के सुचारूरूप से सम्पन्न होने में संस्कृत भारती दिल्ली प्रांत के कार्यकर्ता मनीष, कमला नगर जिला विस्तारक, दिव्यरंजन, सह महाविद्यालय प्रमुख, अंगिरस, कमलानगर जिला प्रचार प्रमुख, कृष्णकांत, प्रीति, पंकज, मनीष, रनिता, तान्या शर्मा, सृष्टि, अंशिका, वंशिका, रोहित, विवेक, अमन, अभिजीत, दीपक, अजीत, ऋषभ, सौरभ, पिंटू, सूरज आदि मौजूद रहे। समाज के लोगों के लिए श्लोकोच्चारण की प्रतियोगिता भी रखी गई थी।
श्लोकों का पाठ करने के बाद, संस्कृत भारती की ओर से उन्हें श्रीमद्भगवद्गीता, संस्कृतं वदतु ये दोनों पुस्तकें और पुरुस्कार स्वरूप प्रदान की गई। इस प्रकार जन-जन तक संस्कृत के प्रति अभिरुचि जागरण का कार्य किया गया।



पंडित किशोरी शरण से रक्षा सूत्र बंधवाते हुए शालीमार बाग के समाज सेवी सत्यपाल शर्मा।

# बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र के लिए खोला हुआ है प्रदेश के मुख्यमंत्री ने खजाने का मुंह : मूलचंद

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।** कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने रक्षाबंधन के पावन पर्व पर बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र के वार्ड 4 को तोहफा देते हुए कैबिनेट मंत्री श्री मूलचंद शर्मा ने गत सायं वीरवार को करीब 1 करोड़ रुपए कि लागत से संजय कॉलोनी 44 फीट रोड से लगती हुई करीब एक दर्जन गलियों के निर्माण कार्य की आधारशिला स्थानीय निवासियों के हाथ नारियल तुड़वाकर रखी। इस अवसर परिवहन मंत्री श्री मूलचंद शर्मा ने गली नंबर 55 से संजय कॉलोनी में आरएमसी से बनाई जाने वाली गली नंबर 54/5, 54 /4 ,54/6 ,55, 48, 75,65 ,10 ,11 और 49 नंबर गली को बनाने के कार्य की भी शुरूआत की। कैबिनेट मंत्री श्री मूलचंद शर्मा ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि कैबिनेट मंत्री श्री मूलचंद शर्मा ने प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल का धन्यवाद जताते हुए कहा कि बल्लभगढ़ विधानसभा के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री ने खजाने का मुंह खोला हुआ है, उन्हीं के आशीर्वाद से आज बल्लभगढ़ विधानसभा में विकास कार्य चल हुए हैं। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि जो अन्य गलियां बनने से रह गई है। वह भी जल्द बनाई जाएगी। वहीं कैबिनेट मंत्री श्री शर्मा ने स्थानीय निवासियों की समस्याओं को सुनते हुए कहा कि संजय कॉलोनी एरिया के कुछ हिस्से में पीने के पानी की समस्या है। जिसे दिवाली पर्व तक दूर कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पानी की समस्या को दूर करने के लिए जमीनी स्तर पर पीने के पानी की लाइन बिछाने का कार्य चला हुआ है। परिवहन मंत्री श्री शर्मा ने सेक्टर- 23 में पहुंचकर स्थानीय दुकानदारों से भी उनकी समस्याओं को सुना। स्थानीय निवासियों ने इस मौके पर ढोल बाजे के साथ परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा का जोरदार स्वागत किया।



**अधिकारियों को दिए ये निर्देश:** इस मौके पर कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि गलियों के निर्माण में कोई भी कोताही नही बरती जाए।इस मौके पर भाजपा नेता टिपर चंद शर्मा, मंडल अध्यक्ष अनुराग गर्ग, निर्वतमान पार्षद जयवीर खटाना, ज्ञानेंद्र भारद्वाज, रवि सोनी, दिलीप, सुखबीर प्रधान, सुभाष लांबा, दीपांशु अरोड़ा, चेतना पांडे, रमन, जयचंद, बृजलाल शर्मा, पारस जैन, पीएल शर्मा, नवीन चेची, दिनेश मुदगिल, कुलदीप मथारू, आलोक सोनी, डब्बू प्रधान, दामोदर उपाध्याय सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# परीक्षाओं के मद्देनजर परीक्षा केन्द्रों पर धारा 144 लागू: जिलाधीश विक्रम सिंह

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद,** जिलाधीश विक्रम सिंह ने 03 सितंबर रविवार को यूपीएससी/संघ लोक सेवा आयोग द्वारा ली जाने वाली लिखित परीक्षाओं को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने के लिए परीक्षा केंद्रों की परिधि में धारा 144 लागू करने के आदेश पारित किए हैं।



जिलाधीश ने जानकरी देते हुए बताया कि नेशनल डिफेंस अकादमी तथा नवल अकादमी की परीक्षा-2, 2023 रविवार 3 सितंबर को प्रातः 10:00 से 12:30 एवं दोपहर 02:00 से शाम 04:30 तक दो पालियों में आयोजित की जानी है। वहीं कंबाइंड डिफेंस सर्विसेज परीक्षा-2, 2023 प्रातः 9:00 बजे से 11:00 बजे तक, दोपहर 12:00 बजे से 2:00 बजे तक तथा दोपहर 3:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक तीन शिफ्टों में आयोजित की जाएंगी। जिलाधीश विक्रम सिंह ने सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार शक्ति का प्रयोग करते हुए आपराधिक प्रक्रिया अधिनियम 1973 के अनुसार धारा 144 लागू की है। ये आदेश डयूटी पर तैनात पुलिस व कर्मचारियों पर लागू नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि इन आदेशों की अवहेलना में यदि कोई दोषी पाया जाता है कि तो भारतीय दंड 188 के तहत दण्डित किया जाएगा। जारी किए गए आदेशों के तहत परीक्षा केंद्रों की 200 मीटर की परिधि में पांच या इससे अधिक व्यक्ति इकट्ठा होने पर पाबंदी रहेगी। इसके अलावा कोई भी व्यक्ति अनावश्यक रूप से प्रवेश नहीं कर सकता है। आदेशों की अवहेलना करने वाले तथा असामाजिक तत्वों के साथ सख्ती से निपटा जाएगा। परीक्षा केन्द्रों के नजदीक 200 मीटर की परिधि में सभी फोटो स्टेट की दुकानें भी बंद रहेगी। धारा-144 के तहत आदेश दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 को ध्यान में रखते हुए संघ लोक सेवा आयोग, नई दिल्ली द्वारा फरीदाबाद जिला के 13 परीक्षा केंद्रों में आयोजित किया जाना निर्धारित है।

## संक्षिप्त खबरें

### सरकार ने जागरूक ग्राहकों के लिए शुरू की मेरा बिल मेरा अधिकार योजना: तनेजा

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** हरियाणा व्यापारी कल्याण बोर्ड के जिला अध्यक्ष कृष्ण लाल तनेजा ने सभी व्यापारियों एवं दुकानदारों को बताया कि केंद्र सरकार एवं आबकारी व कराधान विभाग हरियाणा जागरूक ग्राहकों के लिए एक करोड़ रुपए तक जीतने का सुनहरा मौका लेकर आई है। इस स्कीम को सरकार ने मेरा बिल मेरा अधिकार नाम दिया है। उन्होंने सभी शहरवासियों से अनुरोध किया कि वह बाजार में कुछ भी शॉपिंग करते हैं तो उसकी पेमेंट गूगल पे, पेटीएम या फोन पे से करें और दुकानदार से उसका बिल अवश्य लें। इस स्कीम के अंतर्गत सरकार द्वारा एक करोड़ के दो तरह मैसेज बंपर इनाम घोषित किए गए हैं। 10 लाख रुपए के 10 मासिक इनाम और 10000 के 800 मासिक इनाम घोषित किए गए हैं। यह योजना चयनित राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में उपलब्ध है। कृष्ण लाल तनेजा ने बताया कि ग्राहकों को इस स्कीम का लाभ लेने के लिए जो बिल आप दुकानदार से लेंगे, उस बिल को आपको गूगल प्ले स्टोर या यो से मेरा बिल मेरा अधिकार मोबाइल एप डाउनलोड करें, मोबाइल नंबर के साथ एक बार उसके अंदर रजिस्टर करके टैक्स इनवॉइस जो आपको मिलेगी, उसको वहां पर अपलोड करें और सरकार द्वारा इस लकी ड्रा की स्कीम के लाभार्थी बनिए। बैठक में मुख्य रूप से आबकारी विभाग से अभिषेक बत्रा, दीपक नारंग, विपिन शर्मा, परमिंदर सिंह, रवि चांदना, हरमिंदर सिंह, प्रवीन गुप्ता, योगेश, श्याम बत्रा, कृष्ण बेदी और मोहित मल्होत्रा आदि उपस्थित रहे।

### जागरूकता ही महिलाओं को सशक्त करने का सबसे अच्छा माध्यम : शमशेर कश्यप

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** महिला सशक्तिकरण संस्था की ओर से पीडब्लूडी रेस्ट हाउस में बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष शमशेर सिंह कश्यप ने की। बैठक में महिलाओं को सशक्त बनाने पर जोर दिया गया है। बैठक में कार्यकारिणी का भी विस्तार किया गया। प्रदेश उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र भी बैठक में उपस्थित रहे। बैठक में प्रदेश प्रभारी शिव कुमार, मीडिया प्रभारी कुलदीप, प्रदेश महासचिव नीलम पंचाल, प्रदेश सचिव पूनम पांचाल, जिला अध्यक्ष करनाल नेहा पूनिया, जिला उपाध्यक्ष करनाल जसवीर कश्यप, जिला महासचिव करनाल सोनिया कश्यप, जिला सचिव करनाल सतीश कुमार, जिला युवा अध्यक्ष करनाल नीरज कुमार को जिम्मेदारी सौंपी गई। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने कहा कि जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई है वे पूरी ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा से उसका निर्वहन करेंगे। शमशेर सिंह कश्यप ने कहा कि महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए सरकार द्वारा अनेकों योजनाएं चलाई जा रही हैं। महिलाओं को उनका लाभ उठाना चाहिए। जागरूकता ही महिलाओं को सशक्त करने का सबसे अच्छा माध्यम है। महिलाएं जहां एक ओर सशक्त हो रही हैं तो वहीं दूसरी ओर उनके ऊपर अत्याचार, बलात्कार जैसे मामले भी दिनबदिन बढ़ते जा रहे हैं। सरकार द्वारा चलाए गए अनेक योजनाओं ने महिलाओं को सशक्त करने में अपनी महती भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के खिलाफ हो रहे अत्याचारों को लेकर आवाज उठाई जाएगी।

### सरकार ने पोर्टल व पीपीपी के नाम पर जनता को दुखी करने में नहीं छोड़ी कोई कसर: सुमिता

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा करनाल की जनता के साथ 10 सितंबर को जन मिलन कार्यक्रम करेंगे। इसमें हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष उदयभान व राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा भी लोगों से रूबरू होंगे। जन मिलन कार्यक्रम का आयोजन एसबीएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल रेलवे रोड में किया जाएगा। जन मिलन कार्यक्रम के लिए न्योता देने पहुंची पूर्व विधायक सुमिता सिंह ने पाश्र्वनाथ सिटी में लोगों को संबोधित किया। इस मौके पर भाजपा महिला सैल की महामंत्री अरुणा पवार ने बीजेपी छोडकर कांग्रेस में आस्था व्यक्त की व कांग्रेस ज्वाइन की। सुमिता सिंह ने अरुणा पवार का कांग्रेस में आने का स्वागत किया व भरोसा दिलाया कि कांग्रेस पार्टी में उन्हें पूरा मान-सम्मान मिलेगा। सुमिता सिंह ने कहा कि रोजगार कौशल के नाम पर युवाओं के हितों से खिलवाड़ हो रहा है। वहीं दूसरी ओर पोर्टल व परिवार पहचान पत्र के नाम पर जनता को दुखी करने में सरकार कोई कसर नहीं छोड़ रही। आगामी चुनाव में जनता भाजपा के किसी बहकावे व झूठे नारो में नहीं आएगी और वोट की चोट पर भाजपा को बाहर का रास्ता दिखाकर कांग्रेस सरकार बनाने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि देश व प्रदेश में कांग्रेस की आंधी चल रही है। जनता का रुझान दिनों दिन कांग्रेस की ओर बढ़ रहा है। जनता जान चुकी है कि उनके हित व भला सिर्फ कांग्रेस में ही महफूज है।

# 'चार हजार पदाधिकारी तीन को एक साथ भिवानी में लेंगे शपथ'

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** आम आदमी पार्टी के प्रदेशभर के चार हजार पदाधिकारी तीन सितंबर को एक साथ भिवानी में शपथ लेंगे। इन पदाधिकारियों को आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल शपथ लेंगे। यह जानकारी आम आदमी पार्टी के लोकसभा क्षेत्र के अध्यक्ष दलविंदर सिंह चीमा तथा जिला अध्यक्ष बलविंदर सिंह ने दी। वह करनाल के जाट भवन में पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने बताया कि आम आदमी पार्टी के हरियाणा में संगठन को बूथ स्तर तक ले जाया जाएगा। हरियाणा में पूरे प्रदेश में अढ़ाई लाख पदाधिकारी बनाए जाएंगे।

# मान ने दिए यूपीएससी परीक्षा के सफल संचालन के दिए टिप्स

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।** सीटीएम कम एसडीएम अमित मान ने फाइनल रिहर्सल में अधिकारियों को परीक्षा के सफल संचालन के लिए टिप्स देते हुए कहा कि जिला में आगामी 03 सितंबर 2023 को संघ लोक सेवा आयोग/ यूपीएससी द्वारा आयोजित की जाने वाली सीडीएस,एनडीए व नेवल एकेडमी परीक्षा को सुनियोजित ढंग से संपन्न करवाने के लिए पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मुस्तैदी से कार्य करें। एसडीएम अमित मान आज शुक्रवार को सेक्टर-12 लघु सचिवालय के बैठक कक्ष हाल में डीसी विक्रम सिंह के कुशल मार्गदर्शन में फाइनल रिहर्सल बैठक का आयोजन किया गया। जहां उन्होंने परीक्षा के सफल संचालन के लिए आयोजन के लिए संबंधित अधिकारियों को टिप्स देकर सरकार द्वारा जारी हिदायतों और यूपीएससी की गाइड लाइन के अनुसार दिशा निर्देश भी दिए।



**इन अधिकारियों को दिए टिप्स:** उन्होंने कहा कि आगामी 03 सितंबर 2023 को संघ लोक सेवा आयोग द्वारा फरीदाबाद में एनडीए, एनए व सीडीएस की 2023 की लिखित परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। जहां लिखित परीक्षा के आयोजन के लिए जिला फरीदाबाद में 13 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। वहीं परीक्षा की पवित्रता तथा कानून व्यवस्था स्थापित करने के लिए केंद्र वार ड्यूटी मजिस्ट्रेट, ट्रांजिट ऑफिसर एवं लोकल इंस्पेक्टिंग ऑफिसर की नियुक्तियां की गई हैं। लिखित परीक्षा के सफल आयोजन के लिए अन्य अधिकारियों द्वारा सभी ऑफिसर एवं मजिस्ट्रेट को जरूरी दिशा निर्देश दिए गए हैं। एसडीएम अमित मान ने कहा कि यह काफी संवेदनशील कार्य है जिसे सभी अधिकारियों को पूरी जिम्मेदारी के साथ करना है। वहीं अधिकारी सुनिश्चित करें कि परीक्षा के दौरान किसी प्रकार की लापरवाही की गुंजाइश ना हो। परीक्षा के लिए संघ लोक सेवा आयोग/ यूपीएससी ने जो नियम निर्धारित किए हैं, उनका दृढ़ता से पालन किया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी अधिकारी को कोई शंका हो तो उसे समय रहते दूर कर लें। उन्होंने बताया कि 03-09-2023 रविवार को संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा आयोजित की जाएगी।

**इनके लिए होगी परीक्षाएं**
इसके लिए जिला में 13 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जहां 3677 परीक्षार्थी अपनी परीक्षा देंगे।जहां सीडीएस परीक्षा प्रातः 09:00 से 11:00 बजे दोपहर 12:00 से 02:00 बजे और दोपहर बाद 03:00 से 05:00 तक होगी।

# उपायुक्त विक्रम सिंह ने पोषण माह 2023 का किया शुभारम्भ

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।** उपायुक्त विक्रम सिंह ने फरीदाबाद में पोषण माह 2023 का शुभारम्भ किया। जिसके साथ ही पोषण अभियान से जुड़े सभी विभागों की संयुक्त बैठक ली गयी तथा मुख्यालय द्वारा भेजे गए एक्टिविटी कैलेंडर के अनुसार जिले में गतिविधियों को करने बारे निर्देश दिए गए। उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि प्रति वर्ष सितम्बर माह को पोषण माह के रूप में मनाया जाता है। जिसे राष्ट्रीय पोषण माह भी कहा जाता है। पोषण माह का प्राथमिक उद्देश्य पोषण के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाना और परिवारों द्वारा आसानी से अपने बच्चों और गर्भवती या स्तनपान कराने वाली माताओं के लिए पोषण के पूरक के लिए सरकारी सेवाओं तक पहुँचने में सहायता करना है। जिला कार्यक्रम अधिकारी, डॉ. मंजू श्योरण द्वारा उपायुक्त महोदय को अवगत कराया गया कि राष्ट्रीय पोषण माह के दौरान 1 सितम्बर से 30 सितम्बर तक जिला फरीदाबाद में महिला एवं बाल विकास विभाग की तरफ से कई गतिविधियाँ करवाई जायंगी। जिसमें स्वास्थ्य विभाग की सहायता से महिलाओं एवं किशोरियों के अनीमिया कैंप, आंगनवाडी केन्द्रों में पोषण वाटिका, अति कुपोषित बच्चों की खास देखभाल करने के बारे माता पिता को सचेत करना, प्रभात फेरियां निकालना, जनम के बाद माँ एवं बच्चे के स्वास्थ्य कि देखभाल करने हेतु सन्देश, स्कूलों में बच्चों के साथ खेलो और पढ़ो गतिविधि, आयुष विभाग के साथ मिलकर योग को जीवन का अभिन्न अंग बनाने बारे जागरूक करना, पोषण मेला, स्वयं की साफ सफाई पर ध्यान देने योग्य बातें बताना, पोषण के 5 सूत्रों से सबको अवगत करवाना, माँ की रसोई इत्यादि शामिल हैं।



# आशा वर्कर की मौत दुर्भाग्यपूर्ण: डॉ. मनीष यादव

**नारनौल। आम** आदमी पार्टी हरियाणा यूथ विंग के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मनीष यादव ने शुक्रवार को कहा कि यमुनानगर में पुलिस झड़प के बाद एक आशा वर्कर पारुल की मौत हो गई। इसकी जिम्मेदार प्रदेश सरकार का अड़ियल रवैया है। उन्होंने कहा कि सरकार आशा वर्करों की सभी जायज मांगों को मानते हुए यमुनानगर की आशा वर्कर पारुल के परिवार को मुआवजा दे और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दे। उन्होंने कहा कि सरकार की मनमानी, हठधर्मिता ने आज उनको अपनी जायज मांगों को लेकर धरने प्रदर्शन करने पर मजबूर किया।

# भाजपा सरकार में मूलभूत सुविधाओं से वंचित है क्षेत्र की जनता: लखन



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।** पिछले कई दिनों से सीवर जाम की समस्या से जूझ रहे ए.सी. नगर धर्मकांटा वाली गली के लोगों को फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता लखन सिंगला के प्रयासों से राहत मिली है। श्री सिंगला ने सुपर सकर मशीन लगवाकर करीब घण्टे उपस्थित रहकर लोगों की सीवरेज जाम की समस्या का हल करवाया। स्थानीय निवासियों ने बताया कि वह पिछले कई दिनों से ओवरफ्लो सीवरेज से परेशान थे, सीवरेज जाम के चलते गंदा पानी उनके घरों के साथ-साथ यहां बने स्कूल तक भी पहुंच गया था,
जिससे उन्हें आवागमन में भारी परेशानियां पेश आ रही थी,
जिसकी शिकायत उन्होंने स्थानीय विधायक के साथ-साथ नगर निगम में भी की, लेकिन समस्या जस की तस बनी रही और आखिर में कालोनीवासियों ने इसकी शिकायत लखन कुमार सिंगला से की और श्री सिंगला ने मौके पर पहुंचकर निगम अधिकारियों से बातचीत करके मौके पर सुपर सकर मशीन बुलवाकर लोगों की समस्या का समाधान करवाया। समाधान होने पर कालोनीवासियों ने लखन सिंगला का आभार जताया। इस मौके पर लखन सिंगला ने लोगों को विश्वास दिलाया कि वह आगे भी लोगों की समस्याओं की लड़ाई शासन प्रशासन के समक्ष लड़ेंगे क्योंकि इस गूंगी बहरी सरकार ने नौ सालों में जनता की समस्याओं की ओर कोई ध्यान नही दिया बल्कि लोगों को महंगाई और भ्रष्टाचार की सौगात दी है। जनता मूलभूत सुविधाओं से वंचित है, लेकिन सरकार व प्रशासन इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा। श्री सिंगला ने लोगों से कहा कि आने वाले समय में फिर से हरियाणा में पूर्व मुख्यमंत्री चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनेगी और उसके बाद उनकी सभी समस्याओं का जड़मूल से समाधान करवाया जाएगा। इस अवसर पर गुलाब सिंह गुड्डू, महेश बैंसला, नीरज मावी,पोसवाल, रामप्रवेश, दुर्गा व पप्पू व अन्य कालोनीवासी मौजूद थे।

# एम.एस.सी. फिजिक्स के छात्रों के लिए ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।** दिनांक 01.09.2023 को राजकीय महाविद्यालय फरीदाबाद में एम.एस.सी. फिजिक्स के छात्रों के लिए ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया` इस प्रोग्राम का आयोजन डॉ पारुल जैन के मार्गदर्शन में हुआ । विशिष्ट अतिथि के रूप में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ रुचिरा खुल्लर मौजूद रही, जिन्होंने बच्चों का हौसला बढ़ाया और उनका महाविद्यालय में स्वागत किया । रुचिरा खुल्लर ने इतने भव्य आयोजन के लिए भौतिकी विभाग को बधाई दी और सभी प्राध्यापकों की तारीफ की । प्रोग्राम के दौरान भौतिक विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ पारुल जैन ने बच्चों को सभी प्राध्यापकों से रूबरू कराया । उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि उनकी पूरी टीम अनुभवी व प्रतिभाशाली है जो अपना काम पूरी ईमानदारी से करते हैं । इसी के साथ-साथ उन्होंने छात्रों को इस बारे में भी बताया कि आने वाले समय में उन्हें किस तरीके के मौके प्रदान किए जाएंगे जिससे वह न केवल पढ़ाई में अच्छा कर सकेंगे बल्कि लैब के कार्यों में, ट्यूटोरियल में व अलग-अलग तरह के कार्यों में निपुण बन सकेंगे । उसके बाद भौतिक विभाग की प्राध्यापिका श्रीमती उमा शेखावत ने एक मोटिवेशनल कहानी सुनाते हुए बच्चों को एक दूसरे को साथ लेकर आगे बढ़ाने की सीख दी व यह भी समझाया कि टीम वर्क की क्या महत्ता है। अंत में भौतिकी विभाग की प्राध्यापिका श्रीमती जन्नत खत्री ने भी मोटिवेशनल शब्दों के साथ बच्चों का स्वागत किया और उनको एक उज्जवल भविष्य के लिए प्रेरित किया। उन्होने बताया कि एम.एस.सी. फिजिक्स के बाद उन्हें करियर में क्या-क्या ऑप्शंस मिल सकते हैं, व किस तरह वे अपना एक कामयाब कैरियर बना सकते हैं । उन्होंने यह भी बताया कि भौतिकी विभाग के सभी शिक्षक हर तरह की गाईडेंस प्रदान करने में न केवल सक्षम हैं बल्कि आतुर भी हैं । इसी के साथ-साथ उन्होंने बच्चों की तरफ से भौतिक जैन व महाविद्यालय की प्राचार्या डॉक्टर रुचिरा खुल्लर जी का धन्यवाद किया जो उन्होंने इतने उत्साह से इन बच्चों का स्वागत करने के लिए समय निकाला।



# स्लम बस्ती क्षेत्र के बच्चों के पुनर्वास लिए दसवां कैंप का समापन: एडीसी

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।।** एडीसी आनंद शर्मा ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा आज शुक्रवार को प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक दसवां कैम्प बेसहारा एवं झुग्गी झोपड़ियों व स्लम क्षेत्र में रहने वाले बच्चों के पुनर्वास के लिए कैम्पों का आयोजन किया गया। गौरतलब है कि डीसी विक्रम सिंह के आदेशानुसार और एडीसी आनन्द शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में कैंप के दसवें दिन "नव सृष्टि" संस्था के सीएसआर कार्यक्रम जिला बाल कल्याण अधिकारी एस एल खत्री और जिला बाल संरक्षण अधिकारी गरिमा के साथ कोर्डिनेशन करके बड्खल के राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल में लगाया गया।



**कैंप का मुख्य उद्देश्य**
एडीसी आनन्द शर्मा ने कहा कि इन कैम्पों का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक गरीब बच्चों को जिनकी उम्र 0 से 18 वर्ष के बीच है उनको लाभ दिलाना और सरकार की मुख्यधारा में शामिल करना है। कैंप में स्ट्रीट बच्चों के लिए जन्म प्रमाण पत्र हेल्थ चेकअप, आधार कार्ड, दिव्यांग सर्टिफिकेट, ड्रॉपआउट बच्चों के दाखिले, फैमिली आई डी मोके पर बनाने के प्रयास किये गए हैं ।

**यहाँ लगाए जाएंगे आगामी कैम्प**
एडीसी ने आगे जानकारी देते हुए बताया कि इन कैम्पों का आयोजन 04 सितम्बर को बल्लभगढ़ के आदर्श नगर राजकीय प्राथमिक स्कूल में तथा 05 सितंबर को राजकीय प्राइमरी स्कूल आटोपिन झुग्गी फरीदाबाद में और 07 सितम्बर को संजय कालोनी राजकीय प्राथमिक विद्यालय में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने आगे बताया कि इन कैम्पों में गरीब परिवारों और दिव्यांगजन बच्चों के लिए पुनर्वास की व्यवस्था प्रशासन द्वारा की जाएगी। जिला फरीदाबाद में लगभग 1637 ऐसे बच्चों को चिन्हित कर लिया गया है। ऐसे बच्चों के क्षेत्र में विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। उक्त आयोजित कैम्पों में इन बच्चों के जरूरी कागजात कैसे जन्म प्रमाण पत्र, परिवार पहचान पत्र, दिव्यांगजन सर्टिफिकेट, आधार कार्ड मौके पर ही बनाए जा रहे हैं । कैम्पों में विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगाए जा रहे हैं जहाँ इन बच्चों का निःशुल्क जांच व उपचार किया जा रहा है। कैंप डीएसडब्ल्यूओ और डीसीपीओ के द्वारा आयोजित करवाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि यह बच्चे शिक्षा से वंचित न हो इसलिए इन बच्चों को चिन्हित कर नजदीकी सरकारी स्कूलों में इनका दाखिला भी कराया जाएगा।

# मुख्यमंत्री मनोहर लाल शनिवार 2 सितंबर को फरीदाबाद जिला का दौरा करेंगे

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।** डीसी विक्रम सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि 2 सितंबर यानी शनिवार को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल जिला फरीदाबाद के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री मनोहर लाल सेक्टर-12 स्थित कन्वेंशन हॉल में आयोजित जिला परिवेदना एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक की अध्यक्षता करेंगे। इसके पश्चात वे वहीं पर विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास भी करेंगे। इसको लेकर जिला प्रशासन द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने आगे जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री सेक्टर-8 स्थित भारत विकास परिषद द्वारा संचालित हॉस्पिटल का उद्घाटन भी करेंगे। डीसी विक्रम सिंह ने बताया की मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल एफआईए के अध्यक्ष नरेंद्र अग्रवाल के निधन व उद्योगपति केसी लखानी के पुत्र के निधन पर शोक व्यक्त करने उनके निवास स्थानों पर भी जाएंगे। मुख्यमंत्री सेक्टर-12 स्थित लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में अधिकारियों के साथ मीटिंग व विकास योजनाओं की समीक्षा करेंगे।



ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group



**फास्ट न्यूज**

## भाजपा के पूर्व सांसद का पुलिस को धमकी देने वाला वीडियो वायरल

**सोनभद्र:** राबर्ट्सगंज लोकसभा के भाजपा के पूर्व सांसद छोटेलाल खरवार का मांची थाना क्षेत्र के केवटम गांव में पीड़ित आदिवासियों को संबोधित करते समय पुलिस को धमकी देने व थाना फूंकने की चेतावनी देने का वीडियो वायरल होने के बाद हड़कंप मच गया। कांग्रेस द्वारा वीडियो ट्वीट करने के बाद आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है। मांची थाना क्षेत्र के केवटम गांव में 28अगस्त को आदिवासियों और वन कर्मियों के बीच जमकर मारपीट हुई थी। इस मामले में पुलिस ने 17नामजद व 40अज्ञात पर मुकदमा दर्ज कर पांच आदिवासियों को गिरफ्तार कर लिया था। इसी मामले में गुरुवार को पूर्व सांसद छोटेलाल खरवार व समाज कल्याण राज्यमंत्री संजीव गौड़ गुरुवार को केवटम गांव पहुंचे थे। गांव पर पीड़ित आदिवासियों को संबोधित करते समय पूर्व सांसद की जुबान फिसल गई। पीड़ित आदिवासियों को सांत्वना देते समय पुलिस कर्मियों के खिलाफ अपशब्दों का इस्तेमाल करने के साथ ही थाना फूंके जाने की भी चेतावनी दे डाली। पूर्व सांसद ने कहा की इसी तरह आदिवासियों का उत्पीड़न होता रहा तो मणिपुर जैसे हालात हो सकते हैं। पूर्व सांसद के बयान का वीडियो कांग्रेसियों ने ट्वीट कर दिया। कांग्रेस ने वीडियो ट्वीट करते हुए कहा कि यह साहब भाजपा के राबर्टसगंज के पूर्व सांसद हैं। आदिवासियों के प्रति अपनी चिंता व्यक्त करने के बहाने बगल में बैठे प्रशासन के अधिकारियों को मां-बहन की गालियां दे रहे हैं। इतना ही नहीं, सांसद भी यह स्वीकार भी कर रहे हैं कि मणिपुर की सरकार पूरी तरह फेल हो गयी है। यानी, भाजपाई भी मान रहे हैं कि मणिपुर में भाजपा की सरकार फेल हो गई है। बस इनके आलाकमान के नेता यह मानने को तैयार नहीं। इस संबंध में जब पूर्व सांसद छोटे लाल खरवार से बात की गई तो उन्होंने कहा कि वीडियो क्लिप को तोड़-मरोड़ कर ट्वीट किया गया है। कांग्रेस हमेशा से आदिवासी विरोधी रही है।

## झारखंड कैबिनेट की बैठक छह सितंबर को

**रांची।** राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक छह सितंबर को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता होगी। बैठक प्रोजेक्ट भवन में शाम चार बजे से होगी। डुमरी विधानसभा उपचुनाव के बाद आयोजित होनेवाली इस बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों की स्वीकृति मिल सकती है।

## चाकूबाजी में युवक की मौत के बाद बेगूं में माहौल तनावपूर्ण

**चित्तौड़गढ़।** जिले बेगूं उपखंड क्षेत्र में आने वाले रायता गांव में शुक्रवार माहौल तनावपूर्ण हो गया। ससुराल अपनी पत्नी को लेने गए युवक ने ससुराल में चाकूबाजी कर दी। इससे नाबालिक की मौत के बाद समुदाय विशेष के लोग एकत्रित हो गए और शव को लेकर बेगूं बस स्टैंड चौराहे पर विरोध करने लगे। इस दौरान कुछ युवकों ने बाजार बंद करने की कोशिश की। इस पर हिन्दू समाज ने इसका विरोध करते हुए बाजार बंद करने से मना कर दिया। इस बात पर दोनों पक्षों में तनातनी हो गयी। मौके पर पुलिस और प्रशासन के अधिकारी तैनात कर दिया।

# 'वन डिस्ट्रिक्ट, वन कोऑपरेटिव बैंक को मिले बल'

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बी पैक्स सदस्यता महाभियान एवं टोल फ्री नंबर का किया शुभारंभ

**आदेश**

**आज उत्तर प्रदेश एक अच्छे निवेश गंतव्य के रूप में आगे बढ़ रहा है। वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट देश में छा गया**



**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**प्रदेश के** विकास और अन्नदाता किसानों की जरूरतों को देखते हुए सभी को बैंकिंग सुविधाएं मिलनी चाहिए। हमने सहकारिता विभाग से कहा है कि जिन स्थानों पर बैंक शाखा की आवश्यकता हो, वहां मैपिंग की जाए। उत्तर प्रदेश में एमएसएमई का सबसे बड़ा बेस है, इसके लिए सहकारी बैंकों की बहुत बड़ी भूमिका हो सकती है। हमें प्रयास करना चाहिए कि वहां पर सहकारिता बैंक की एक शाखा खोलने के साथ ही बीसी सखी के कार्यक्रम को जोड़ने का कार्य करें। पहले चरण में बैंक खोलें, दूसरे चरण में इन बैंकों को प्रॉफिटेबल बनाएं और फिर तीसरे चरण में हम वन डिस्ट्रिक्ट, वन कोऑपरेटिव बैंक की परिकल्पना की दिशा में आगे बढ़ें। राज्य सरकार इसमें पूरा सहयोग करेगी। यह बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को अपने सरकारी आवास में बी पैक्स सदस्यता महाभियान एवं टोल फ्री नंबर शुभारंभ के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कहीं। उन्होंने कहा कि आज उत्तर प्रदेश एक अच्छे निवेश गंतव्य के रूप में आगे बढ़ रहा है। हमारा वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट कार्यक्रम देश भर में छा गया है। आज आत्मनिर्भरता के लक्ष्य के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी कहते हैं कि हमें लोकल फॉर ग्लोबल के बारे में विचार करना होगा। इसमें एमएसएमई विभाग अपने लोकल प्रोडक्ट के लिए उनकी पैकेजिंग, डिजाइनिंग, मार्केटिंग के लिए एक बड़े अभियान को आगे बढ़ा रहा है।

एक नई होड़ लगी है कि हम भी लोकल प्रोडक्ट को बढ़ाने में योगदान दें। सहकारी बैंक भी इस प्रक्रिया के साथ जुड़ते हैं तो यह उनके प्रति आमजन के विश्वास को बहाल करने में मदद करेगा।

**सहकारिता को समृद्धि से जोड़ने के कार्यक्रम को आगे बढ़ा रही डबल इंजन सरकार:** सीएम योगी ने कहा कि सहकारिता भारतीय परंपरा का प्राचीन काल से अभिन्न हिस्सा रहा है, लेकिन एक समय सहकारिता के इस कार्य में सेंध लगी और गलत लोग इसमें शामिल हो गए और देश की सबसे बड़ी आबादी के प्रदेश ने इसकी बड़ी कीमत चुकाई।

### 'सहकारिता आंदोलन को नई गति देगा अभियान'

**सीएम** योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश जैसे राज्य में खेती ही उसकी सबसे बड़ी समृद्धि रही है। हमारे पास दुनिया की सबसे उर्वरा भूमि है तो सबसे अच्छा जल संसाधन भी मौजूद है। 2.61 लाख से अधिक किसान ऐसे हैं जो पीएम किसान सम्मान निधि से जुड़े हुए हैं। यानी 3 करोड़ किसान हमारे पास हैं जो इस अभियान से जुड़कर इसको समृद्धि के पथ पर अग्रसर करके उत्तर प्रदेश की कृषि को उत्तर प्रदेश की समृद्धि से जोड़ने में सहायक हो सकते हैं। भारत की आजादी के समय कुल जीडीपी का 40 फीसदी से अधिक भाग कृषि का था। धीरे-धीरे यह कम होता गया और अब यह 16-17 फीसदी पर आ गया है, लेकिन उत्तर प्रदेश में यह अब भी 25 से 26 फीसदी है। हम इसमें और भी अच्छा योगदान दे सकते हैं। किसानों को समय पर बीज मिले, समय पर खाद मिले, सभी इकाइयां प्रभावी ढंग से काम करना प्रारंभ कर दें तो कोई कारण नहीं कि अन्नदाता किसान इसी धरती से सोना उगाने का काम न कर दे।

### पैक्स की बढ़ाएं क्रेडिट लिमिट: सीएम योगी

**सीएम योगी** ने पैक्स की क्रेडिट लिमिट बढ़ाने के साथ ही फसली ऋण के विषय में लक्ष्य निर्धारित करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि अभी जो हमारे पास 7500 पैक्स हैं, इनमें फर्टिलाइजर की खरीद के लिए जो लिक्विडिटी चाहिए उससे काफी कम है। प्रदेश की आवश्यकता के अनुरूप पैक्स 10 लाख की क्रेडिट लिमिट आवश्यक है। इस संबंध में तत्काल कार्यवाही को आगे बढ़ाकर 7500 पैक्स की क्रेडिट लिमिट को आगे बढ़ाना चाहिए जिससे किसान को सहूलियत हो। राज्य सरकार इस संबंध में पूरा सहयोग करेगी। उन्होंने आगे कहा कि आने वाले समय में कृषि विभाग के साथ मिलकर फसली ऋण के बारे में विचार करना चाहिए।

## केंद्रीय मंत्री के घर में बेटे के दोस्त की हत्या

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**मोदी** सरकार में केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर के लखनऊ स्थित घर में एक युवक की हत्या हुई है। युवक का खून से लथपथ शव कमरे में बेड के पास मिला है। उसके सिर पर गोली मारी गई है। वारदात को मंत्री के बेटे विकास उर्फ आशू की लाइसेंसी पिस्टल से अंजाम दिया गया। शव के पास से ही पुलिस ने पिस्टल बरामद की है। मृतक की शिनाख्त विनय श्रीवास्तव (30) के तौर पर हुई है। वह मंत्री के बेटे विकास उर्फ आशू का दोस्त था। पूरी वारदात मंत्री के दुबग्गा स्थित घर पर गुरुवार रात 2 से 2.50 बजे के बीच की है। जहां वारदात हुई उस घर में मंत्री का बेटा विकास रहता था। घटना के बाद मंत्री ने सफाई दी है कि वारदात के वक्त उनका बेटा विनय के साथ नहीं था। मृतक के परिजनों ने बेटे की हत्या को लेकर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने पहले पोस्टमार्टम हाउस फिर दुबग्गा के पास शव को सड़क पर रखकर जाम लगाने का प्रयास किया। वे अभी भी सड़क पर बैठे हैं। आरोपियों को फांसी की सजा देने की मांग कर रहे हैं। हत्या की सूचना पर मौके पर पहुंचे डीसीपी राहुल राज ने बताया कि रात में मंत्री के बेटे के घर पर 6 लोग आए थे। देर रात तक खाना-पीना चला। उसके बाद घटना हुई। शव को कब्जे में लिया गया है।



**जांच जारी**

**मंत्री के बेटे की पिस्टल से सिर में मारी गोली, बेड के पास मिला शव; मंत्री बोले- बेटा दिल्ली में है**

युवक के सिर पर चोट के निशान हैं। एक पिस्टल भी मिली है। पिस्टल मंत्री के बेटे विकास की बताई जा रही है। हत्या किसने की और क्यों की? क्या हुआ था? इसका पता लगाया जा रहा है।

**भाई का आरोप-साजिश के तहत हुई हत्या:** मृतक के भाई ने बताया कि ज्यादातर वक्त विनय मंत्री के बेटे विकास के साथ रहता था। कहा, "मेरे भाई को साजिश के तहत मारा गया है। हत्या की गई है। मंत्री का बेटा हमेशा कहीं जाते तो पिस्टल लेकर जाते थे। कल क्यों नहीं ले गए। दिल्ली जाते थे तो भाई को साथ लेकर जाते थे, कल क्यों नहीं लेकर गए?"



आईएनएस महेंद्रगिरी के लॉन्च पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़संबोधित करते हुए।

## तरनतारन में ड्रोन से फेंकी हेरोइन जब्त

**टीम एक्शन इंडिया/अमृतसर**
**बीएसएफ व** पंजाब पुलिस ने जॉइंट सर्च के दौरान पाक तस्करों की एक और कोशिश को नाकाम कर दिया है। वहीं तीन दिनों में यह तीसरी सफलता है, जब जॉइंट ऑपरेशन के दौरान हेरोइन की खेप जब्त की गई है। यह सफलता तरनतारन के सरहदी गांव मेहदीपुर में मिली है। खास बात है कि इस खेप को भी तस्करों ने ड्रोन की मदद से ही फेंका है। बीएसएफ के अनुसार तरनतारन के सरहदी गांव में रात के समय ड्रोन के आने की सूचना मिली थी। जिसके बाद पंजाब पुलिस के साथ मिलकर सरहदी इलाके में सर्च अभियान चलाया गया। इस दौरान गांव मेहदीपुर के खेतों में एक थैली मिली। जिसे जब्त कर लिया गया। जब थैली को खोला गया तो इसमें तीन पैकेट हेरोइन के बरामद किए गए हैं। जिसे जांच के लिए फोरेंसिक लैब में भेजा जा रहा है।



## मिजोरम में भारी मात्रा में हेरोइन जब्त

**आइजल।** मिजोरम में भारी मात्रा में हेरोइन जब्त किया गया है। मिजोरम के लुंगले जिले में नाहथियाल पुलिस और मादक पदार्थ निरोधक दस्ते के संयुक्त अभियान में नाहथियाल इलाके से हेरोइन से भरे 56 साबुनदानी जब्त किए गए। साबुनदानी से कुल 655.48 ग्राम हेरोइन जब्त की गई। जब्त हेरोइन की कीमत करोड़ों रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने प्रतिबंधित हेरोइन की तस्करी के आरोप में लालरेम पूईई (29) नामक एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्ति का घर नाहथियाल में मॉडल भेंग में है।

## मजीठिया ने सीएम मान-मंत्री भुल्लर को घेरा

**टीम एक्शन इंडिया/अमृतसर**
**पंजाब में** पंचायतें भंग करने के मुद्दे पर विपक्षी पार्टियों ने सीएम भगवंत मान और मंत्री लालजीत भुल्लर को घेरा है। अकाली दल के नेता बिक्रम मजीठिया ने कहा कि सीएम मान और मंत्री भुल्लर ने आईएएस अधिकारियों को निलंबित करके उन्हें बली का बकरा बनाया है। उन्होंने कहा कि कार्यकाल खत्म होने से छह महीने पहले पंचायतों को भंग करने के फैसले पर हस्ताक्षर करने और लागू करने के लिए सीएम भगवंत मान और पंचायती राज मंत्री लालजीत भुल्लर जिम्मेदार हैं। पंचायती राज के डायरेक्टर और फाइनेंशियल कमिश्नर को दो दिनों के भीतर फाइलों पर हस्ताक्षर करने के लिए मजबूर किया गया। जिसके बाद पंचायती राज्य मंत्री भुल्लर और सीएम मान दोनों ने एक ही दिन फाइल पर हस्ताक्षर किए।



**आप सरकार ने फैसला रद्द किया:** बिक्रम मजीठिया ने कहा कि असली दोषी पंचायती राज मंत्री और मुख्यमंत्री हैं। पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय द्वारा यह स्पष्ट कर दिए जाने के बाद कि वह इस फैसले को रद्द करने जा रहे हैं तो मंत्री और सीएम खुद ही पीछे हट गए। बिक्रम मजीठिया ने आरोप लगाया है कि लालजीत भुल्लर और भगवंत मान पंचायत फंड्स को हड़पने के उद्देश्य से इस तानाशाही निर्णय के माध्यम से लोकतंत्र की हत्या के लिए जिम्मेदार हैं।

**एमएसएमई** ओडीओपी और विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना की रही महत्वपूर्ण भूमिका

## हुनर को मिला सम्मान तो बढ़ गए कद्रदान...

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**हुनर को** मिला सम्मान तो बढ़ गए कद्रदान। यह पंक्ति उत्तर प्रदेश की योगी सरकार पर हुबहू चरितार्थ होती है। आंकड़े भी इसकी तस्दीक करते हैं। हुनर का कद्र बढ़ाने में दो प्रमुख योजनाओं की सर्वाधिक महत्वपूर्ण भूमिका रही। पहली वर्ष 2018 में पहले उत्तर प्रदेश दिवस पर "नई उड़ान, नई पहचान" हैशटैग से जारी ओडीओपी (एक जिला एक उत्पाद) योजना। इसके दायरे में आने वाले तमाम उत्पादों से जुड़े शिल्पकारों का हुनर निखारने के लिए दूसरी योजना थी, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना। बाद में योगी सरकार की इन सफलतम योजनाओं को केंद्र सरकार ने न केवल सराहा बल्कि इनको लागू भी किया। इसके अलावा इसमें बड़ी भूमिका स्थान विशेष से जुड़े खास उत्पादों के जीआई (जियोग्राफिकल इंडिकेशन) की भी रही। उत्तर प्रदेश के जिन तमाम उत्पादों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यकाल में जीआई मिला, उनमें से लगभग सभी किसी न जिले की ओडीओपी भी थीं। जिन उत्पादों को सरकार ने ओडीओपी घोषित किया और जिनको इस दौरान जीआई मिली उनमें से अधिकतर हैंडीक्राफ्ट से संबंधित थे। एमएसएमई सेक्टर में इनका ही सर्वाधिक हिस्सा भी है।



**इन योजनाओं से एमएसएमई सेक्टर को मिली संजीवनी:** इन सबने मिलकर प्रदेश सरकार के एमएसएमई सेक्टर को संजीवनी दे दी। आंकड़े भी इसकी तस्दीक करते हैं। इससे उत्तर प्रदेश की पहचान मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में बनी।

